


किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 335 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 13 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## ब्रिक्स में फिर दिखी मोदी-पुतिन-शी जिनपिंग की बॉन्डिंग, भारत मंडपम की तस्वीरों ने खींचा ध्यान

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारत मंडपम में शनिवार को आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गर्मजोशी और सहज सौहार्द के पल देखने को मिले। तीनों नेताओं की मुस्कुराते हुए एक-दूसरे का हाथ थामे तस्वीरें सामने आने के बाद सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक हलकों तक इन तस्वीरों की चर्चा होने लगी।

### पीएम मोदी ने एक्स पर साझा कीं सम्मेलन की झलकियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर साझा किए। उन्होंने लिखा, "ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 दिल्ली में शुरू हो गया है।" प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए दृश्यों में भारत मंडपम में पहुंचे विभिन्न देशों के नेताओं का स्वागत करते हुए उनके कई दृश्य दिखाई दिए। इनमें पुतिन और शी जिनपिंग के साथ पीएम मोदी की मुलाकात भी प्रमुख रही।

### एससीओ सम्मेलन की यादें हुई ताजा

ब्रिक्स की इन तस्वीरों ने पिछले महीने चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान सामने आए ऐसे ही दृश्यों की याद ताजा कर दी।

31 अगस्त को एससीओ के आधिकारिक



### भारत मंडपम में पीएम मोदी ने किया नेताओं का स्वागत

"18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे विभिन्न देशों के नेताओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में गर्मजोशी से स्वागत किया।

"पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान समेत अन्य नेताओं का स्वागत किया।

फैमिली फोटो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक-दूसरे के साथ मुस्कुराते और हाथ मिलाते नजर आए थे। उस दौरान भी तीनों नेताओं के बीच दिखाई दिया सहज संवाद काफी चर्चा में रहा था।

### पुतिन से गले मिले थे पीएम मोदी

एससीओ प्लस शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात भी काफी चर्चा में रही थी। दोनों नेताओं के गले मिलने के अलावा पीएम मोदी को पुतिन और शी जिनपिंग के साथ साथ चलते तथा बातचीत करते हुए भी देखा गया था।

मुख्य बात यह रही कि अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तीनों नेताओं के बीच लगातार दिखाई दे रही सहजता और व्यक्तिगत संवाद ने वैश्विक राजनीति के बीच इन तस्वीरों को खास बना दिया है।

### *तीनों नेताओं की तस्वीरों ने खींचा ध्यान*

*ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान सामने आए दृश्यों में प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक-दूसरे के साथ बेहद सहज नजर आए। तीनों नेताओं के बीच बातचीत, मुस्कुराहट और हाथ मिलाने के दृश्यों ने एक बार फिर भारत, रूस और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच व्यक्तिगत संवाद को सुर्खियों में ला दिया।*

### 12 और 13 सितंबर को हो रहा ब्रिक्स सम्मेलन

भारत 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य देशों के साथ साझेदार देशों के नेता और आउटरीच कार्यक्रम के लिए आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

### 'मानवता प्रथम' की भावना पर भारत की अध्यक्षता

विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम 'बिल्डिंग फॉर रिजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' यानी 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है। भारत की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मानवता प्रथम' की भावना पर आधारित जन-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाती है।

(इनपुट : आईएएनएस)

## 'न्याय दो या मार दो' के नारों से गूंजा पन्ना, किसानों ने शुरू किया चिता और फांसी आंदोलन

पन्ना। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में मझगांय डैम परियोजना के



प्रभावित किसानों का विरोध फिर तेज हो गया है। शनिवार को समाजसेवी अमित भटनागर के नेतृत्व में कुंवरपुर गांव में किसानों, महिलाओं और युवाओं ने 'चिता और फांसी आंदोलन' शुरू किया।

प्रदर्शनकारियों ने फांसी के फंदे लगाकर 'न्याय दो या मार दो' के नारे लगाए, जबकि महिलाओं ने चिता पर लेटकर विरोध जताया।

### मुआवजे और विस्थापन पैकेज को लेकर नाराजगी

किसानों का आरोप है कि डैम परियोजना के कारण गांव में पानी भर रहा है और जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

उनका कहना है कि प्रशासन ने जेसीबी से मकान तोड़े, लेकिन उचित मुआवजा और विस्थापन पैकेज अब तक नहीं मिला। ग्रामीणों ने मुआवजा वितरण में अपात्र लोगों को लाभ दिए जाने का भी आरोप लगाया है।

## ईरान के राष्ट्रपति की बेटी जहरा पहुंचीं ब्रिक्स बाजार, भारतीय शिल्प में दिखाई रुचि

*पति हसन मजीदी के साथ किया ब्रिक्स बाजार का दौरा*



**समाज जागरण**

नई दिल्ली। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन की बेटी जहरा पेजेश्कियन और उनके पति हसन मजीदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित ब्रिक्स बाजार का दौरा किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी उनके साथ मौजूद रहीं।

### भारतीय पवेलियन का किया अवलोकन

जहरा ने ब्रिक्स सदस्य और सहयोगी देशों के विभिन्न पवेलियन का भ्रमण किया। उन्होंने भारतीय पवेलियन में प्रद शित कला, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत में विशेष रुचि दिखाई तथा कारीगरों और शिल्पकारों से बातचीत की।

*मुख्य बातः ब्रिक्स बाजार में सदस्य और सहयोगी देशों की पारंपरिक कला, हथकरघा, टेक्सटाइल और हस्तशिल्प को एक मंच पर प्रदर्शित किया गया है।*

### ईरानी कला भी आकर्षण का केंद्र

बाजार में ईरान के दो स्टॉल लगाए गए हैं, जहां बलोची कढ़ाई, रश्ती कढ़ाई और पारंपरिक ईरानी सुई के काम को प्रदर्शित किया गया है। इन स्टॉलों के जरिए ईरान की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिल रही है। (इनपुट : आईएएनएस)

## लखनऊ की पूर्वा धवन ने 5,826 मीटर ऊंची रुद्रगैरा चोटी पर फहराया तिरंगा

लखनऊ, 12 सितंबर। लखनऊ की पर्वतारोही पूर्वा धवन ने 10 सितंबर को 5,826 मीटर ऊंची माउंट रुद्रगैरा चोटी पर भारतीय तिरंगा फहराकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। बर्फीले और चट्टानी रास्तों, कम ऑक्सीजन तथा कठिन परिस्थितियों के बीच पूर्वा दोपहर 12:30 बजे शिखर पर पहुंचीं।

### मुख्यमंत्री योगी से मिली थी प्रेरणा

पूर्वा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश लेकर पर्वतारोहण अभियान शुरू किया था। अब उनका अगला लक्ष्य दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करना है शेष पेज3 पर

## आकाश-ईशान के बाद अब दीपिका आनंद का नाम, 2027 से पहले मायावती का नया सियासी दांव?

### बसपा सुप्रीमो के फैसले से बढ़ी चचाएं, परिवार की अगली पीढ़ी को लेकर बदला रुख

**समाज जागरण**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी के भीतर प रिवार और उत्तराधिकार को लेकर एक बार फिर चचाएं तेज हो गई हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती के हालिया रुख के बाद अब उनके भाई आनंद कुमार की बेटी दीपिका आनंद का नाम राजनीतिक चर्चा में आया है।

### आकाश और ईशान से दूरी के बाद दीपिका पर नजर

मायावती पहले अपने बड़े भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्त-राधिकारी घोषित कर चुकी थीं, लेकिन बाद में उन्हें पार्टी की जिम्मेदारियों से दूर कर दिया गया।



### अचानक चर्चा में क्यों आई दीपिका?

"दीपिका आनंद आनंद कुमार की इकलौती बेटी और आकाश आनंद व ईशान आनंद की बहन हैं। अब तक वह पार्टी के पोस्टर, रैलियों या सार्वजनिक राजनीतिक गतिविधियों में नजर नहीं आई थीं। ऐसे में चुनाव से पहले उनका नाम सामने आना बसपा की भविष्य की रणनीति को लेकर नए सवाल खड़े कर रहा है।"

इसके बाद मायावती ने स्पष्ट किया कि आनंद कुमार के बेटों को पार्टी में कोई भूमिका नहीं दी जाएगी। इसी बीच उनकी बेटी दीपिका आनंद का नाम सामने आया है।

**मुख्य बात**

*"दीपिका आनंद अब तक सक्रिय राजनीति से पूरी तरह दूर रही हैं। वह करीब 22-23 वर्ष की हैं और कानून की पढ़ाई कर रही हैं।"*

**सियासी सवालः**

क्या दीपिका आनंद को भविष्य में बसपा की राजनीति में कोई बड़ी भूमिका दी जाएगी या उनका नाम केवल परिवार के भीतर मायावती के भरोसे के संकेत के तौर पर सामने आया है? इसका जवाब आने वाले समय में ही स्पष्ट होगा।

## कार में हेलमेट न लगाने पर कटा 500 रुपये का चालान, AI कैमरे का अजब कारनामा

### चार पहिया वाहन को दोपहिया समझ बैठा सिस्टम, परेशान चालक ने हेलमेट पहनकर चलाई कार

**समाज जागरण**

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी में एआई ट्रैफिक कैमरे की तकनीकी गड़बड़ी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कैमरे ने कार चला रहे सुभाष बोजाने को बिना हेलमेट वाहन चलाने का दोषी मानते हुए 500 रुपये का चालान भेज दिया।

**कार को समझ लिया दोपहिया**

बताया गया कि एआई कैमरे ने चार पहिया वाहन को गलती से दोपहिया वाहन समझ लिया और हेलमेट नहीं पहनने के आरोप में चालान काट दिया। मोबाइल पर जुमार्ने का संदेश मिलने के बाद चालक हैरान रह गया।

अजब विरोधः चालान से परेशान सुभाष ने अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए हेलमेट पहनकर कार चलाते हुए वीडियो बना दिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।




## BRICS के 45 पन्नों में दुनिया को नया संदेश, आतंकवाद से डॉलर को चुनौती तक बदला एजेंडा

### 2021 में कोरोना और आर्थिक सुधार पर जोर, 2026 में युद्ध, आतंकवाद, ऊर्जा सुरक्षा और एआई बने प्रमुख मुद्दे

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 45 पन्नों और 140 बिंदुओं वाला संयुक्त घोषणापत्र सर्वसम्मति से जारी किया गया। यह दस्तावेज पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स के बदलते एजेंडे और वैश्विक भूमिका को दर्शाता है।

### कोरोना से वैश्विक शक्ति संतुलन तक

2021 में ब्रिक्स देशों का प्रमुख फोकस कोरोना महामारी, स्वास्थ्य और आर्थिक-सामाजिक सुधार पर था। वहीं 2026 तक एजेंडा युद्ध, आतंकवाद, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, स्थानीय मुद्राओं में भुगतान, सप्लाई चेन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों तक पहुंच गया है।




### आतंकवाद पर भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता

नई दिल्ली घोषणापत्र में 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई है। इस हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी।

### डॉलर और स्थानीय मुद्राओं पर बढ़ता जोर

घोषणापत्र में वित्तीय सहयोग और स्थानीय मुद्राओं में लेनदेन को बढ़ावा देने की दिशा में भी चर्चा की गई है। इससे ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था में विकल्प तलाशने की कोशिश का संकेत मिलता है।

**मुख्य बातः**

"ब्रिक्स अब केवल वैश्विक मुद्दों पर बयान जारी करने वाला मंच नहीं रहना चाहता, बल्कि आर्थिक और वित्तीय सहयोग के लिए ठोस व्यवस्थाओं की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।"

### 2026 का घोषणापत्र क्यों अहम?

2025 के रियो घोषणापत्र की तुलना में नई दिल्ली घोषणापत्र की भाषा अधिक संतुलित और व्यावहारिक नजर आती है। इसमें आतंकवाद से लेकर ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और वित्तीय सहयोग तक ऐसे मुद्दे शामिल हैं, जो आने वाले वर्षों में ब्रिक्स की दिशा तय कर सकते हैं।

## *सीवर लाइन में मिलीं बालू भरी बोरियां, नगर निगम ने साजिश की जताई आशंका*

**शिवाला समेत आधा दर्जन वार्डों में सीवर लाइन के भीतर बालू, पत्थर और लकड़ी का बुरादा मिलने से हड़कंप**

**समाज जागरण**

वाराणसी। शहर में सीवर लाइन जाम करने की कथित साजिश का मामला सामने आया है। शिवाला, सरायनंदन, नगवा समेत आधा दर्जन वार्डों की सीवर लाइनों की सफाई के दौरान बालू से भरी बोरियां, पत्थर, प्लाई, प्लास्टिक और लकड़ी का बुरादा मिला है। नगर निगम ने इसे गंभीर मामला मानते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भेलूपुर थाने में तहरीर दी है।

### शिवाला में महापौर और नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शनिवार को पार्षदों व अधिकारियों के साथ शिवाला क्षेत्र में मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार रात सीवर लाइन की सफाई के दौरान करीब 12 बोरी बालू निकाली गईं।

मुख्य बातः नगर निगम का कहना है कि मुख्य सीवर लाइन को जानबूझकर जाम करने से सहायक गलियों में सीवर का पानी ओवरफ्लो हुआ, जिससे जलभराव की स्थिति बनी।

### सीसीटीवी फुटेज से होगी पहचान

महापौर ने कहा कि नगर निगम और जलकल विभाग की टीमें लगातार जलभराव दूर करने में जुटी हैं। वहीं, सीवर लाइन में बालू की बोरियां मिलने के बाद क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि जिम्मेदार लोगों की पहचान की जा सके।

### भेलूपुर थाने में दी गई तहरीर

जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता ने भेलूपुर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।

## एचडीएफसी बैंक के नए बॉस की तलाश शुरू




***शशिधर जगदीशन का कार्यकाल 26 अक्टूबर को होगा समाप्त, तीन साल के लिए चुना जाएगा नया एमडी-सीईओ***

नई दिल्ली। देश के प्रमुख निजी बैंक एचडीएफसी बैंक ने नए प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) की तलाश शुरू कर दी है। बैंक ने शनिवार को इस पद के संभावित उत्तराधिकारियों के रूप में दो उम्मीदवारों के नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भेजे हैं। दोनों नाम वरीयता क्रम में भेजे गए हैं और उनके वेतन प्रस्ताव की जानकारी भी दी गई है।

### बोर्ड में भी हुआ बदलाव

मुख्य बातः नए एमडी और सीईओ का कार्यकाल तीन साल का होगा। इसके साथ ही बैंक ने अपने निदेशक मंडल में पूर्णकालिक निदेशकों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार कर दी है। मुख्य कर्ज अधिकारी जिमी टाटा को पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया गया है।

### 26 अक्टूबर को खत्म होगा जगदीशन का कार्यकाल

एचडीएफसी बैंक के मौजूदा एमडी एवं सीईओ शशिधर जगदीशन ने 29 अगस्त को दोबारा नियुक्ति की दौड़ से अलग रहने का फैसला किया था।

## भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज में इन 5 खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली। भारत और अफगानिस्तान के बीच 13 सितंबर से तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज शुरू होगी। दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर होने वाली इस सीरीज में दोनों टीमें मजबूत प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगी। आगामी एशियाई खेलों की तैयारियों के लिहाज से भी सीरीज अहम मानी जा रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम और इब्राहिम जादरान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपने दम पर मुकाबले का रुख बदल सकते हैं। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और ऑलराउंड प्रदर्शन के लिहाज से पांच खिलाड़ियों पर विशेष नजर रहेगी।

# जय हिंदी बोलते हैं, जी अंग्रेजी करते हैं

## हिंदी को हमने मंच दिया, मगर मौका नहीं

### हिंदी दिवसः अपनी ही भाषा से मिलने का सालाना कार्यक्रम

हिंदी से हमारा रिश्ता भी बड़ा अजीब है–साल में एक दिन प्रेम उमड़ता है और बाकी दिन सुविधा जीत जाती है। 14 सितंबर को वही हिंदी सम्मान पाती है, जिसे 364 दिन सुविधा, करियर और प्रतिष्ठा के लिए पीछे कर दिया जाता है। दफ्तरों में अधिकारी हिंदी की महिमा गाते हैं, अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के अभिभावक बच्चों से हिंदी कविता सुनवाते हैं और स्टूडियो में एंकर उसकी अस्मिता पर बहस करते हैं। माइक बंद होते ही सब अपनी सुविधाजनक भाषा में लौट जाते हैं। इसलिए हिंदी दिवस अब भाषा का उत्सव नहीं, हमारी भाषाई दोहरी मानसिकता का सालाना पदार्फाश है। पहले




यह दिखावा सीमित था; अब मीडिया, तकनीक और सोशल मीडिया ने इसे खुली सच्चाई बना दिया है।

सरकारी दफ्तरों में हिंदी की हैसियत साल में एक दिन सजने वाली उस कुर्सी जैसी है, जिस पर बैठने का अधिकार किसी को नहीं होता। साल भर फाइलें, आदेश और निर्णय अंग्रेजी में चलते हैं। हिंदी दिवस आते ही शब्दकोश खुलते हैं, भाषण लिखे जाते हैं और अधिकारी ऐसी हिंदी बोलते हैं कि हिंदी भी अपना परिचय पूछ बैठे। समारोह खत्म होते ही वह फिर फाइलों के किनारे चली जाती है। नौकरशाही ने हिंदी को कामकाज की भाषा से उठाकर समारोह की सजावट बना दिया है। भव्य आयोजन से यह भ्रम तो बन जाता है कि हिंदी का काम हो रहा है, पर असली सवाल मंच का नहीं, प्रशासन में हिंदी के वास्तविक इस्तेमाल का है।

घर में हिंदी की आरती और स्कूल में अंग्रेजी की फीस–हमारे भाषाई चरित्र का इससे बेहतर परिचय नहीं। हिंदी दिवस पर माता-पिता बच्चों को हिंदी की किताबें देते, भाषण तैयार कराते और मातृभाषा पर गर्व जताते हैं; लेकिन भविष्य के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूल चुनते हैं। डर रहता है कि हिंदी माध्यम का बच्चा अवसरों में पिछड़ जाएगा। यह डर भाषा का नहीं, व्यवस्था का है। अंग्रेजी रोजगार, प्रतिष्ठा, तकनीक और सामाजिक सुरक्षा का पासपोर्ट है, जबकि हिंदी संस्कृति और भावनाओं तक सीमित है। हमने बच्चों से कहा–हिंदी से प्रेम करो, भविष्य अंग्रेजी में बनाओ। फिर शिकायत करते हैं कि नई पीढ़ी हिंदी से दूर क्यों है।

राजनीति में हिंदी का प्रेम वोट के साथ आता है और सत्ता के साथ बदल जाता है। चुनावी मंच पर नेता जनता की भाषा बोलता है; सत्ता में पहुँचते ही भाषा बदल जाती है। संसद में हिंदी की प्रतिष्ठा का सवाल उठता है, अंतरराष्ट्रीय मंच पर अंग्रेजी सुविधा बनती है और नीतियों के दस्तावेजों में वही भाषा हावी रहती है, जिसे आम नागरिक अक्सर अनुवाद से समझता है। हिंदी दिवस पर हिंदी बढ़ाने के संकल्प दोहराए जाते हैं, जबकि भाषा संकल्प से नहीं, निरंतर व्यवहार से मजबूत होती है। जरूरत में हिंदी, सुविधा में अंग्रेजी–यह प्रेम नहीं, चयनात्मक उपयोग है। सत्ता जब हिंदी को सिर्फ जनता तक पहुँचने का औजार बनाएगी, तब वह मजबूत भाषा नहीं, राजनीतिक सुविधा भर रहेगी।

बाजार को हिंदी की शुद्धता नहीं, उसकी पहुँच चाहिए। इसलिए विज्ञापन हिंदी में हैं, नारे हिंदी में गूंजते हैं और कंपनियाँ उपभोक्ता से हिंदी में जुड़ती हैं; लेकिन बड़े फैसले, तकनीकी दस्तावेज और प्रबंधन अब भी अंग्रेजी में चलते हैं। मीडिया ने भी हिंदी को बाजार के रंग में ढाल दिया है–शब्द हिंदी के हैं, पर तेवर अंग्रेजी, बाजार और सनसनी के। हिंदी दिवस पर हम शुद्धता का हिसाब लगाते हैं, जबकि रोजमर्रा की हिंदी स्वाभाविक रूप से बदल रही है। सवाल यह नहीं कि उसमें अंग्रेजी के कितने शब्द आए; सवाल है कि विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और नए ज्ञान की कितनी सामग्री हिंदी में आई। भाषा की ताकत शुद्ध शब्दों में नहीं, नए विचारों को व्यक्त करने की क्षमता में है।

हिंदी को मंच पर नहीं, सड़क पर जाकर देखिए–उसका असली चेहरा वहीं मिलेगा। घर, बाजार, मोबाइल और मंच की हिंदी अलग-अलग है। आम आदमी जिस भाषा में प्रेम, झगड़ा, दुख और व्यवस्था पर गुस्सा करता है, मंच पर वही भाषा इतनी शुद्ध कर दी जाती है कि आदमी ही गायब हो जाता है। ऐसी शुद्धता, जिसे न घर पहचानता है, न सड़क। जबकि भाषा संग्रहालय की वस्तु नहीं; वह जीवित है, बदलती है, दूसरी भाषाओं से मिलती है और नए शब्द अपनाती है। हिंदी का संकट उसका बदलना नहीं, उसके अवसरों का घटना है। बदलती हिंदी को रोकना नहीं, बदलते जीवन की ताकत बनाना होगा।

दुनिया से हिंदी का सम्मान मांगने से पहले घर में उसका सम्मान जरूरी है। विदेशों में हिंदी की व्यापकता, बोलने वालों की संख्या और संभावनाओं के दावे होते हैं; सम्मेलन होते हैं, गौरवगान होता है और हिंदी अपनाने की अपील की जाती है। लेकिन देश में उच्च शिक्षा, शोध, तकनीक, प्रशासन और रोजगार के कितने अवसर हिंदी में हैं? यही असली कसौटी है। हिंदी में ज्ञान और तकनीकी क्षमता बढ़े, तभी वह वैश्विक शक्ति बनेगी। भाषा की ताकत बोलने वालों की संख्या में नहीं, ज्ञान, विचार, रोजगार और संस्थागत शक्ति में है। घर में हिंदी को दोयम रखकर दुनिया से सम्मान मांगना वैसा ही है जैसे घर के मेहमान को भूखा रखकर बाहर उसके स्वागत का ढिंढोरा पीटना।

हिंदी दिवस की सार्थकता 14 सितंबर में नहीं, बाकी 364 दिनों में तय होगी। हिंदी को भाषण, सम्मान और समारोह नहीं, अवसर चाहिए–शिक्षा, प्रशासन, ज्ञान-विज्ञान, तकनीक, रोजगार और बाजार में उसका प्रभावी इस्तेमाल। अंग्रेजी से संघर्ष नहीं, हिंदी को अवसरों से जोड़ना समाधान है। विडंबना यही है कि हम हिंदी को संस्कृति और अंग्रेजी को करियर मानते हैं। यह दोहरापन तब टूटेगा, जब हिंदी में काम करना सम्मान के साथ व्यावहारिक विकल्प भी बनेगा। जिस दिन हिंदी को अपने अस्तित्व का प्रमाण देने के लिए 14 सितंबर की जरूरत नहीं रहेगी, उसी दिन हिंदी दिवस समारोह नहीं, बदलते दौर में हिंदी की वास्तविक शक्ति का प्रतीक बनेगा।

**कृति आरके जैन**
**शिक्षाविद्**
**बड़वानी (मप्र)**

## हरतालिका तीज :

# शिव पार्वती के पावन मिलन की अनश्वर परंपरा

महेन्द्र तिवारी




भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाया जाने वाला हरतालिका तीज भारतीय संस्कृति के सबसे पवित्र और भावनात्मक पर्वों में से एक है। यह केवल एक धार्मिक व्रत नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, धैर्य, आत्मबल और अटूट संकल्प का ऐसा उत्सव है जिसने सदियों से भारतीय समाज में दांपत्य जीवन के आदर्शों को जीवित रखा है। वर्ष 2026 में पंचांग के अनुसार हरतालिका तीज का व्रत 14 सितंबर, सोमवार को मनाया जाएगा। उदया तिथि के आधार पर इसी दिन निर्जला व्रत, शिव पार्वती पूजन और रात्रि जागरण का विशेष विधान माना गया है।

हरतालिका शब्द अपने भीतर एक सुंदर कथा समेटे हुए है। इसका अर्थ है सखी द्वारा हरण किया जाना। पौराणिक मान्यता के अनुसार हिमालय की पुत्री पार्वती बचपन से ही भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त करना चाहती थीं। दूसरी ओर उनके पिता हिमवान ने उनका विवाह भगवान विष्णु से करने का निश्चय कर लिया। पार्वती की इच्छा जानकर उनकी प्रिय सखी उन्हें वन में ले गई ताकि वे किसी प्रकार का दबाव स्वीकार न करें और अपने संकल्प की रक्षा कर सकें। उसी वन में माता पार्वती ने कठोर तपस्या और निर्जला उपवास किया। उनकी अनन्य भक्ति और तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया। इसी घटना की स्मृति में हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है।

इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह बाहरी वैभव से अधिक आंतरिक निष्ठा का उत्सव है। माता पार्वती का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा प्रेम अधिकार नहीं, बल्कि धैर्य, संयम और आत्मसमर्पण से प्राप्त होता है। उनका तप केवल पति प्राप्ति का साधन नहीं था, बल्कि अपने जीवन के सत्य को पहचानने और उसके प्रति अडिग रहने का उदाहरण था। यही कारण है कि हरतालिका तीज भारतीय नारी के आत्मसम्मान और दृढ़ निश्चय का भी प्रतीक माना जाता है।

भारत के अनेक राज्यों जैसे बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में यह पर्व अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कहीं महिलाएं समूह बनाकर पारंपरिक गीत गाती हैं, कहीं मंदिरों में शिव पार्वती की झांकी सजती है, तो कहीं घरों में मिट्टी अथवा बालू से शिवलिंग बनाकर पूजा की जाती है। विभिन्न क्षेत्रों की लोक परंपराएं अलग हो सकती हैं, किंतु भावना एक ही रहती है कि जीवन में प्रेम और विश्वास बना रहे तथा परिवार सुखी और समृद्ध रहे।

हरतालिका तीज का निर्जला व्रत अत्यंत कठिन माना गया है। अनेक महिलाएं सूर्योदय से लेकर अगले दिन तक जल की एक बूंद भी ग्रहण नहीं करतीं। इस कठोर अनुशासन के पीछे केवल धार्मिक विश्वास नहीं, बल्कि आत्मसंयम की साधना भी छिपी हुई है। उपवास मनुष्य को अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करना सिखाता है। जब शरीर की आवश्यकताओं पर संयम रखा जाता है, तब मन अधिक एकाग्र होकर आराधना में लग पाता है। भारतीय ऋषि परंपरा में उपवास को आत्मशुद्धि का माध्यम माना गया है और हरतालिका तीज उसी विचार को जनजीवन में प्रतिष्ठित करती है।

पूजा की तैयारी भी इस पर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रातः स्नान के बाद महिलाएं स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं और सोलह श्रृंगार से स्वयं को अलंकृत करती हैं। हरे, लाल और पीले रंग के वस्त्र विशेष शुभ माने जाते हैं। पूजा स्थल पर कलश स्थापित किया जाता है। मिट्टी या बालू से भगवान शिव, माता गौरी और श्री गणेश की प्रतिमा अथवा शिवलिंग बनाया जाता है। बेलपत्र, पुष्प, दूर्वा, अक्षत, रोली, हल्दी, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य और फल अर्पित किए जाते हैं। पूजा के पश्चात हरतालिका व्रत कथा का श्रवण और शिव पार्वती की आरती की जाती है।

इस पर्व में श्रृंगार का भी गहरा सांस्कृतिक महत्व है। मेहंदी, चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर और चुनरी केवल सौंदर्य की वस्तुएं नहीं हैं, बल्कि भारतीय वैवाहिक जीवन के मंगल प्रतीक माने जाते हैं। मेहंदी का गहरा रंग प्रेम और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। आज भी तीज से एक दिन पहले गांवों और शहरों में महिलाएं मिलकर मेहंदी रचाती हैं, लोकगीत गाती हैं और उत्सव का वातावरण बनाती हैं। आधुनिक समय में भी यह परंपरा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का सुंदर माध्यम बनी हुई है।

हरतालिका तीज केवल विवाहित महिलाओं का पर्व नहीं है। अनेक अविवाहित कन्याएं भी माता पार्वती का व्रत रखती हैं और योग्य जीवनसाथी की कामना करती हैं। यहां योग्य जीवनसाथी का अर्थ केवल सुंदर या संपन्न व्यक्ति नहीं, बल्कि ऐसा साथी है जो सम्मान, विश्वास और समानता पर आधारित संबंध निभा सके। इस दृष्टि से यह पर्व विवाह संस्था के नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करता है। माता पार्वती और भगवान शिव का दांपत्य भारतीय परंपरा में परस्पर सम्मान, सहयोग और आध्यात्मिक समानता का आदर्श माना गया है।

लोकगीतों के बिना हरतालिका तीज की कल्पना अधूरी है। बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में महिलाएं पूरी रात जागरण करती हैं और शिव विवाह, पार्वती की तपस्या तथा सखी संवाद पर आधारित गीत गाती हैं। इन गीतों में केवल भक्ति ही नहीं, बल्कि लोकजीवन की सहज संवेदनाएं भी झलकती हैं। कहीं बेटी अपने मायके की याद करती है, कहीं सखी वर्षा ऋतु का वर्णन करती है, तो कहीं भोलेनाथ से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा जाता है। यही लोकसंगीत पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी मौखिक सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखे हुए है।

समाजशास्त्रीय दृष्टि से देखें तो हरतालिका तीज महिलाओं के सामूहिक संवाद का भी अवसर है। पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच यह पर्व उन्हें एक दूसरे से मिलने, अनुभव साझा करने और भावनात्मक सहयोग देने का अवसर प्रदान करता है। गांवों में सामूहिक पूजा और नगरों में महिला मंडलों द्वारा आयोजित कार्यक्रम सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते, वे समाज को जोड़ने वाले सांस्कृतिक सूत्र भी होते हैं। हरतालिका तीज इस सत्य का सजीव उदाहरण है।

पर्यावरण के संदर्भ में भी इस पर्व का एक सकारात्मक संदेश है। परंपरागत रूप से पूजा में मिट्टी, पत्तों, पुष्पों और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग किया जाता रहा है। मिट्टी का शिवलिंग बनाकर पूजन करना हमें प्रकृति के प्रति विनम्रता का भाव सिखाता है। आज जब पर्यावरण संरक्षण वैश्विक चिंता का विषय है, तब आवश्यक है कि तीज के उत्सव में प्लास्टिक और कृत्रिम सजावट के स्थान पर प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग किया जाए। यही भारतीय संस्कृति की मूल भावना भी है, जिसमें प्रकृति और परमात्मा को अलग नहीं माना गया।

आधुनिक जीवन की व्यस्तता ने त्योहारों के स्वरूप में परिवर्तन अवश्य किया है, किंतु हरतालिका तीज की आत्मा आज भी अक्षुण्ण है। महानगरों में रहने वाली महिलाएं कार्यालय की जिम्मेदारियों के साथ व्रत निभाती हैं। अनेक परिवार दूर रहकर भी डिजिटल माध्यम से कथा सुनते हैं, मंदिरों के दर्शन करते हैं और एक दूसरे को शुभकामनाएं भेजते हैं। साधन बदल गए हैं, पर श्रद्धा और आस्था का भाव वही बना हुआ है। यह परिवर्तन भारतीय संस्कृति की जीवंतता को दर्शाता है, जो समय के साथ स्वयं को ढालते हुए भी अपने मूल्यों को सुरक्षित रखती है।

हरतालिका तीज का संदेश पुरुषों के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना महिलाओं के लिए। भगवान शिव और माता पार्वती का संबंध समानता, सम्मान और संवाद पर आधारित है। शिव अर्धनारीश्वर रूप में यह बताते हैं कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं। इसलिए इस पर्व को केवल महिलाओं के व्रत के रूप में नहीं, बल्कि पारिवारिक जीवन में परस्पर विश्वास और संवेदनशीलता के उत्सव के रूप में देखना चाहिए। जब दांपत्य संबंध अधिकार के बजाय सहयोग पर आधारित होते हैं, तभी परिवार सुख और शांति का केंद्र बनता है।

अंततः हरतालिका तीज भारतीय जीवन दर्शन का ऐसा पर्व है जो तप को प्रेम से, श्रद्धा को संस्कृति से और परिवार को आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ता है। माता पार्वती की अटूट तपस्या हमें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देती है, जबकि भगवान शिव का स्वीकार हमें सिखाता है कि सच्चे संबंध विश्वास और आत्मीयता पर टिके होते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष भाद्रपद की तृतीया आते ही लाखों दीपों की ज्योति, मेहंदी की सुगंध, लोकगीतों की मधुर ध्वनि और शिव पार्वती की आराधना के बीच हरतालिका तीज केवल एक पर्व नहीं रहती, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमर चेतना का उत्सव बन जाती है।

# ब्रिक्स की 'गूंज' वाशिंगटन से इस्लामाबाद तक खलबली

अजय कुमार,
वरिष्ठ पत्रकार लखनऊ ( उ. प्र.)

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मंच पर जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक साथ कैमरे के सामने आए, तो वाशिंगटन से लेकर पश्चिमी राजधानियों तक भू-राजनीतिक हलचल तेज होना लाजिमी था। दुनिया के इन तीन बड़े देशों के शीर्ष नेताओं का एक फ्रेम में दिखना इस बात का स्पष्ट संदेश है कि वैश्विक राजनीति अब एकध्रुवीय यानी अमेरिकी नियंत्रण वाली नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर पूरी मजबूती से बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिका फर्स्ट और आक्रामक व्यापारिक नीतियों के दौर में यह तस्वीर व्हाइट हाउस के रणनीतिकारों के लिए एक बड़ी चेतावनी की तरह है। इससे अमेरिका को साफ संदेश जाता है कि वैश्विक दक्षिण यानी ग्लोबल साउथ के देश अब अमेरिकी दबाव या एकतरफा प्रतिबंधों के आगे घुटने टेकने को तैयार नहीं हैं, और वे अपने आर्थिक व कूटनीतिक हितों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं तलाशने में जुट चुके हैं।

ट्रम्प प्रशासन की मनमानी और दुनिया भर में उसकी दादागिरी पर लगाम कसने के लिहाज से यह एकजुटता एक वैचारिक और आर्थिक ढाल का काम करती है। जिस प्रकार अमेरिका ईरान और अन्य विकासशील देशों के खिलाफ आक्रामक तेवर अपनाए हुए है और वैश्विक वित्तीय तंत्र का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में करता है, उससे निपटने के लिए ब्रिक्स मंच का मजबूत होना जरूरी था। हालांकि, यह भी सच है कि केवल एक सम्मेलन से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की कार्यशैली रातों-रात नहीं बदल जाएगी, क्योंकि अमेरिका की सैन्य और आर्थिक ताकत अभी भी व्यापक है। इसके बावजूद, जब रूस, चीन और भारत जैसे देश एक मंच पर खड़े होकर अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को कम करने और स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने की बात करते हैं, तो ट्रम्प की उन धमकियों का असर कम होने लगता है जो वे अक्सर दूसरे देशों को पाबंदी लगाने के लिए देते हैं। ईरान जैसे देशों के मुद्दे पर, जो इस समय अमेरिकी आक्रामकता का सामना कर रहे हैं, ब्रिक्स का यह विस्तार और एकजुट रुख यह बताता है कि अमेरिका चाहकर भी पूरी दुनिया को अपनी मर्जी के मुताबिक हांक नहीं सकता।

भारत के दृष्टिकोण से इस कूटनीतिक निकटता और संतुलन के कई दूरगामी और व्यावहारिक फायदे हो सकते हैं। भारत एक तरफ पश्चिमी देशों और अमेरिका के साथ क्वाड जैसी साझेदारियों में शामिल है, तो दूसरी तरफ ब्रिक्स के जरिए रूस और चीन के साथ भी संवाद बनाए हुए। इसे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की बड़ी जीत माना जा सकता है।

ब्रिक्स के मंच पर रहने से भारत को रूस से ऊर्जा सुरक्षा (कच्चा तेल) सुनिश्चित करने में मदद मिलती है, जो अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद देश की आर्थिकी को संभाल कर रखती है। इसके अलावा, ग्लोबल साउथ के निर्विवाद नेता के रूप में भारत विकासशील देशों की आवाज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से रख पा रहा है। आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता, उन्नत तकनीक, आतंकवाद के खिलाफ साझा रुख और डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहयोग जैसे मुद्दे भारत के आर्थिक विकास को नई गति दे सकते हैं। भारत ने यह साबित कर दिया है कि वह किसी भी एक महाशक्ति के खेमे में बंधने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए सबके साथ संतुलित संबंध रख सकता है।

इन भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच दुनिया भर में यह सवाल सबसे ज्यादा प्रासंगिक बना हुआ है कि क्या कभी एशिया की दो महाशक्तियों यानी भारत और चीन के बीच के रिश्ते पूरी तरह सामान्य हो सकते हैं। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और पिछले कुछ वर्षों में उपजा अविश्वास गहरा है, जिसे रातों-रात नहीं मिटाया जा सकता। इसके बावजूद, कूटनीति में स्थायी शत्रुता या मित्रता जैसा कुछ नहीं होता, केवल स्थायी हित होते हैं। जब भारत और चीन वैश्विक मंचों जैसे ब्रिक्स या शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) पर मिलते हैं, तो वे इस बात को भली-भांति समझते हैं कि आपसी टकराव से केवल पश्चिमी ताकतों को फायदा पहुंचता है। हालिया मुलाकातों और व्यापारिक स्तर पर हो रही वाताओं से यह संकेत जरूर मिलते हैं कि दोनों देश कूटनीतिक और आर्थिक स्तर पर तनाव को एक निश्चित दायरे में प्रबंधित करने की कोशिश कर रहे हैं।

हालांकि, चीन की विस्तारवादी फितरत और सीमा पर जारी संप्रभुता के मुद्दों को देखते हुए भारत पूरी तरह से आश्वस्त होकर आंखें मूंदने की स्थिति में नहीं है। इसलिए, चीन के साथ रिश्ते पूरी तरह सामान्य होना इस बात पर निर्भर करेगा कि बीजिंग भारत की संप्रभुता और सुरक्षा चिंताओं का कितना सम्मान करता है, लेकिन वर्तमान हालात यह जरूर बताते हैं कि कूटनीतिक बाध्यताएं दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बनाए रखने के लिए मजबूर कर रही हैं।

उधर, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस और चीन के शीर्ष नेतृत्व की सक्रियता और भारत की मजबूत उपस्थिति ने पड़ोसी देश पाकिस्तान के रणनीतिक हलकों में भी गहरी बेचैनी पैदा कर दी है। पाकिस्तान लंबे समय से खुद को चीन का ऑल-वेदर फ्रेंड और क्षेत्र में बीजिंग का सबसे भरोसेमंद मोहरा मानता आया है, लेकिन ब्रिक्स मंच पर चीन और रूस द्वारा भारत के साथ जिस तरह से कूटनीतिक समन्वय और वैश्विक समीकरणों पर चर्चा की गई है, उसने इस्लामाबाद के उस भ्रम को तोड़ दिया है जिसमें वह समझता था कि बीजिंग केवल उसके हितों को प्राथमिकता देगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस समय अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है और वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) तथा पश्चिमी देशों की मदद के लिए लगातार जूझ रहा है, जबकि दूसरी ओर ब्रिक्स वैश्विक वित्तीय तंत्र और डॉलर के वर्चस्व का विकल्प तलाशने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में, जब चीन और रूस भारत के साथ एक ही मंच पर ग्लोबल साउथ के नेतृत्व और आर्थिक सहयोग की बात करते हैं, तो पाकिस्तान को यह डर सताने लगता है कि वैश्विक भू-राजनीति के बदलते इस दौर में उसका पारंपरिक महत्व पूरी तरह से समाप्त न हो जाए।

इसके अलावा, ईरान और मध्य एशिया से जुड़े समीकरणों में भारत की बढ़ती कूटनीतिक पहुंच से पाकिस्तान और अधिक अकेला महसूस करने लगा है, क्योंकि अमेरिकी प्रतिबंधों और अंदरूनी राजनीतिक अस्थिरता के बीच इस्लामाबाद के पास न तो कोई ठोस आर्थिक विकल्प बचा है और न ही कोई ऐसा वैश्विक मंच जहां उसकी बात को उस तवज्जो के साथ सुना जाए जैसी वह उम्मीद करता है। ब्रिक्स देशों की इस बढ़ती निकटता ने पाकिस्तान को यह अहसास करा दिया है कि चीन और रूस के लिए राष्ट्रीय हित और वैश्विक बाजार पाकिस्तान की तुनकमिजाजी और भारत विरोध की राजनीति से कहीं ज्यादा बड़े हैं, जिससे उसकी विदेश नीति के समक्ष एक बड़ा अस्तित्वगत संकट खड़ा हो गया है।

## सामूहिक सामर्थ्य की ओर..!

विस्तार हुआ अब जरूरत है,
आधार बनाने की,
बिखरी हुई हरेक शक्ति को फिर,
साथ लाने की।
"ब्रिक्स" देशों का समूह नहीं, सपनों का संगम है,
दक्षिण की आवाज विश्व में, लाने का संकल्प है।

अर्थव्यवस्था हो या तकनीक, व्यापार हो या ज्ञान,
साझेदारी के मजबूत पुलों से, बढ़े सभी का मान।
न कोई छोटा, न कोई बड़ा, साझा हित हो पहचान,
मतभेद रहें तो संवाद रहे, यहीं तो हो इसकी शान।

भारत धरा से उठे स्वर, विश्व-व्यवस्था राह दिखाए,
विविधताओं में एका रख, संतुलन के दीप जलाए।
विस्तार तभी सार्थक होगा, जब सामर्थ्य साथ बढ़े,
ब्रिक्स की शक्ति घोषणा से, धरा पर परिणाम गढ़े।

नई सदी के इस पड़ाव पर, परीक्षा यही है आज–,
सामूहिक शक्ति बनेगी, विकास का सच्चा समाज?
विस्तार से आगे, विश्वास हो, सहयोग से नई उड़ान,
ब्रिक्स बने मजबूत सेतु, दुनिया में संतुलन सम्मान।
(संदर्भ - दिल्ली में हो रहीं ब्रिक्स की बैठक।)

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज़ पोर्टल पर चलवायें मात्र 200 रुपये रोज में।

# रुद्रगैरा फतह के बाद एवरेस्ट की तैयारी, पूर्वा धवन ने बनाया नया लक्ष्य

## दो दिन की ट्रेकिंग के बाद 1,300 मीटर की कठिन चढ़ाई, 8 घंटे 30 मिनट में पहुंचीं शिखर पर

समाज जागरण

लखनऊ। रुद्रगैरा की 5,826 मीटर ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराने के बाद लखनऊ की पर्वतारोही पूर्वा धवन अब दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने की तैयारी में जुट गई हैं। उनका पर्वतारोहण अभियान केवल ऊंचाइयां हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके जरिए वह महिला सशक्तीकरण और स्वच्छ हिमालय का संदेश भी दे रही हैं।

### गंगोत्री से शुरू हुआ चुनौतीपूर्ण सफर

पूर्वा धवन ने शैलेश सेमवाल और बिहारी सिंह राणा के साथ 7 सितंबर को सुबह 9 बजे गंगोत्री से ट्रेक शुरू किया। दो दिन की कठिन ट्रेकिंग के




बाद टीम 4,350 मीटर की ऊंचाई पर रुद्रगैरा बेस कैंप पहुंची।

10 सितंबर को सुबह चार बजे समिट पुश शुरू हुआ। करीब 8 घंटे 30 मिनट की कठिन चढ़ाई के बाद टीम ने लगभग 1,300 मीटर की ऊंचाई तय की और दोपहर 12:30 बजे 5,826 मीटर ऊंचे शिखर पर तिरंगा फहराया।

### बर्फ, चट्टानों और कम ऑक्सीजन ने बढ़ाई चुनौती

शिखर तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं था। खड़ी बर्फ, चट्टानी हिस्सों और कठिन खुले सेक्शन के बीच टीम को आगे बढ़ना पड़ा। ऊंचाई बढ़ने के साथ ऑक्सीजन की कमी और शारीरिक थकान भी चुनौती बनती गई। इसके बावजूद पूर्वा और उनकी टीम ने हिम्मत नहीं छोड़ी।

मुख्य बातः रुद्रगैरा की सफलता के पीछे पूर्वा के परिवार का सहयोग और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला प्रोत्साहन भी महत्वपूर्ण रहा।

### सीएम योगी से मुलाकात ने बढ़ाया हौसला

पूर्वा ने मई 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का बैनर सौंपा था। मुख्यमंत्री ने उस समय उन्हें शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया था।

पूर्वा रुद्रगैरा अभियान की सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और मुख्यमंत्री से मिली प्रेरणा को देती हैं। अभियान के दौरान शैलेश सेमवाल और बिहारी सिंह राणा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्हीं के मार्गदर्शन में पूर्वा ने गंगोत्री में विशेष प्रशिक्षण हासिल किया।

### 'पीक्स एंड प्लास्टिक' से स्वच्छ हिमालय का संदेश

पूर्वा ने अपने पर्वतारोहण अभियान को पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा है। 'पीक्स एंड प्लास्टिक' पहल के जरिए वह पर्वतीय क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के प्रति जागरूकता फैलाने और जिम्मेदार पर्वतारोहण का संदेश दे रही हैं।

पूर्वा का मानना है कि हिमालय की चोटियों को फतह करना जितना गौरवपूर्ण है, उतना ही जरूरी उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित रखना भी है।

### अब 8,848.86 मीटर ऊंचे एवरेस्ट पर नजर

रुद्रगैरा की सफलता के बाद पूर्वा की अगली मंजिल माउंट एवरेस्ट है। 8,848.86 मीटर ऊंचे एवरेस्ट पर भारतीय तिरंगा फहराने के साथ वह महिला सशक्तीकरण, युवाओं को प्रेरणा और स्वच्छ हिमालय का संदेश दुनिया तक पहुंचाना चाहती हैं। पूर्वा धवन की रुद्रगैरा फतह उनके लिए अंत नहीं, बल्कि एवरेस्ट की ओर बढ़ते अभियान की एक नई शुरुआत है।

# नकली सोना दिखाकर ठगी करने वाले दो पुरुष और महिला गिरफ्तार

बिसरख पुलिस ने 1.20 लाख रुपये नकद और पीली धातु की झालर बरामद की, चार लाख रुपये की दो एफडी फ्रीज



गौतमबुद्धनगर, 12 सितंबर। थाना बिसरख पुलिस ने नकली सोने के आभूषण दिखाकर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.20 लाख रुपये नकद और पीली धातु की चैन वाली झालर बरामद की है। इसके अलावा दो-दो लाख रुपये की दो एफडी फ्रीज कराई गई हैं।

### सीसीटीवी और लोकल इंटेलिजेंस से गिरफ्तारी

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने वादी के पिता को नकली सोने के आभूषणों से भरा बैग देकर टप्पेबाजी की थी। मामले में थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से मनी, मोहन और धर्मा को चार मूर्ति से एटीएस गोलचक्कर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

### ऐसे देते थे ठगी को अंजाम

मुख्य बातः आरोपी खुद को मजदूर बताकर लोगों को बताते थे कि उन्हें खुदाई के दौरान सोना-चांदी मिला है। इसके बाद विश्वास में लेकर एक-दो दिन बाद नकली आभूषण कम कीमत में बेचने का लालच देते थे। व्यक्ति के लालच में आने पर आरोपी ठगी कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना बिसरख में धारा 318(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। आरोपियों की पहचान मनी (40), मोहन (43) और धर्मा (45) के रूप में हुई है। बरामदगीः 1.20 लाख रुपये नकद, एक पीली धातु की चैन वाली झालर और दो एफडी, प्रत्येक दो लाख रुपये की।

## योग, यज्ञ एवं वेद कथा का भव्य शुभारंभ

*स्वामी शिवानंद बोले—माता-पिता और गुरु का सम्मान करने वालों की आयु, विद्या, यश और बल बढ़ते हैं*

ऋषिकेश, 12 सितंबर। आर्य नेता स्वर्गीय बहोरी लाल गौतम की पुण्य स्मृति में दून लेमन रिसॉर्ट, ग्राम जोगियाना, मोहन चट्टी में योग, यजुर्वेद शतकम यज्ञ एवं वेद कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। आचार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ संपन्न हुआ। मुख्य यजमान शोभा गौतम, अमित गौतम, ज्योति गौतम और नवनीत गौतम रहे।

यज्ञ के उपरांत आचार्य प्रमोद शास्त्री ने यजमानों को आशीर्वाद दिया तथा सविता आर्या को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद जीवन की कामना की।

### भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण

हापुड़ से आई आर्य जगत की प्रसिद्ध भजनोपदेशिका आचार्या सुलभा शास्त्री एवं सुंदर आर्य ने ईश्वर भक्ति के भजन प्रस्तुत किए। भजनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

### सम्मान और संस्कार से बढ़ता है जीवन का बल

स्वामी शिवानंद सरस्वती ने कहा कि जो बच्चे माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करते हैं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, उनकी आयु, विद्या, यश और बल निरंतर बढ़ते हैं।

# शराब की दुकानों की बंदी के बाद अवैध बिक्री रोकने को आबकारी विभाग का अभियान

## जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत टीमों ने किया निरीक्षण

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 सितंबर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश तथा जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के पर्यवेक्षण में आबकारी टीमों ने शराब की दुकानों की बंदी के बाद अवैध रूप से मदिरा की बिक्री न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों



में निगरानी और जांच की।

मुख्य बातः आबकारी विभाग ने दुकानों की बंदी के बाद अवैध शराब की बिक्री और वितरण पर रोक लगाने के लिए टीमों को सक्रिय रखा और लगातार निगरानी की।

## शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण, निर्धारित मूल्य पर बिक्री के निर्देश

### आबकारी टीमों ने कैंटीनों की जांच कराई, दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेज भी कराया

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 सितंबर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आबकारी टीमों ने देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप और बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

**निर्धारित मूल्य पर बिक्री पर जोर**

निरीक्षण के दौरान अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को मदिरा के विभिन्न ब्रांड प्रदर्शित करने तथा पीओएस मशीन से स्कैन कर निर्धारित मूल्य पर ही शराब की बिक्री सुनिश्चित



करने के निर्देश दिए गए।

**कैंटीनों की भी हुई जांच**

आबकारी टीमों ने कैंटीनों की गहनता से जांच की। इसके साथ ही दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेज कर बिक्री व्यवस्था की जांच की गई।

मुख्य बातः सभी मदिरा दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को रियल टाइम में संचालित रखने के निर्देश दिए गए, ताकि बिक्री व्यवस्था और गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी की जा सके।

# जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

## सुलह-समझौते से लंबित वादों के त्वरित निस्तारण के साथ जनसामान्य को मिल रहीं विशेष सुविधाएं

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 12 सितंबर। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अतुल श्रीवास्तव ने शनिवार को जनपद मुख्यालय एवं सभी तहसील न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

### कई प्रकार के मामलों का होगा निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक, दीवानी, उत्तराधिकार, एनआई एक्ट की धारा 138, ई-चालान, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व और लघु शमनीय मामलों सहित विभिन्न सुलह योग्य प्रकरणों की सुनवाई की जा रही है। बैंक ऋण, बिजली और बीएसएनएल



बिल से जुड़े प्री-लिटिगेशन मामलों का भी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है।

### मुख्य बातः लोगों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क और स्टॉल

वादकारियों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में चार हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और विभागों ने भी स्टॉल लगाए हैं, जहां संबंधित मामलों और शिकायतों के निस्तारण की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

### स्वास्थ्य और कौशल विकास के स्टॉल भी

राष्ट्रीय लोक अदालत में स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ कौशल विकास केंद्रों द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। इनके जरिए स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और कौशल विकास को बढ़ावा देने का संदेश दिया जा रहा है। निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद जांच शिविर भी आयोजित किया गया।

### चालान संबंधी जानकारी के लिए टेली सेवा

जनपद न्यायाधीश ने बताया कि वाहन चालान और लंबित मामलों से जुड़ी जानकारी के लिए टेली सेवा भी संचालित की गई है। इसके तहत शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 7678643985 पर संपर्क किया जा सकता है। मोटर वाहन चालान के निस्तारण के लिए न्यायालय परिसर में स्थापित हेल्प डेस्क से भी सहायता ली जा सकती है। अपीलः जनपद न्यायाधीश ने लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठाने और अपने लंबित एवं सुलह योग्य मामलों का आपसी सहमति से त्वरित निस्तारण कराने की अपील की।

इस अवसर पर अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा सहित न्यायिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सौजन्य : सूचना विभाग,

# पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मेरठ और बरेली जोन की जीत

## महिला वर्ग में प्रयागराज और लखनऊ जोन ने दर्ज की जीत, सेपक टकरॉ में भी मुकाबले हुए

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 12 सितंबर। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित खेल मैदान में आयोजित 74वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 के तहत शनिवार को कई मुकाबले खेले गए।

### वॉलीबॉल में इन टीमों ने मारी बाजी

पुरुष वर्ग में मेरठ जोन ने पीएसी पश्चिमी जोन को 3-0 से तथा बरेली जोन ने आगरा जोन को 3-0 से हराया। महिला वर्ग में प्रयागराज जोन ने आगरा जोन को 2-0 और



लखनऊ जोन ने कानपुर जोन को 2-0 से पराजित किया।

### सेपक टकरॉ में भी जोरदार मुकाबले

पुरुष वर्ग के सेपक टकरॉ क्वाड इवेंट में पीएसी पश्चिमी जोन ने पीएसी मध्य जोन को 2-0 से हराया। महिला वर्ग में बरेली जोन ने लखनऊ जोन को 2-0 से मात दी।

प्रतियोगिता के अगले चरण में 13 सितंबर को वॉलीबॉल के एक क्वार्टर फाइनल और दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। वहीं सेपक टकरॉ के पुरुष वर्ग में सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर




# गढ़मुक्तेश्वर से दूधेश्वरनाथ मठ के लिए निकली 'हिंदू जागो' पदयात्रा

## यति महादेवानंद गिरि के नेतृत्व में शुरू हुई यात्रा, मंदिरों में पूजा-अर्चना और सनातन धर्म की रक्षा का संदेश

समाज जागरण

गाजियाबाद। गढ़मुक्तेश्वर के बृजघाट से यति महादेवानंद गिरि के नेतृत्व में 'हिंदू जागो, घर-बेटी अस्तित्व बचाओ' पदयात्रा शनिवार को शुरू हुई। यात्रा से पहले संतों और श्रद्धालुओं ने मां गंगा के तट पर पूजा-अर्चना की और गंगाजल लेकर गाजियाबाद स्थित दूधेश्वरनाथ मठ की ओर रवाना हुए।

### संतों ने दिया आशीर्वाद

पदयात्रा के शुभारंभ के अवसर पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि भी बृजघाट पहुंचे और यात्रियों को आशीर्वाद दिया। उनके साथ महामंडलेश्वर यति मां प्रत्यंगिरा गिरि, स्वामी राम विशाल दास, स्वामी



अभिराम दास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बृजघाट रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गौरव मिश्रा समेत अन्य लोगों ने यात्रियों का स्वागत किया।

### मंदिरों में होगी प्रार्थना

पदयात्रियों ने अमृत परिसर स्थित पारद शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित किया। आयोजकों के अनुसार यात्रा के दौरान विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव और मां जगदंबा से सनातन धर्म की रक्षा, समाज में एकता तथा सद्बुद्धि और शक्ति की प्रार्थना की जाएगी।

### राष्ट्र और हिंदू समाज को लेकर रखे विचार

यति नरसिंहानंद गिरि ने यात्रा के दौरान हिंदू समाज के सामने मौजूद चुनौतियों को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि हिंदू समाज को अपने भविष्य तथा अस्तित्व को लेकर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने अपने शिष्यों के माध्यम से इस विचार को आगे बढ़ाने की बात भी कही।

आयोजकों के अनुसार यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज में जागरूकता बढ़ाना, महिला सुरक्षा और परिवार को लेकर लोगों को जागरूक करना तथा सनातन धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करना है।

# क्यूबा ने सफलता 2.0 समेत नए वास्तु हार्डवेयर उत्पाद किए प्रस्तुत

## सात-बोल्ट वाले मुख्य द्वार ताले, फर्नीचर सुरक्षा ताले और नई कड़ी श्रृंखला के साथ उत्पाद श्रृंखला का विस्तार

समाज जागरण

नोएडा। आधुनिक घरों और अन्य भवनों के लिए वास्तु हार्डवेयर तथा डिजिटल प्रवेश समाधान उपलब्ध कराने वाले क्यूबा ने अपनी उत्पाद श्रृंखला का विस्तार करते हुए सफलता 2.0, सेप्टाबोल्ट, टॉर्क और कड़ी की नई श्रृंखला प्रस्तुत की है। कंपनी के अनुसार, इन उत्पादों को सुरक्षा, मजबूती, सुविधा और आकर्षक रूप-सज्जा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।




### व्यापारिक सहयोगियों के लिए सफलता 2.0

क्यूबा ने बढ़ई, विक्रेताओं और वितरकों के अपने देशव्यापी नेटवर्क के लिए सफलता 2.0 नाम से नया डिजिटल मंच शुरू किया है। इसमें अंक अर्जित करने, पुरस्कार पाने, मनोरंजक खेलों और परिवार से जुड़ी गतिविधियों को एक ही मंच पर शामिल किया गया है।

सदस्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अंक अर्जित कर अपनी प्रगति देख सकेंगे और अधिक अंक हासिल करने के साथ अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कंपनी का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य व्यापारिक सहयोगियों के साथ उसके संबंधों को और मजबूत करना है।

### सेप्टाबोल्ट से मुख्य द्वार की सुरक्षा मजबूत

सेप्टाबोल्ट को सात-बोल्ट वाले मुख्य द्वार के ताले के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें सात बोल्ट वाली बहु-बिंदु बंद व्यवस्था, छेड़छाड़ से सुरक्षा, अंतर्निर्मित पकड़ वाला हत्था और दोनों दिशाओं में उपयोग किया जा सकने वाला कुंडी बोल्ट दिया गया है।

कंपनी के अनुसार, इसमें 14-पिन वाली विशेष चाबी दी गई है और इसे दो लाख बार उपयोग करके जांचा गया है। यह दो प्रकार—सभी बोल्ट वाले तथा बोल्ट और कुंडी वाले—में उपलब्ध है। इसे चमकीले इस्पात, प्राचीन पीतल, गहरे काले और गुलाबी स्वर्ण रंगों में प्रस्तुत किया गया है।

### टॉर्क से अलमारी और फर्नीचर की सुरक्षा

क्यूबा का टॉर्क फर्नीचर ताला अलमारी, कपड़ों की अलमारी और संदूकनुमा फर्नीचर की सुरक्षा के लिए तैयार किया गया है। इसमें मजबूत बोल्ट, जंग से बचाने वाली सतह और विशेष चाबी की तकनीक दी गई है।

कंपनी के अनुसार, इस ताले को भी दो लाख बार उपयोग करके जांचा गया है तथा इसके साथ 15 वर्ष की वारंटी दी जा रही है।

### कड़ी की नई श्रृंखला भी प्रस्तुत

क्यूबा ने वास्तु हार्डवेयर क्षेत्र में कड़ी की नई श्रृंखला भी शामिल की है। कंपनी के अनुसार, इन्हें मजबूती, सरल उपयोग और आकर्षक रूप-सज्जा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। ये उत्पाद क्यूबा के अन्य हार्डवेयर उत्पादों के साथ भी आसानी से उपयोग किए जा सकेंगे।

### 16 वर्षों से अधिक का अनुभव

क्यूबा के मुख्य विपणन अधिकारी वसीम राही ने बताया कि 16 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ कंपनी ने दरवाजों और डिजिटल प्रवेश व्यवस्था से लेकर रसोई, कपड़ों की अलमारी, स्नानघर और कांच की फिटिंग तक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला विकसित की है।

कंपनी के पास वर्तमान में चार विनिर्माण संयंत्र, 11 हजार से अधिक उत्पाद, 10 हजार से अधिक विक्रेता, 115 से अधिक वितरक और 150 से अधिक अभियंता हैं। कंपनी की सेवाएं देश के 125 से अधिक शहरों में उपलब्ध हैं।

### मुख्य बात

सफलता 2.0, सेप्टाबोल्ट, टॉर्क और कड़ी की नई श्रृंखला के माध्यम से क्यूबा ने घरों की सुरक्षा, सुविधा और आधुनिक रूप-सज्जा से जुड़े उत्पादों की अपनी श्रृंखला को और व्यापक किया है।

## बरौला और होशियारपुर में सीवर व्यवस्था होगी बेहतर

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्राम बरौला और होशियारपुर में सीवर निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से नए संपवेल का निर्माण कराया जा रहा है। दोनों स्थानों पर लगभग 4-4 करोड़ रुपये की लागत से संपवेल तैयार किए जा रहे हैं।

### सीवेज निकासी की क्षमता बढ़ेगी

नए संपवेल के निर्माण से दोनों क्षेत्रों में सीवेज निकासी की क्षमता बढ़ेगी। इससे सीवर लाइनों के चोक होने और गंदे पानी के ओवरफ्लो की समस्या में कमी आने की उम्मीद है।

### जलभराव और गंदे पानी से राहत

परियोजना के पूरा होने के बाद गंदे पानी तथा जलभराव की समस्या से स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी। संपवेल के माध्यम से सीवेज को प्रभावी ढंग से सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.20 करोड़ से अधिक वादों का निस्तारण

## उत्तर प्रदेश में शाम छह बजे तक 1,20,45,880 मामलों का हुआ निपटारा

समाज जागरण

लखनऊ, 12 सितंबर। उत्तर प्रदेश में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शाम छह बजे तक 1,20,45,880 वादों का निस्तारण किया गया। इनमें 1,15,24,062 पूर्व-विवादित मामले तथा 5,21,818 लंबित वाद शामिल हैं।

### पूरे प्रदेश में हुआ आयोजन

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक एवं उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त तथा कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ के तत्वावधान में प्रदेशभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

यह आयोजन इलाहाबाद उच्च



न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ न्यायाधीश एवं कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति अ रिंदम सिन्हा के निर्देशन में हुआ।

### अंतिम आंकड़े अभी प्रतीक्षित

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव मनु कालिया ने बताया कि शाम छह बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर उक्त मामलों का निस्तारण किया गया है। प्राधिकरण के अनुसार, लंबित और पूर्व-विवादित मामलों के निस्तारण की अंतिम संख्या अभी प्रतीक्षित है।

### मुख्य बात

राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक 1.20 करोड़ से अधिक मामलों का निस्तारण हो चुका है। अंतिम आंकड़े आने के बाद निस्तारित मामलों की संख्या और बढ़ सकती है।

# सेक्टर-56 में संपवेल का लोकार्पण, सेक्टर-51 में शिलान्यास

सीवर व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में नोएडा प्राधिकरण की पहल, दोनों परियोजनाओं पर 6.25 करोड़ रुपये से अधिक होंगे खर्च

नोएडा, 11 सितंबर। बढ़ती आबादी के मद्देनजर नोएडा क्षेत्र की सीवर व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-56 में नवनिर्मित संपवेल का लोकार्पण तथा सेक्टर-51 में नए संपवेल का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह एवं एसीईओ पुष्पराज की उपस्थिति रही।

सेक्टर-56 में 5 एमएलडी क्षमता के नवनिर्मित संपवेल का लोकार्पण किया गया। इसके निर्माण पर 142.61 लाख रुपये की लागत आई है। इस संपवेल के माध्यम से सेक्टर-56 के सीवर के पानी का निस्तारण सेक्टर-54 स्थित सीवर शोधन संयंत्र में किया जाएगा। सेक्टर-51 में 8 एमएलडी क्षमता के नए संपवेल का शिलान्यास किया गया। इसके निर्माण पर 483.34 लाख रुपये खर्च होंगे। इससे सेक्टर-51 के भाग-बी, केंद्रीय विहार, होशियारपुर तथा संबंधित नालों के सीवर निस्तारण में सुविधा मिलेगी।

# बड़ौत में हुआ राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

आगम अनुयोग ग्रन्थ के गूढ़ सिद्धांतों, आध्यात्मिक दृष्टिकोण एवं उनके जीवनोपयोगी स्वरूप पर गंभीर मंथन के उद्देश्य से बड़ौत के अजितनाथ सभागार में आयोजित राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठीझ2026 का प्रथम दिवस अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। श्री अजित नाथ मंदिर कमेटी के तत्वावधान एवं डॉक्टर श्रेयांस जैन के निर्देशन में आयोजित गोष्ठी का संचालन इंजी. बहिन ऋषिका जैन, दमोह द्वारा किया गया। एस ए यूनिवर्सिटी नवादा के तत्त्वावधान में तथा आचार्य श्री आर्जवसागर महामुनिराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों जैसे उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली आदि से पधारे विद्वानों ने अपने शोधपूर्ण एवं सारगर्भित आलेख प्रस्तुत कर आगम के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ धनपाल जैन द्वारा ध्वजरोहण एवं महेंद्र जैन एवं मनोज जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। उपरांत संघस्थ बहिन ऋषका दीदी एवं वरदान जैन के द्वारा गुरु पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इसके पश्चात संस्कृत विद्वान अरविन्द जी तिवारी द्वारा मंगलाचरण



प्रस्तुत किया गया। मंगलाचरण की आध्यात्मिक प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं ज्ञानमय हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों का डॉ श्रेयांस जैन के द्वारा परिचय कराया गया तथा मुकेश जैन,अध्यक्ष एवं प्रदीप जैन महामंत्री,श्री अजितनाथ मंदिर कमेटी द्वारा विद्वानों को सम्मानित किया गया। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे विद्वानों की उपस्थिति ने संगोष्ठी को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में डॉ सोनल जैन दिल्ली ने आगम अनुयोग में वर्णित 12 भिक्षुक प्रतिमाएँ, असादना दोष आदि विषय पर अपना आलेख प्रस्तुत किया। उन्होंने आगम अनुयोग के चरणानुयोग पक्ष पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विशेष वर्णन किया इसके पश्चात डॉ आशीष जैन सागर जो राष्ट्रपति पुरस्कार से भी पुरस्कारित किए गए हैं, ने लोक रचना, त्रस नाड़ी, वातवलय आदि विषय पर अपना शोधपूर्ण आलेख प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से आगम के करणानुयोग के स्वरूप को स्पष्ट किया। इसी क्रम में अन्य विद्वानों ने भी अपने-अपने विषयों पर आलेख प्रस्तुत किए। विद्वानों ने आगम को केवल अध्ययन का विषय न मानकर उसे जीवन, आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति का मार्गदर्शक बताया। आलेख वाचन के दौरान विद्वानों द्वारा प्रस्तुत तर्क, शास्त्रीय प्रमाण एवं चिंतन के विविध आयाम उपस्थित श्रोताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कई विषयों पर हुए गहन विवेचन ने श्रोताओं को भी गंभीरता से सोचने और आगम साहित्य को नई दृष्टि से समझने की प्रेरणा दी। संगोष्ठी के महत्वपूर्ण चरण में आचार्य श्री आर्जवसागर महामुनिराज ने विद्वानों द्वारा प्रस्तुत आलेखों पर अपना समीक्षात्मक उद्बोधन प्रदान किया। आचार्य श्री ने कहा कि इस विद्वत संगोष्ठी में तरह-तरह की प्रतिभाएं उपस्थित हैं जिसमें कई विद्वान, डॉक्टर, प्रोफेसर, शास्त्री,आचार्य, प्रतिष्ठाचार्य ज्योतिषाचार्य, वैज्ञानिक, आदि पदों से प्रतिष्ठित हैं । उन्होंने आगम अनुयोग के अध्ययन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ जैन धर्म के मन को बताने वाला बहुत अच्छा शास्त्र है। जो श्रावकों के साथ-साथ मुनियों को भी उपयोगी है। उन्होंने कहा कि शास्त्र का उद्देश्य केवल ज्ञान की वृद्धि करना नहीं, बल्कि आत्मदृष्टि को जागृत करना और जीवन को सम्यक दिशा प्रदान करना है। आगम के मर्म को समझने के लिए केवल शब्दों का अध्ययन पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके पीछे निहित आध्यात्मिक भावना को समझना भी आवश्यक है। आचार्य श्री ने विद्वानों द्वारा किए जा रहे आगम चिंतन की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्वान ही है जो हमारे द्वादशांग से जुड़े हुए उपक्रम को आगे बढ़ते हैं और संगोष्ठियों के माध्यम से जैन धर्म के आगम का प्रचार प्रसार करते हैं। उन्होंने उपस्थित विद्वानों एवं श्रोताओं को स्वाध्याय, मनन एवं आचरण की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। संगोष्ठी में प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ श्रेयांशकुमार के द्वारा की गई एवं सरस्वत्य अतिथि के रूप में डॉ जयकुमार निशांत एवं प्रतिष्ठाचार्य विनोद कुमार जी रजवांस को नियुक्त किया गया। संगोष्ठी में द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ जयकुमार जी मुजफ्फरनगर के द्वारा की गई एवं सारस्वत्य अतिथि के रूप में डॉ अनिल कुमार जी इंदौर को नियुक्त किया गया। प्रत्येक विद्वान ने अपने अध्ययन एवं अनुभव के आधार पर विषय को स्पष्ट करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान ऐसा वातावरण बना रहा जिसमें शास्त्र, चिंतन और साधना तीनों का सुंदर समन्वय दिखाई दिया। विद्वानों के बीच विचारों का आदान-प्रदान संगोष्ठी की विशेष उपलब्धि रहा। संगोष्ठी में डॉक्टर श्रेयांस जैन, जय कुमार, निशांत, अनिल भैया, धर्मेंद्र भैया, नरेंद्र जैन, विनोद जैन, सुरेंद्र जैन, अनेकांत जैन, पंकज जैन, सुनील जैन, आशीष जैन आदि उपस्थित थे।

# घर से जेवर-नगदी लेकर युवती लापता, शादीशुदा युवक पर बहलाकर ले जाने का आरोप

**समाज जागरण बागपत।**

खेकड़ा कस्बे की नाला पार बस्ती से एक युवती घर से जेवर और नगदी लेकर लापता हो गई। परिजनों ने मोहल्ले के ही एक शादीशुदा युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार रात उनकी बेटी अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो घर में रखे करीब दो लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर और एक लाख रुपये की नगदी भी गायब मिली। बताया गया कि सोने के जेवर युवती की शादी के लिए बनवाकर रखे गए थे। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश करने के साथ ही



आसपास भी काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मोहल्ले का ही रहने वाला एक शादीशुदा युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने पुलिस से युवती का पता लगाकर सकुशल बरामद करने और मामले में कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। युवती और आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। जल्द ही युवती को बरामद कर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गणेश चतुर्थी पर खेकड़ा में 14 सितंबर को सजेगा विशाल दंगल, प्रशासनिक हरी झंडी के बाद तैयारियां तेज

-रामलीला मैदान में दिखेगा पहलवानी का हुनर

**समाज जागरण बागपत।**

खेकड़ा कस्बे की वर्षों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी भादी चौथ गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर प्रशासन की ओर से अनुमति मिल चुकी है, जिसके बाद दंगल समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गणेश चतुर्थी दंगल समिति के तत्वावधान में आगामी सोमवार, 14 सितंबर को सीएचसी के सामने स्थित रामलीला मैदान में दोपहर 2 बजे से दंगल का आगाज होगा। इस दंगल में अपनी पहलवानी का दमखम और दांव-पेच दिखाने के लिए देश के दूर-दराज इलाकों से नामी पहलवान जुटेंगे। समिति के आयोजक सत्यवीर सिंह यादव, जयसिंह यादव, राजेश



यादव, जगपाल यादव, राजेंद्र यादव और जितेंद्र यादव, आनंद यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्षा नीलम धामा द्वारा किया जाएगा। दंगल में विजयी होने वाले पहलवानों के लिए समिति की ओर से आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। निष्पक्ष मुकाबले के लिए आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि कुश्ती में निर्णायक का फैसला अंतिम और सर्वमान्य रहेगा। वहीं, बराबर पर छूटने वाली कुश्तियों के लिए कमेटी अपनी ओर से अलग से पुरस्कार राशि तय करेगी। दंगल समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त खेल प्रेमियों और आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पहलवानों का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

# दुर्गा माता मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

-ताला तोड़कर दानपात्र से नगदी, एलईडी और सामान चोरी करने का आरोप

**समाज जागरण बागपत।**

मुबारिकपुर गांव स्थित दुर्गा माता मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र से नगदी, एलईडी और अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मेरठ जनपद के ढहरा जानी गांव निवासी मोहित के रूप में हुई है। श्रद्धालुओं की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी




के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। श्रद्धालु मोहित, सतीश, विनेश, सुनील त्यागी, सत्येंद्र कुमार, कैलाश और योगेंद्र कुमार ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि आरोपी ने मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र में रखी नगदी समेत एलईडी और अन्य सामान चोरी कर लिया। कोतवाल आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गुरुकुल में ब्रह्मलीन राष्ट्र संत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई

**समाज जागरण**

बड़ौत। छपरौली रोड स्थित श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र पर विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में ब्रह्मलीन राष्ट्र संत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम संयोजक कृष्णपाल शर्मा के नेतृत्व में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उपस्थित अतिथियों ने एकजुट होकर नारा दिया - "कन्हैया और नंदी अब नहीं रहेंगे बंदी, अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है।" कार्यक्रम का संचालन आचार्य उमेश कौशिक ने किया। अध्यक्षता मास्टर मुक्तेश्वर शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि सुभाष शर्मा, ओमकार दत्त शर्मा, आचार्य संदीप दत्त गौतम सहित



कई गणमान्य मौजूद रहे। गुरुकुल के विद्यार्थियों ने अतिथियों को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान ओम प्रकाश टीटू पूर्व सभासद, चंद्रपाल छपरौली, विपुल भारद्वाज, प्रवीण शर्मा, अरविंद ठेकेदार, दीपक शर्मा, चिरंजी, अमित भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत विश्व हिंदू महासंघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी का विस्तार जिला संयोजक सुभाष शर्मा द्वारा किया गया।

# बिजली विभाग की लापरवाही से गोवंश की मौत, जिला कारागार की बत्ती गुल

**समाज जागरण बागपत।**

जर्जर बिजली तारों की अनदेखी अब्दुल्लापुर गांव में एक बड़े हादसे की वजह बन गई। देर रात जिला कारागार के सामने से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेतों में गिर गया, जिसकी चपेट में आने से शनिवार सुबह एक गोवंश की तड़प-तड़पकर मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के चलते जिला कारागार की विद्युत आपूर्ति भी ठप रही। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार सुबह मौके पर एकत्रित होकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। ग्रामीण योगेश शर्मा, गंगेश्वर शर्मा, दयानंद शर्मा और विनोद शर्मा ने आरोप लगाया कि कारागार को सप्लाई देने वाली यह लाइन लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। लगातार शिकायतों के बावजूद अधिकारियों ने सुध नहीं ली। खेतों में करंट फैलने के खौफ से मजदूर काम करने को तैयार नहीं हैं, जिससे खेती-किसानी भी प्रभावित हो रही है। मामले पर खेकड़ा बिजलीघर के जेई राजीव कुमार का कहना है कि हाईटेंशन लाइन के आगे की देखरेख की जिम्मेदारी जेल प्रशासन की है। हालांकि, स्थिति को देखते हुए लाइनमैन को मौके पर भेजकर मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है। बाद में आक्रोशित किसानों ने खुद जेसीबी का इंतजाम कर गड्ढा खुदवाया और मृत गोवंश को दफनाया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जर्जर तारों को बदलकर स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# अहिंसा सेवा ट्रस्ट ने लगाया निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**समाज जागरण**

बागपत। अहिंसा सेवा ट्रस्ट के द्वारा गांव सलावतपुर खेड़ी में डीजे हॉस्पिटल मोदीनगर के डॉक्टरों के सहयोग से निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के प्रधान अमरदीप ठाकुर और मुख्य अतिथि मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेड़ा के प्राचार्य



शिक्षारत्न प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डीजे मेडिकल हॉस्पिटल की डॉक्टरों की टीम ने शिविर में 152 लोगों के दांतों का निशुल्क परीक्षण किया। टीम ने बताया कि अधिकतर लोगों में पायरिया की समस्या पाई गई, जिनका उपचार किया गया। इस अवसर पर प्रो. राजीव गुप्ता ने कहा कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग है जो पाचन क्रिया से जुड़ा रहता है, इसलिए इसकी देखभाल जरूरी है। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी राकेश जैन ने कहा कि हर व्यक्ति को दांतों की देखभाल करनी चाहिए, इनके बिना स्वस्थ रहना कठिन है। शिविर में डॉ. दिव्या, डॉ. हर्ष, डॉ. रोहन, डॉ. रश्मि, डॉ. प्रीति, डॉ. अनीश, डॉ. आकाश सहित ग्रामवासी प्रदीप, बॉबी आदि मौजूद रहे।

# आज चंडीगढ़ में भव्य निरंकारी संत समागम

निरंकारी राज पिता रमित जी के शुभ आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 12 सितंबर :चंडीगढ़ की पावन धरती एक बार फिर आध्यात्मिक चेतना, प्रेम और मानवता के दिव्य संदेश से आलोकित होने जा रही है। निरंकारी राजपिता रमित जी, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का पावन संदेश प्रदान करने हेतु 13 सितंबर को चंडीगढ़ पहुंचेंगे। इस पावन अवसर पर मेला ग्राउंड, सेक्टर-34, चंडीगढ़ में भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा।इस दिव्य संत समागम में चंडीगढ़ ट्राइसिटी के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालु इस पावन अवसर पर सतगुरु के दिव्य संदेश का श्रवण कर आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त करेगी तथा अपने जीवन में प्रेम, सद्भाव, सेवा, सहनशीलता और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेगी।चंडीगढ़ जोन के



जोनल इंचार्ज श्री ओ.पी. निरंकारी ने बताया कि संत समागमों का मूल उद्देश्य मानव एकता के माध्यम से विश्व में प्रेम, शांति और भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। जब प्रत्येक हृदय में प्रेम और प्रत्येक व्यवहार में मानवता का भाव होगा, तभी समूचा विश्व ह्यसमस्त संसार एक परिवार की सुंदर भावना को साकार कर सकेगा।इस आयोजन के अंतर्गत संत समागम की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। बड़ी संख्या में सेवादार पूरे समर्पण, श्रद्धा और सेवाभाव के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। समागम स्थल को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने हेतु सेवादार निःस्वार्थ भाव से सेवा में तत्पर हैं। ग्राउंड की साफ-सफाई से लेकर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं तक, प्रत्येक कार्य को प्रेम और अनुशासन के साथ पूर्ण किया जा रहा है।स्थानीय जोनल इंचार्ज ने समस्त श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से हार्दिक आह्वान किया कि वे इस पावन संत समागम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सतगुरु के दिव्य संदेश का लाभ उठाएं और अपने जीवन को भक्ति, प्रेम, सेवा एवं मानवता के प्रकाश से प्रकाशित करें।निसंदेह यह संत समागम न केवल आध्यात्मिक प्रेरणा का अवसर बनेगा, बल्कि मानवता के उस सुंदर संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाएगा जिसमें प्रेम ही जीवन का आधार है और मानव एकता ही विश्व शांति का मार्ग है।

# भारत माता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

**(पंजाब चीफ ब्यूरो समाज जागरण)**

जैसे,12 सितंबर : चुन्नीलाल सचदेवा डी.ए.वी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जैतो में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'भारत माता अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जैतो नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला देवी, भारत माता अभिनंदन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गोयल बिट्टू बादल, भारत माता अभिनंदन संगठन के शहरी अध्यक्ष कश्मीरी लाल गर्ग घनिये वाले, मारवाड़ी सभा अध्यक्ष राज कुमार गर्ग , अग्रवाल सभा अध्यक्ष मुकेश गोयल, पूर्व नगर कौंसिलर जतिंदर बंसल जीतू घनीये वाले एवं सर्वहितकारी विद्या मंदिर के अध्यक्ष रमेश बंसल उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों



ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, कविताएँ एवं भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने भारत की एकता, अखंडता और गौरव को दर्शाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में देशभक्ति की भावना का वातावरण देखने को मिला।विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने देश के प्रति सम्मान, प्रेम और कर्तव्य की भावना को सदैव अपने जीवन में बनाए रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान प्रधानाचार्या जी ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह उनकी आभारी हैं जिन्होंने, अपने कीमती समय में से समय निकालकर उनके स्कूल के विद्यार्थियों का होंसला बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया।

# एडवोकेट धामी ने पूर्व सांसद वरिंदर सिंह बाजवा के निधन पर दुख जताया

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 12 सितंबर : शिरोमणि अकाली दल के सीनियर लीडर और पूर्व सांसद वरिंदर सिंह बाजवा का निधन हो गया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने पूर्व सांसद वरिंदर सिंह बाजवा के निधन पर गहरा दुख जताया है। एडवोकेट धामी ने कहा कि स.



वरिंदर सिंह बाजवा ने हमेशा लोगों की भलाई के लिए सोशल वर्क करने की कोशिश की। उन्होंने अध्यक्ष के तौर पर बाजवा के समय को याद करते हुए कहा कि उन्होंने पार्लियामेंट में पब्लिक इश्यूज पर बात की। ऐसे लीडर का जाना परिवार और समाज के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। उन्होंने कहा कि वरिंदर सिंह बाजवा के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताते हुए भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिवार और चाहने वालों को यह दुख सहने की ताकत दें।

# बहल में SIR-2026 अभियान की प्रगति की समीक्षा

12-13 और 26-27 सितंबर को सभी मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर
सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मौजूद रहेंगे बीएलओ; दर्शना श्योराण बोलीं– कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से न रहे वंचित

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर शनिवार को सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) एवं खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना श्योराण की अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के तहत अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना श्योराण ने बीएलओ सुपरवाइजरों की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए अपने अधीनस्थ बीएलओ के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि क्षेत्र का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

**चार दिन मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर**

एईआरओ दर्शना श्योराण ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 व 13 सितंबर तथा 26 व 27 सितंबर को खंड के सभी मतदान केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन चारों दिनों में सभी बीएलओ सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बीएलओ को घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं से संपर्क करने और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना आवश्यक प्रमाण-पत्र के आवेदन स्वीकार नहीं करने और प्रतिदिन प्राप्त होने वाले दावों एवं आपत्तियों की रिपोर्ट निर्धारित समय पर कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा।

**नाम नहीं है तो फॉर्म-6 से कर सकेंगे आवेदन**

दर्शना श्योराण ने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे आयु एवं पते के प्रमाण, पासपोर्ट आकार के फोटो तथा घोषणा-पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के पात्र नागरिकों से विशेष शिविरों का लाभ उठाने और मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण की जांच करने की अपील की।

# ए बी पी एस एस के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद के नेतृत्व में संगठन की टीम ने पत्रकार अजहान अंसारी के आवास पर पहुंचकर की मुलाकात

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति समिति के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद जी के नेतृत्व में संगठन की टीम कोतवाली देहात निवासी पत्रकार साथी अजहान अंसारी भाई के आवास पर पहुची वहां अजहान अंसारी से मुलाकात की और हाल ही में पत्रकार अजहान अंसारी के साथ ग्राम प्रधानपति द्वारा की गई अभद्रता और मारपीट की घटना की निंदा की और साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तत्काल कार्यवाही और आरोपी को जेल भेजने की सराहना की। इस मौके पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने पत्रकार अजहान अंसारी





को तन मन धन से साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। पत्रकार अजहान अंसारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात से भी संगठन के पदाधिकारियो ने मुलाकात की और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद, अशरफ अली, अल्ताफ रजा, नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी, महामंत्री सुहेल राजू, झालू निवासी अकबर, शाही अराफात सैफी, महिला पत्रकार सपना वर्मा, नसीम अहमद, गुलजार शेख आदि मौजूद रहे।

# बड़ौत में हुआ राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**
आगम अनुयोग ग्रन्थ के गूढ़ सिद्धांतों, आध्यात्मिक दृष्टिकोण एवं उनके जीवनोपयोगी स्वरूप पर गंभीर मंथन के उद्देश्य से बड़ौत के अजितनाथ सभागार में आयोजित राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठीझ2026 का प्रथम दिवस अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। श्री अजित नाथ मंदिर कमेटी के तत्वावधान एवं डॉक्टर श्रेयांस जैन के निर्देशन में आयोजित गोष्ठी का संचालन इंजी. बहिन ऋषिका जैन, दमोह द्वारा किया गया। एस ए यूनिवर्सिटी नवादा के तत्त्वावधान में तथा आचार्य श्री आर्जवसागर महामुनिराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों जैसे उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली आदि से पधारे विद्वानों ने अपने शोधपूर्ण एवं सारगर्भित आलेख प्रस्तुत कर आगम के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ धनपाल जैन द्वारा ध्वजरोहण एवं महेंद्र जैन एवं मनोज जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। उपरांत संघस्थ बहिन ऋषका दीदी एवं वरदान जैन के द्वारा गुरु पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इसके पश्चात संस्कृत विद्वान अरविन्द जी तिवारी द्वारा मंगलाचरण



प्रस्तुत किया गया। मंगलाचरण की आध्यात्मिक प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं ज्ञानमय हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों का डॉ श्रेयांस जैन के द्वारा परिचय कराया गया तथा मुकेश जैन,अध्यक्ष एवं प्रदीप जैन महामंत्री,श्री अजितनाथ मंदिर कमेटी द्वारा विद्वानों को सम्मानित किया गया। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे विद्वानों की उपस्थिति ने संगोष्ठी को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में डॉ सोनल जैन दिल्ली ने आगम अनुयोग में वर्णित 12 भिक्षुक प्रतिमाएँ, असादना दोष आदि विषय पर अपना आलेख प्रस्तुत किया। उन्होंने आगम अनुयोग के चरणानुयोग पक्ष पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विशेष वर्णन किया इसके पश्चात डॉ आशीष जैन सागर जो राष्ट्रपति पुरस्कार से भी पुरस्कारित किए गए हैं, ने लोक रचना, त्रस नाड़ी, वातवलय आदि विषय पर अपना शोधपूर्ण आलेख प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से आगम के करणानुयोग के स्वरूप को स्पष्ट किया। इसी क्रम में अन्य विद्वानों ने भी अपने-अपने विषयों पर आलेख प्रस्तुत किए। विद्वानों ने आगम को केवल अध्ययन का विषय न मानकर उसे जीवन, आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति का मार्गदर्शक बताया। आलेख वाचन के दौरान विद्वानों द्वारा प्रस्तुत तर्क, शास्त्रीय प्रमाण एवं चिंतन के विविध आयाम उपस्थित श्रोताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कई विषयों पर हुए गहन विवेचन ने श्रोताओं को भी गंभीरता से सोचने और आगम साहित्य को नई दृष्टि से समझने की प्रेरणा दी। संगोष्ठी के महत्वपूर्ण चरण में आचार्य श्री आर्जवसागर महामुनिराज ने विद्वानों द्वारा प्रस्तुत आलेखों पर अपना समीक्षात्मक उद्बोधन प्रदान किया। आचार्य श्री ने कहा कि इस विद्वत संगोष्ठी में तरह-तरह की प्रतिभाएं उपस्थित हैं जिसमें कई विद्वान, डॉक्टर, प्रोफेसर, शास्त्री,आचार्य, प्रतिष्ठाचार्य ज्योतिषाचार्य, वैज्ञानिक, आदि पदों से प्रतिष्ठित हैं । उन्होंने आगम अनुयोग के अध्ययन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ जैन धर्म के मन को बताने वाला बहुत अच्छा शास्त्र है। जो श्रावकों के साथ-साथ मुनियों को भी उपयोगी है। उन्होंने कहा कि शास्त्र का उद्देश्य केवल ज्ञान की वृद्धि करना नहीं, बल्कि आत्मदृष्टि को जागृत करना और जीवन को सम्यक दिशा प्रदान करना है। आगम के मर्म को समझने के लिए केवल शब्दों का अध्ययन पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके पीछे निहित आध्यात्मिक भावना को समझना भी आवश्यक है। आचार्य श्री ने विद्वानों द्वारा किए जा रहे आगम चिंतन की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्वान ही है जो हमारे द्वादशांग से जुड़े हुए उपक्रम को आगे बढ़ते हैं और संगोष्ठियों के माध्यम से जैन धर्म के आगम का प्रचार प्रसार करते हैं। उन्होंने उपस्थित विद्वानों एवं श्रोताओं को स्वाध्याय, मनन एवं आचरण की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। संगोष्ठी में प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ श्रेयांशकुमार के द्वारा की गई एवं सरस्वत्य अतिथि के रूप में डॉ जयकुमार निशांत एवं प्रतिष्ठाचार्य विनोद कुमार जी रजवांस को नियुक्त किया गया। संगोष्ठी में द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ जयकुमार जी मुजफ्फरनगर के द्वारा की गई एवं सारस्वत्य अतिथि के रूप में डॉ अनिल कुमार जी इंदौर को नियुक्त किया गया। प्रत्येक विद्वान ने अपने अध्ययन एवं अनुभव के आधार पर विषय को स्पष्ट करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान ऐसा वातावरण बना रहा जिसमें शास्त्र, चिंतन और साधना तीनों का सुंदर समन्वय दिखाई दिया। विद्वानों के बीच विचारों का आदान-प्रदान संगोष्ठी की विशेष उपलब्धि रहा। संगोष्ठी में डॉक्टर श्रेयांस जैन, जय कुमार, निशांत, अनिल भैया, धर्मेंद्र भैया, नरेंद्र जैन, विनोद जैन, सुरेंद्र जैन, अनेकांत जैन, पंकज जैन, सुनील जैन, आशीष जैन आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा माता मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

-ताला तोड़कर दानपात्र से नगदी, एलईडी और सामान चोरी करने का आरोप

**समाज जागरण बागपत।**
मुबारिकपुर गांव स्थित दुर्गा माता मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र से नगदी, एलईडी और अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मेरठ जनपद के ढहरा जानी गांव निवासी मोहित के रूप में हुई है। श्रद्धालुओं की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी



के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। श्रद्धालु मोहित, सतीश, विनेश, सुनील त्यागी, सत्येंद्र कुमार, कैलाश और योगेंद्र कुमार ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि आरोपी ने मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र में रखी नगदी समेत एलईडी और अन्य सामान चोरी कर लिया। कोतवाल आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अहिंसा सेवा ट्रस्ट ने लगाया निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**समाज जागरण**
बागपत। अहिंसा सेवा ट्रस्ट के द्वारा गांव सलावतपुर खेड़ी में डीजे हॉस्पिटल मोदीनगर के डॉक्टरों के सहयोग से निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के प्रधान अमरदीप ठाकुर और मुख्य अतिथि मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेड़ा के प्राचार्य



शिक्षारत्न प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डीजे मेडिकल हॉस्पिटल की डॉक्टरों की टीम ने शिविर में 152 लोगों के दांतों का निशुल्क परीक्षण किया। टीम ने बताया कि अधिकतर लोगों में पायरिया की समस्या पाई गई, जिनका उपचार किया गया। इस अवसर पर प्रो. राजीव गुप्ता ने कहा कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग है जो पाचन क्रिया से जुड़ा रहता है, इसलिए इसकी देखभाल जरूरी है। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी राकेश जैन ने कहा कि हर व्यक्ति को दांतों की देखभाल करनी चाहिए, इनके बिना स्वस्थ रहना कठिन है। शिविर में डॉ. दिव्या, डॉ. हर्ष, डॉ. रोहन, डॉ. रश्मि, डॉ. प्रीति, डॉ. अनीश, डॉ. आकाश सहित ग्रामवासी प्रदीप, बॉबी आदि मौजूद रहे।

## एडवोकेट धामी ने पूर्व सांसद वरिंदर सिंह बाजवा के निधन पर दुख जताया

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**
जैतो, 12 सितंबर : शिरोमणि अकाली दल के सीनियर लीडर और पूर्व सांसद वरिंदर सिंह बाजवा का निधन हो गया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने पूर्व सांसद वरिंदर सिंह बाजवा के निधन पर गहरा दुख जताया है। एडवोकेट धामी ने कहा कि स.



वरिंदर सिंह बाजवा ने हमेशा लोगों की भलाई के लिए सोशल वर्क करने की कोशिश की। उन्होंने अध्यक्ष के तौर पर बाजवा के समय को याद करते हुए कहा कि उन्होंने पार्लियामेंट में पब्लिक इश्यूज पर बात की। ऐसे लीडर का जाना परिवार और समाज के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। उन्होंने कहा कि वरिंदर सिंह बाजवा के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताते हुए भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिवार और चाहने वालों को यह दुख सहने की ताकत दें।

## गुरुकुल में ब्रह्मलीन राष्ट्र संत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई

**समाज जागरण**

बड़ौत। छपरौली रोड स्थित श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र पर विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में ब्रह्मलीन राष्ट्र संत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम संयोजक कृष्णपाल शर्मा के नेतृत्व में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उपस्थित अतिथियों ने एकजुट होकर नारा दिया - "कन्हैया और नंदी अब नहीं रहेंगे बंदी, अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है।" कार्यक्रम का संचालन आचार्य उमेश कौशिक ने किया। अध्यक्षता मास्टर मुक्तेश्वर शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि सुभाष शर्मा, ओमकार दत्त शर्मा, आचार्य संदीप दत्त गौतम सहित




कई गणमान्य मौजूद रहे। गुरुकुल के विद्यार्थियों ने अतिथियों को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान ओम प्रकाश टीटू पूर्व सभासद, चंद्रपाल छपरौली, विपुल भारद्वाज, प्रवीण शर्मा, अरविंद ठेकेदार, दीपक शर्मा, चिरंजी, अमित भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत विश्व हिंदू महासंघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी का विस्तार जिला संयोजक सुभाष शर्मा द्वारा किया गया।

## आज चंडीगढ़ में भव्य निरंकारी संत समागम

### निरंकारी राज पिता रमित जी के शुभ आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**
जैतो, 12 सितंबर :चंडीगढ़ की पावन धरती एक बार फिर आध्यात्मिक चेतना, प्रेम और मानवता के दिव्य संदेश से आलोकित होने जा रही है। निरंकारी राजपिता रमित जी, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का पावन संदेश प्रदान करने हेतु 13 सितंबर को चंडीगढ़ पहुंचेंगे। इस पावन अवसर पर मेला ग्राउंड, सेक्टर-34, चंडीगढ़ में भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा।इस दिव्य संत समागम में चंडीगढ़ ट्राइसिटी के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालु इस पावन अवसर पर सतगुरु के दिव्य संदेश का श्रवण कर आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त करेगी तथा अपने जीवन में प्रेम, सद्भाव, सेवा, सहनशीलता और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेगी।चंडीगढ़ जोन के



जोनल इंचार्ज श्री ओ.पी. निरंकारी ने बताया कि संत समागमों का मूल उद्देश्य मानव एकता के माध्यम से विश्व में प्रेम, शांति और भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। जब प्रत्येक हृदय में प्रेम और प्रत्येक व्यवहार में मानवता का भाव होगा, तभी समूचा विश्व ह्यसमस्त संसार एक परिवार की सुंदर भावना को साकार कर सकेगा।इस आयोजन के अंतर्गत संत समागम की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। बड़ी संख्या में सेवादार पूरे समर्पण, श्रद्धा और सेवाभाव के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। समागम स्थल को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने हेतु सेवादार निःस्वार्थ भाव से सेवा में तत्पर हैं। ग्राउंड की साफ-सफाई से लेकर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं तक, प्रत्येक कार्य को प्रेम और अनुशासन के साथ पूर्ण किया जा रहा है।स्थानीय जोनल इंचार्ज ने समस्त श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से हार्दिक आह्वान किया कि वे इस पावन संत समागम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सतगुरु के दिव्य संदेश का लाभ उठाएं और अपने जीवन को भक्ति, प्रेम, सेवा एवं मानवता के प्रकाश से प्रकाशित करें।निसंदेह यह संत समागम न केवल आध्यात्मिक प्रेरणा का अवसर बनेगा, बल्कि मानवता के उस सुंदर संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाएगा जिसमें प्रेम ही जीवन का आधार है और मानव एकता ही विश्व शांति का मार्ग है।

## बहल में SIR-2026 अभियान की प्रगति की समीक्षा

**12-13 और 26-27 सितंबर को सभी मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर**

**सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मौजूद रहेंगे बीएलओ; दर्शना श्योराण बोलीं– कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से न रहे वंचित**

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**
बहल। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर शनिवार को सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) एवं खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना श्योराण की अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के तहत अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना श्योराण ने बीएलओ सुपरवाइजरों की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए अपने अधीनस्थ बीएलओ के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि क्षेत्र का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

**चार दिन मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर**

एईआरओ दर्शना श्योराण ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 व 13 सितंबर तथा 26 व 27 सितंबर को खंड के सभी मतदान केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन चारों दिनों में सभी बीएलओ सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बीएलओ को घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं से संपर्क करने और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना आवश्यक प्रमाण-पत्र के आवेदन स्वीकार नहीं करने और प्रतिदिन प्राप्त होने वाले दावों एवं आपत्तियों की रिपोर्ट निर्धारित समय पर कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा।

**नाम नहीं है तो फॉर्म-6 से कर सकेंगे आवेदन**

दर्शना श्योराण ने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे आयु एवं पते के प्रमाण, पासपोर्ट आकार के फोटो तथा घोषणा-पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के पात्र नागरिकों से विशेष शिविरों का लाभ उठाने और मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण की जांच करने की अपील की।

## घर से जेवर-नगदी लेकर युवती लापता, शादीशुदा युवक पर बहलाकर ले जाने का आरोप

**समाज जागरण बागपत।**
खेकड़ा कस्बे की नाला पार बस्ती से एक युवती घर से जेवर और नगदी लेकर लापता हो गई। परिजनों ने मोहल्ले के ही एक शादीशुदा युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार रात उनकी बेटी अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो घर में रखे करीब दो लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर और एक लाख रुपये की नगदी भी गायब मिली। बताया गया कि सोने के जेवर युवती की शादी के लिए बनवाकर रखे गए थे। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश करने के साथ ही



आसपास भी काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मोहल्ले का ही रहने वाला एक शादीशुदा युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने पुलिस से युवती का पता लगाकर सकुशल बरामद करने और मामले में कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। युवती और आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। जल्द ही युवती को बरामद कर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गणेश चतुर्थी पर खेकड़ा में 14 सितंबर को सजेगा विशाल दंगल, प्रशासनिक हरी झंडी के बाद तैयारियां तेज

-रामलीला मैदान में दिखेगा पहलवानी का हुनर

**समाज जागरण बागपत।**
खेकड़ा कस्बे की वर्षों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी भादी चौथ गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर प्रशासन की ओर से अनुमति मिल चुकी है, जिसके बाद दंगल समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गणेश चतुर्थी दंगल समिति के तत्वावधान में आगामी सोमवार, 14 सितंबर को सीएचसी के सामने स्थित रामलीला मैदान में दोपहर 2 बजे से दंगल का आगाज होगा। इस दंगल में अपनी पहलवानी का दमखम और दांव-पेच दिखाने के लिए देश के दूर-दराज इलाकों से नामी पहलवान जुटेंगे। समिति के आयोजक सत्यवीर सिंह यादव, जयसिंह यादव, राजेश



यादव, जगपाल यादव, राजेंद्र यादव और जितेंद्र यादव, आनंद यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्षा नीलम धामा द्वारा किया जाएगा। दंगल में विजयी होने वाले पहलवानों के लिए समिति की ओर से आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। निष्पक्ष मुकाबले के लिए आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि कुश्ती में निर्णायक का फैसला अंतिम और सर्वमान्य रहेगा। वहीं, बराबर पर छूटने वाली कुश्तियों के लिए कमेटी अपनी ओर से अलग से पुरस्कार राशि तय करेगी। दंगल समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त खेल प्रेमियों और आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पहलवानों का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

## बिजली विभाग की लापरवाही से गोवंश की मौत, जिला कारागार की बत्ती गुल

**समाज जागरण बागपत।**
जर्जर बिजली तारों की अनदेखी अब्दुल्लापुर गांव में एक बड़े हादसे की वजह बन गई। देर रात जिला कारागार के सामने से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेतों में गिर गया, जिसकी चपेट में आने से शनिवार सुबह एक गोवंश की तड़प-तड़पकर मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के चलते जिला कारागार की विद्युत आपूर्ति भी ठप रही। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार सुबह मौके पर एकत्रित होकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। ग्रामीण योगेश शर्मा, गंगेश्वर शर्मा, दयानंद शर्मा और विनोद शर्मा ने आरोप लगाया कि कारागार को सप्लाई देने वाली यह लाइन लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। लगातार शिकायतों के बावजूद अधिकारियों ने सुध नहीं ली। खेतों में करंट फैलने के खौफ से मजदूर काम करने को तैयार नहीं हैं, जिससे खेती-किसानी भी प्रभावित हो रही है। मामले पर खेकड़ा बिजलीघर के जेई राजीव कुमार का कहना है कि हाईटेंशन लाइन के आगे की देखरेख की जिम्मेदारी जेल प्रशासन की है। हालांकि, स्थिति को देखते हुए लाइनमैन को मौके पर भेजकर मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है। बाद में आक्रोशित किसानों ने खुद जेसीबी का इंतजाम कर गड्ढा खुदवाया और मृत गोवंश को दफनाया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जर्जर तारों को बदलकर स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## भारत माता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

**(पंजाब चीफ ब्यूरो समाज जागरण)**

जैसे,12 सितंबर : चुन्नीलाल सचदेवा डी.ए.वी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जैतो में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'भारत माता अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जैतो नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला देवी, भारत माता अभिनंदन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गोयल बिट्टू बादल, भारत माता अभिनंदन संगठन के शहरी अध्यक्ष कश्मीरी लाल गर्ग घनिये वाले, मारवाड़ी सभा अध्यक्ष राज कुमार गर्ग , अग्रवाल सभा अध्यक्ष मुकेश गोयल, पूर्व नगर कौंसिलर जतिंदर बंसल जीतू घनीये वाले एवं सर्वहितकारी विद्या मंदिर के अध्यक्ष रमेश बंसल उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों



ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, कविताएँ एवं भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने भारत की एकता, अखंडता और गौरव को दशार्ते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में देशभक्ति की भावना का वातावरण देखने को मिला।विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने देश के प्रति सम्मान, प्रेम और कर्तव्य की भावना को सदैव अपने जीवन में बनाए रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान प्रधानाचार्या जी ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह उनकी आभारी हैं जिन्होंने, अपने कीमती समय में से समय निकालकर उनके स्कूल के विद्यार्थियों का होंसला बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया।

## ए बी पी एस एस के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद के नेतृत्व में संगठन की टीम ने पत्रकार अजहान अंसारी के आवास पर पहुंचकर की मुलाकात

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति समिति के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद जी के नेतृत्व में संगठन की टीम कोतवाली देहात निवासी पत्रकार साथी अजहान अंसारी भाई के आवास पर पहुची वहां अजहान अंसारी से मुलाकात की और हाल ही में पत्रकार अजहान अंसारी के साथ ग्राम प्रधानपति द्वारा की गई अभद्रता और मारपीट की घटना की निंदा की और साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तत्काल कार्यवाही और आरोपी को जेल भेजने की सराहना की। इस मौके पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने पत्रकार अजहान अंसारी



को तन मन धन से साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। पत्रकार अजहान अंसारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात से भी संगठन के पदाधिकारियो ने मुलाकात की और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद, अशरफ अली, अल्ताफ रजा, नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी, महामंत्री सुहेल राजू, झालू निवासी अकबर, शाही अराफात सैफी, महिला पत्रकार सपना वर्मा, नसीम अहमद, गुलजार शेख आदि मौजूद रहे।

# अम्बालिका इंस्टीट्यूट में यूथ पार्लियामेंट का हुआ भव्य समापन

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




मोहनलालगंज। अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में स्टूडेंट डेवलपमेंट काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय यूथ पार्लियामेंट-मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस का शनिवार को भव्य समापन हुआ। वन वर्ल्ड, वन वॉयस, काउंटलेस परस्पेक्टिव्स थीम पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद, संवाद, कूटनीति और नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि रामपुर खास, प्रतापगढ़ की विधायक एवं अम्बालिका इंस्टीट्यूट की उपाध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। युवाओं को नेशन फर्स्ट यानी राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ आगे बढ़ते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जॉब सीकर के बजाय जॉब गिवर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। प्रतिभा, ऊर्जा और नए विचारों से भरपूर युवा देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के ट्रस्टी नंदजा मिश्रा एवं राघव मिश्रा मौजूद रहे। संस्थान के महानिदेशक प्रो. एस.क्यू. अब्बास, निदेशक प्रो. आशुतोष द्विवेदी एवं अपर निदेशक प्रो. श्वेता मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया।दो दिवसीय सत्र में विद्यार्थियों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर तर्कपूर्ण ढंग से अपने विचार रखे और कूटनीतिक प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आस्था अग्रवाल, अरुणा पाल, आदित्य राय और अखिल बाजपेयी को विजेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतर मीडिया रिपोर्टिंग के लिए महिमा सिंह तथा उत्कृष्ट फोटोग्राफी के लिए नूर अख्तर को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन डीन एकेडमिक्स प्रो. अभिषेक मिश्रा एवं कन्वीनर प्रिया वर्मा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में फैकल्टी कोऑर्डिनेटर्स निदा इकबाल, अरुणिमा सिंह एवं अमित श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# इंदिरा चौक पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सक्रिय दिखी मिशन शक्ति टीम

## महिलाओं और युवतियों से संवाद कर बताए सुरक्षा के उपाय, परेशानी में पुलिस की मदद लेने की अपील

**समाज जागरण**

बबराला/संभल। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को बबराला के इंदिरा चौक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सार्वजनिक स्थान पर पहुंची मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और युवतियों से सीधे संवाद कर उनकी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर जानकारी दी। इस दौरान जगबीर सिंह, मीनाक्षी और रेनु कुशवाहा ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या असुरक्षा महसूस होने पर चुप रहने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दें। टीम ने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन और पुलिस सहायता के माध्यमों की



जानकारी देते हुए कहा कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। टीम ने युवतियों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल के दौरान भी सावधानी बरतने, अनजान लोगों से निजी जानकारी साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी परिजनों अथवा पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अभियान के दौरान महिलाओं से निर्भीक होकर अपनी बात रखने और जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने की अपील की गई।

# नगराम में पुलिस की कार्रवाई, 5 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

नगराम पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस के अनुसार शनिवार को थाना नगराम पुलिस टीम अब्बासनगर




गांव से करीब 200 मीटर दूर जंगल की तरफ गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची शराब लेकर जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से प्लास्टिक की पिपिया में करीब 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।पकड़े गए आरोपी की पहचान विपिन पुत्र रामनरेश, निवासी बख्शखेड़ा मजरा कुड़ौली, थाना बछरावां, जिला रायबरेली के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गोसाईगंज में लगी पीडीए चौपाल, संविधान बचाने का आह्वान.....

**समाज जागरण**

मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के गोसाईंगंज ब्लॉक की चांद सराय, सेल्हूमऊ, गुलाल खेड़ा और चंडीदीन का पुरवा में शनिवार को हो बाबा साहब के मान पर चर्चा, घर-घर पहुंचे पीडीए पर्चा अभियान के तहत पीडीए चौपाल आयोजित की गई।मुख्य अतिथि सपा सांसद आरके चौधरी ने भाजपा सरकार



पर संविधान और लोकतंत्र से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए 2027 में सपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा सरकार को हटाना जरूरी है। उन्होंने सपा सरकार बनने पर महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, मुफ्त शिक्षा, लैपटॉप व रोजगार सहित किसानों की कर्जमाफी का दावा किया।कार्यक्रम में संतोष रावत, उमाशंकर वर्मा सहित सपा नेता, कार्यकर्ता और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बहजोई का निरीक्षण कर थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई की गयी ।

**समाज जागरण**




बहजोई। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा थाना बहजोई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए प्रचलित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चैक किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र व साइबर हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली गयी तथा आगंतुकों एवं फरियादियों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिलेखों को अद्यावधिक रखने, लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने, अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा थाना परिसर में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आम जन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा लोगों से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 91 मामलों की सुनवाई, समझौते से 7 परिवारों को मिलाया

**समाज जागरण**

बहजोई। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक थानाध्यक्ष डा0 रूकमपाल सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। दौरान काउंसलिंग कुल 91 पत्रावलियों को सुनकर 20 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिंग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 07 परिवारों को मिलाया गया एवं 03 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 10 पत्रावलियों पर आवेदिका/आवेदक द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित न होने व बल न दिये जाने के कारण बन्द किया गया। इस अवसर पर काउंसलर लवमोहन वाषर्णेय, संगीता भार्गव, स्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, कंचन माहेश्वरी, तथा महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी विनीता आदि लोग उपस्थित रहें।

# रेलवे सुरक्षा और नशा मुक्ति के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**समाज जागरण**

बबराला/संभल। श्री साईं कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को नशा मुक्ति एवं रेलवे सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी दी। एसआई सविता ने छात्रों को नशे से



होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशे की लत युवा पीढ़ी के भविष्य को प्रभावित कर रही है, इसलिए विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। इस दौरान रेलवे सुरक्षा को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्हें रेलवे ट्रैक पर नहीं चलने, रेलवे फाटक बंद होने पर जल्दबाजी में लाइन पार नहीं करने तथा रेलवे लाइन के आसपास सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। कांस्टेबल हरिओम मीना ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 31562 वाद हुए निस्तारित

**समाज जागरण**

चन्दौसी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उ०प्र० के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चंदौसी, डॉ. विदुषी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में माँ सरस्वती का पूजन अर्चन एवं दीप प्रावलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। सिविल कोर्ट चंदौसी व बाह्य स्थित न्यायालय सम्भल व गुन्नौर एवं समस्त राजस्व चलबन्दी न्यायालयों एवं बैंकों (इलाहाबाद बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, प्रथमा यू० पी० ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, बैंक आफ इण्डिया, केनरा बैंक,) द्वारा प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सम्भल स्थित चंदौसी दिव्या गर्ग एवं बार के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह



व अन्य अधिवक्तागण, बैंक के कर्मचारीगण व न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे एवं सिविल जज। जूट डि०।, बाह्य न्यायालय सम्भल ललित कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बाहा न्यायालय सम्भल दिव्या चिण्डालिया एवं सिविल जज। जू० डि०। बाह्य न्यायालय गुन्नौर अभिषेक सिंह द्वारा अपने-अपने न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करते हुए जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चंदौसी मुख्यालय व बाह्य न्यायालय सम्भल व गुन्नौर द्वारा कुल 5006 वादों का निस्तारण किया गया। समस्त मामलो में अर्थदण्ड/प्रतिकर के रूप मे कुल मु0 28211043/-रू० वसूल/प्रदत्त कराये गये। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, सम्भल मचला अग्रवाल द्वारा 81 वादो का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी, एम० ए० सी० टी०, सम्भल प्रतिभा सक्सेना प्रथम द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के 22 वादों का निस्तारण करते हुए पीड़ित पक्ष को मु0-27660723/-रू० प्रतिकर के रूप में दिलवाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश चंदौसी, सम्भल स्थित चंदौसी आरती फौजदार द्वारा 353 वादो का निस्तारण करते हुए मु0-5000/-रुपए जुमार्ना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी एक्ट, सम्भल स्थित चंदौसी रागिनी द्वारा 08 वाद का निस्तारण करते हुए मु0-4000/-रुपए जुमार्ना किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री अवधेश कुमार सिंह द्वारा 06 वाद का निस्तारण करते हुए मु0-11500/-रुपए जुमार्ना किया गया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सम्भल स्थित चंदौसी दीपक कुमार जायसवाल द्वारा 2429 वादों का निस्तारण करते हुए मु० 482950/-रुपए जुमार्ना किया गया। सिविल जज। सी० डि०। चंदौसी पराग यादव द्वारा 401 वाद का निस्तारण करते हुए मु०-6950/-रुपए अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज । सी० डि०। संभल स्थित चंदौसी आदित्य सिंह, द्वारा 141 वाथ का निस्तारण करते हुए मु0-2150/-रुपए अर्थदण्ड वसूल किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चन्दौसी नावेद अख्तर द्वारा 169 वाद का निस्तारण करते हुए मु0-1500/-रुपए अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज । जू० डि०। सम्भल स्थित चंदौसी श्रीमती दिव्या गर्न द्वारा 149 वादों का निस्तारण किया गया तथा मु0-1600/-रू० अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज । जू० डि०। जे० एम० बाह्य न्यायालय सम्भल, ललित कुमार द्वारा 527 वादो का निस्तारण करते हुए मु0-4610/-रुपए जुमार्ना वसूल किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बाह्य न्यायालय सम्भल दिव्या चिण्डालिया द्वारा 50 वादों का निस्तारण करते हुए मु०- 22510/-रुपए जुमार्ना वसूल किया गया। सिविल जज । जू० डि०। न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय गुन्नौर अभिषेक सिंह द्वारा 660 वादों का निस्तारण करते हुए मु०-6550/-रुपए जुमार्ना वसूल किया गया।

जनपद सम्भल के समस्त राजस्व न्यायालय द्वारा 25764 वादों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम द्वारा 16 वादो का निस्तारण करते हुए मु०- 8987827/- रुपए समझौते की धनराशि प्राप्त करायी गयी। जनपद सम्भल के विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 691 मामलों का निस्तारण कर मु०-91057000/-रुपए की धनराशि समझौते के उपरान्त प्राप्त की गई।

# शीशम के दो पेड़ काटने के आरोप में दो भाइयों पर मुकदमा

**समाज जागरण**

बबराला। मेहुआ हसनगंज गांव में गाटा संख्या 406 की मेड़ पर खड़े शीशम के दो पेड़ काटने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच के बाद पुलिस ने उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है। शिकायतकर्ता दिनेश पुत्र कल्याण सिंह निवासी मेहुआ हसनगंज ने आरोप लगाया था कि गांव निवासी थान सिंह और भारत सिंह पुत्रगण विधाराम ने गाटा संख्या 406 की मेड़ पर खड़े शीशम के दो पेड़ काट दिए हैं। शिकायत के बाद मामले की जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर दो पेड़ों के ठूंठ कटे हुए पाए गए, जो जांच रिपोर्ट के अनुसार बारिश से पहले काटे गए प्रतीत हुए। पुलिस ने जांच के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी लबनीश चौधरी ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद मौके पर दो शीशम के पेड़ों के कटे हुए ठूंठ मिले थे। जांच के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई विवेचना के आधार पर की जाएगी।

# कस्बा चन्दौसी में आयोजित गणेश चौथ मेले की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल की ब्रीफिंग

**समाज जागरण**

चन्दौसी ।पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा कस्बा चन्दौसी में आयोजित गणेश चौथ मेले के दृष्टिगत ड्यूटी हेतु लगाए गए पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों को मेले के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आपसी समन्वय



एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही मेले को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी अधिकारी/कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक(उत्तरी)/पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी विवेक जावला सहित आदि अधि कारीगण उपस्थित रहें ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत ने रचा इतिहास-2,54,642 मामलों का निस्तारण, 1990 से चला आ रहा विवाद सुलह से समाप्त

## 12.70 लाख जुमार्ना वसूल, 9.19 करोड़ का प्रतिकर अवार्ड पारित

**समाज जागरण**

मीरजापुर /राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर अनुपम कुमार के मार्गदर्शन में दिनांक 12.09.2026 को जनपद न्यायालय, मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान, ग्राम न्यायालय लालगंज एवं जनपद के समस्त संबंधित न्यायालयों/स्थलों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय संजय कुमार शुक्ला, अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी ( राष्ट्रीय लोक अदालत) संतोष कुमार गौतम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनन्द कुमार-प्प, समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अभयराज सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिकाधिक लंबित एवं प्री-लिटिगेशन वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, वादकारियों को त्वरित एवं अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जनपद न्यायालय परिसर सहित जनपद के समस्त संबंधित न्यायालयों एवं स्थलों पर बड़ी संख्या में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सुलह-समझौते एवं सहमति के आधार पर निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2,54,642 मामलों का निस्तारण किया गया। विभिन्न मामलों में कुल मु0 12,70,405.00 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया तथा मृतकों एवं घायलों के पक्ष में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के रूप में लगभग 9,19,80,360.00 रुपये. के प्रतिकर अवार्ड पारित किए गए।



मीरजापुर के इतिहास में इतने मुकदमों का निस्तारण पहली बार हुआ है। राष्ट्रीय लोक अदालत की विशेष उपलब्धि अपर जनपद न्यायाधीष-प्रथम संतोश कुमार गौतम द्वारा 1990 से चले आ रहे मुकदमें का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया, यह निस्तारण इस बात का उल्लेखनीय उदाहरण है कि वर्षों से लंबित विवादों का भी संवाद, सहमति एवं समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान संभव है एवं प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लवी सिंह द्वारा 20 वर्ष से अधिक पुराने 02 वाद तथा 10 वर्ष से अधिक पुराने 09 वादों का भी निस्तारण किया गया। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, दीवानी वाद, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बैंक ऋण एवं वित्तीय संस्थाओं से संबंधित प्रकरण, विद्युत एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले, राजस्व संबंधी प्रकरण तथा विभिन्न प्रकार के प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर आनन्द कुमार-'' ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य केवल लंबित मुकदमों की संख्या कम करना नहीं है, बल्कि पक्षकारों को ऐसा न्यायसंगत एवं सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट होकर न्यायालय से वापस लौटें। वर्ष 1990 से चले आ रहे विवाद का निस्तारण इसी भावना की एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी मिसाल है। लोक अदालत के माध्यम से वादों का निस्तारण होने से पक्षकारों के समय एवं धन की बचत होती है तथा पारस्परिक संबंध बने रहते है।

# रास्ता रोककर युवक से मारपीट का आरोप, चार लोगों पर मुकदमा

**समाज जागरण**

बबराला। तुमरिया खादर निवासी लेखराज ने थाना बबराला में तहरीर देकर गांव के ही ज्ञानचंद, मुनेश, लोकेश और जमालपुर निवासी रोहित पर रास्ता रोककर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार, 11 सितंबर को लेखराज बाजार से बबराला से टैम्पू से घर लौट रहा था। बसंतपुर में ठेके के सामने बाइक लेकर खड़े आरोपितों ने टैम्पू रुकवाकर उसे नीचे खींच लिया और मारपीट शुरू कर दी। टैम्पू में सवार यात्रियों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। इसके बाद लेखराज टैम्पू वालों के साथ जिजौड़ा चौकी पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि शाम करीब छह बजे जब वह अपने घर के गेट पर खड़ा था, तभी उक्त लोग दोबारा वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी लवनीश चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चकबकदरी सानी में वन भूमि कब्जे की जांच के दौरान हंगामा

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**

सोनभद्र। विकास खंड बभनी के ग्राम पंचायत चकबकदरी सानी में आठ बीघा वन भूमि पर भूमाफिया द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत की जांच करने पहुंची राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम के सामने ही शनिवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। जांच के दौरान ही शिकायतकर्ता महेंद्र कुमार और भूमाफिया पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक व हंगामा हुआ। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।गौरतलब है कि चकबकदरी सानी गांव निवासी महेंद्र कुमार ने उप जिलाधिकारी दुद्धी और डीएफओ रेणुकूट से लिखित शिकायत कर आरोप लगाया था कि गांव में वन विभाग की करीब आठ बीघा सुरक्षित भूमि पर भूमाफिया द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस गंभीर शिकायत का संज्ञान लेते हुए शनिवार को राजस्व और वन विभाग की एक संयुक्त टीम मौके पर जमीन का सीमांकन करने पहुंची थी। टीम जैसे ही मौके पर जमीन की नापी की तैयारी करने लगी, तभी शिकायतकर्ता महेंद्र कुमार और आरोपी पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। राजस्व और वन कर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया और सरकारी कार्य में बाधा न डालने की चेतावनी दी। इस संबंध में मौके पर मौजूद लेखपाल राम नारायण वैश्य ने बताया कि विवादित जमीन का कुछ हिस्सा वन विभाग और कुछ काश्त (निजी खेती) दोनों में दर्ज है। वन भूमि पर बकायदा क्यारी बनाकर अवैध रूप से कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में खेतों में धान की फसल खड़ी है और उसमें अत्यधिक पानी भरा होने के कारण शनिवार को सीमांकन का कार्य पूरा नहीं किया जा सका। पानी सूखने के बाद दोबारा सीमांकन किया जाएगा। लेखपाल के मुताबिक, फिलहाल दोनों पक्षों को विवाद के स्थायी समाधान के लिए नक्शा तरमीम (संशोधन) कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान ग्रामीण शम्भू नाथ, शिवनाथ, अनिरुद्ध प्रसाद, राम स्वरूप गुप्ता, ईश्वर प्रसाद नंद लाल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और बन विभाग राजस्व विभाग की टीम मौजूद थी।

# जीडीसी स्मारक महाविद्यालय, बहल में राष्ट्रीय गणित सम्मेलन RAMSIA-26 का भव्य आयोजन

## गणित केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि तार्किक चिंतन एवं समस्या समाधान का आधार है : कुलपति प्रो. दीप्ति धमार्णी,

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 12 सितंबर । जीडीसी स्मारक महाविद्यालय, बहल के गणितीय विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन गणितीय विज्ञान में अभिनव प्रगति एवं अंतर-विषयी दृष्टिकोण (RAMSIA-26) का शनिवार को एम. के. चौधरी सभागार, बी आरसीएम विद्याग्राम परिसर में भव्य शुभारंभ हुआ और सायं 5 बजे गरिमामय समापन किया गया। सम्मेलन का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया, जिसमें देशभर के कुल 151 शोधार्थियों एवं शिक्षाविदों ने प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की वंदना एवं राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के निदेशक एवं महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. सिन्हा ने




अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के गणित सम्मेलन का आयोजन महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों एवं युवा शोधार्थियों को शोध के प्रति प्रेरित करने तथा राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। सम्मेलन संयोजक डॉ. सत्य नारायण ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य गणितीय विज्ञान में नवीनतम शोध, ग्राफ सिद्धांत, बीजगणित तथा इनके अंतर-विषयी अनुप्रयोगों पर विचार-विमर्श करना है। इस अवसर पर सम्मेलन की सार-संग्रह पुस्तिका (Abstract Book) का विमोचन भी किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. बी. के. दास ने गणितीय विज्ञान के नवीन आयामों एवं ग्राफ सिद्धांत के व्यावहारिक उपयोगों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने गणित के विज्ञान, तकनीक एवं देश के विकास के साथ संबंध को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को गणितीय चिंतन विकसित करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो. दीप्ति धमार्णी, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी ने कहा कि गणित केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि तार्किक चिंतन एवं समस्या समाधान का आधार है। उन्होंने गणित का पेंटिंग, साहित्य और संगीत जैसे विषयों के साथ संबंध भी स्पष्ट किया। सम्मेलन में डॉ. एस. के. मिश्रा, पूर्व प्राचार्य, जीडीसी मेमोरियल महा विद्यालय ने गणितीय विज्ञान में अभिनव प्रगति एवं अंतर-विषयी दृष्टिकोण पर अपने विचार रखे। पूरे दिन चले तकनीकी सत्रों में 5 आमंत्रित व्याख्यान एवं 40 से अधिक शोध-पत्रों की प्रस्तुतियां हुईं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप बंसल, पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, गणित विभाग, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने कहा कि गणित के बिना विज्ञान की प्रगति अधूरी है और ऐसे सम्मेलन युवा शोधार्थियों को नई दिशा प्रदान करते हैं। सम्मानित अतिथि डॉ. मुक्ति आचार्य, पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, अनुप्रयुक्त गणित विभाग, डीटीयू, दिल्ली ने ग्राफ थ्योरी के नवीन अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला।

समापन अवसर पर आमंत्रित वक्ताओं, सत्र अध्यक्षों एवं सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र प्रस्तुतकर्ताओं को स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। संयोजक डॉ. सत्य नारायण ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ सम्मेलन का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# जटेला धाम में एक लाख तुलसी रोपण का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

**दैनिक समाज जागरण, महेन्द्र जावला**

बहल-भिवानी/माजरा (झज्जर), 12 सितंबर। जटेला धाम माजरा में स्वामी नितानंद जी महाराज के 227वें निर्वाणोत्सव के अवसर पर तुलसी रोपण महाभियान के तहत एक लाख तुलसी के पौधे रोपने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया गया। दोपहर 3 बजे तक लक्ष्य पूरा होने पर पंडाल जय तुलसी माता और जय नितानंद के जयकारों से गूंज उठा। हजारों श्रद्धालुओं ने तुलसी का पौधा लेकर उसके संरक्षण की शपथ ली। अभियान का सीधा प्रसारण जटेला धाम की सोशल मीडिया ऐप के माध्यम से देश-विदेश में किया गया। पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास जी महाराज ने कहा कि तुलसी भारतीय संस्कृति में देवी स्वरूप है और आयुर्वेद, पर्यावरण संरक्षण तथा आध्यात्मिक जीवन में इसका विशेष महत्व है। उन्होंने तुलसी को आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों की रानी बताते हुए अभियान को पर्यावरण-संस्कृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने महंत राजेंद्र दास के नेतृत्व में चल रहे पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति अभियान की सराहना की तथा स्वामी नितानंद आयुर्वेदिक चिकित्सा संस्थान के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज ने जटेला धाम के प्रयासों को मानवता और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में संत समाज, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# राष्ट्रीय लोक अदालत में 18463 केसो का किया निपटान : सीजेएम पवन कुमार

**हरियाणा राज्य विधिक सेवायें प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया**

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी 12 जुलाई। हरियाणा राज्य विधिक सेवायें प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 18463



केसो का निपटान किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि शनिवार को जिला मुख्यालय के अलावा तोशाम, सिवानी व लोहारू न्यायिक परिसर में भी इस वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद समाधान की एक प्रणाली है जो भारत में बदलते समय के साथ एक प्रणाली के रूप में स्थापित हुई है। लोक अदालतें न केवल लंबित विवाद या पार्टियों के बीच उत्पन्न होने वाले विवादों को सुलझाती हैं, बल्कि यह सामाजिक सद्भाव को भी सुनिश्चित करती है क्योंकि विवाद करने वाले पक्ष अपने मामलों को अपनी पूर्ण संतुष्टि के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाते हैं। इससे अदालतों के लंबित मामलों में कमी आती है, क्योंकि अपील एवं संशोधन के रूप में आगे की कार्यवाही को भी समाप्त कर पक्षों की सहमति से मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाता है और त्वरित और प्रभावी तरीके से न्याय दिलाने के लिए उन्हें उपलब्ध कराया जाता है। विवाद के निपटारे के अलावा, पक्षकारों को मामलों की उनके द्वारा भुगतान की गई अदालती फीस की वापसी का लाभ होता है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने कहा कि लोक अदालत में अपराधिक मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक मामले, चेक बाउंस, ऋण, दीवानी मामले, चेक बांउस, राजस्व आदि से संबंधित मामले रखे गए। उन्होंने बताया इस आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में भिवानी की लोक अदालत में रखे गए कुल 24178 में से 18463 मामलों का निपटारा गया तथा 768378 71393/- रुपये की कुल राशि का निपटान किया गया। जो कि सिवानी में 222 में से 52, लोहारू में 85 में से 61, तोशाम में 230 में से 56 मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस दौरान प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडा धिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय पर प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट भिवानी रूपम, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार, एसीजेएम जोगिंदर सिंह, सीजे (जेडी)-कम-जेएमआईसी भिवानी अंतरप्रीत सिंह, सीजे(जेडी)-कम-जेएम आईसी भिवानी हार्दिक सच देवा, एसीजे(एसडी)-कम-एस डीजेएम सिवानी धर्मपाल, सीजे (जेडी)-कम-जेएमआईसी लोहारू देवेंद्र सिंह तथा एसीजे(एसडी)-कम-जेएमआईसी तोशाम सुनील कुमार आदि की कोर्टों में मामले रखे गए। इस दौरान दोनों पक्षों के अभिवक्ताताण, पैनल अधिवक्ताण, अधिकार मित्र (पीएलवी) और कानून के विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# पेस्टीसाइड और केमिकल्स के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन हो रही विषाक्त, किसानों को प्राकृतिक खेती अपनानी होगी

- सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 12 सितंबर । भिवानी-महेंद्रगढ़ से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने अपने निज निवास स्थान पर जनसंवाद कार्यक्रम के तहत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज खेती में कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग ने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इन कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से आज जमीन अत्यधिक विषाक्त हो रही है जिसके कारण प्रत्येक जीव की प्रजनन क्षमता प्रभावित हो रही है और यह आने वाली पीढ़ियों एवं जीवों की प्रजातियों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा है। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि "हरित क्रांति के बाद उत्पादन तो बढ़ा, लेकिन हमने अपनी धरती माता के स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखा। आज एक बोरी यूरिया और एक बोतल पेस्टीसाइड के बिना किसान



खेती की कल्पना नहीं करता। इसका परिणाम है कि जमीन की उर्वरा शक्ति खत्म हो रही है, केंचुए मर गए हैं और जमीन पत्थर जैसी कठोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके दुष्परिणाम अब सीधे हमारी थाली में आ रहे हैं। केमिकल युक्त अनाज और सब्जियां खाने से कैंसर, किडनी और लीवर जैसी घातक बीमारियां गांव-गांव में फैल रही हैं। साथ ही जहरीला पानी जमीन में जाकर भूजल को भी दूषित कर रहा है। सांसद ने कहा कि इस समस्या का एकमात्र समाधान प्राकृतिक खेती एवं भूमि सुपोषण है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी लगातार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की - "गौ माता के गोबर और गौमूत्र से बने जीवामृत, घनजीवामृत और नीमास्त्र को अपनाओ। इससे लागत 70 प्रतिशत तक कम होगी, जमीन फिर से उपजाऊ बनेगी और आपका उत्पाद महंगे दाम पर बिकेगा।" सांसद ने कहा कि वे जल्द ही अपने लोकसभा क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को लेकर बड़े जागरूकता शिविर लगवाएंगे और कृषि वैज्ञानिकों को सीधा किसानों से जोड़ेंगे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

- बैठक में 13 परिवादों का मौके पर किया गया समाधान

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 12 सितंबर (सुरेश जोरासिया) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को सिरसा में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों की सुनवाई की। बैठक में 16 शिकायतों में से 13 का मौके पर समाधान किया गया। आनंद विहार सिरसा निवासी विजय कुमार ने शिकायत में बताया कि उसे सेक्टर-21 में फ्लैट नंबर 387 आवंटित किया गया था। इसके लिए उसने निर्धारित राशि जमा करवाई और अलॉटमेंट लेटर भी जारी किया गया, लेकिन अभी तक उसे फ्लैट का भौतिक कब्जा नहीं मिला है। शिकायतकर्ता के अनुसार फ्लैट में सीवर, पानी और बिजली कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता की इच्छा अनुसार ब्याज सहित रुपये वापिस करने तथा रिफंड के जितने भी मामले लंबित हैं, उनकी एक महीने में पेंडेंसी क्लीयर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस मामले में जिस अधिकारी की लापरवाही बनती हैं, जांच करके संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सिरसा में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए। साथ में हैं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल और उपायुक्त, सिरसा श्री शांतनु शर्मा। (12.09.2026)

वहीं पवन कुमार ने शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी एवं बच्चों के साथ मंदिर परिसर में कथित तौर पर मारपीट की गई तथा घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि संबंधित मामले में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के बजाय उसे और उसके परिवार को परेशान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि मामले में दोनों पक्षों की बात सुनकर जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जाए।

गांव कंवरपुरा निवासी रामगोपाल ने शिकायत में बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उसके खाते से करीब 76,960.31 रुपये की बीमा राशि काटी गई, लेकिन कपास की फसल का बीमा क्लेम अभी तक प्राप्त नहीं हुआ। शिकायतकर्ता ने बताया कि गांव के अन्य किसानों को बीमा राशि मिल चुकी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि अधिकारी मामले की गहनता से जांच करें तथा किसान को तकनीकी दिक्कत दूर करके क्लेम दिया जाए।

इसी तरह एक अन्य शिकायत में कृष्णा देवी के नाम जारी दिव्यांग प्रमाणपत्र को फर्जी बताया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि प्रमाणपत्र में मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों के हस्ताक्षर हैं, जबकि प्रमाणपत्र को फर्जी बताकर मामले में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने प्रमाणपत्र की निष्पक्ष जांच करवाने तथा गलत पाए जाने पर उचित कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने उपायुक्त को डेढ साल तक मामला लटकाने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच के निर्देश दिए।

वहीं मिल्क सोसायटी दि-जनता गांव करीवाला के शिकायतकर्ता ने मिल्क प्लांट सिरसा में बीएमसी के माध्यम से भेजे जाने वाले दूध की गुणवत्ता एवं भुगतान संबंधी शिकायत रखी। शिकायतकर्ता के अनुसार दूध में कास्टिक अधिक होने की बात कहकर दूध रिजेक्ट किया जाता है तथा दूध वापस लेने और भुगतान की प्रक्रिया को लेकर भी समस्या है। शिकायत में संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच की मांग की गई है। इस मामले में मुख्यमंत्री ने तत्कालीन सीईओ भागीराम के खिलाफ कड़ी कारवाई के निर्देश दिए।

अनीता रानी ने शिकायत में बताया कि उनके पति राजेंद्र कुमार एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। शिकायत के अनुसार घटना के दौरान परिवार के सदस्यों को चोटें आईं तथा बाद में भी दूसरे पक्ष द्वारा धमकियां दी गई। मामले की पुलिस जांच के बावजूद शिकायतकर्ता ने उचित कार्रवाई न होने की बात कहते हुए दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि दोनों पक्षों की निजी सुनवाई की जाए और मामले का समाधान किया जाए।

सेक्टर-19 निवासी चट्टर सिंह ने शिकायत में बताया कि उनकी भूमि पर मकान का निर्माण होने के बाद रास्ते की समस्या उत्पन्न हो गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार मकान तक आने-जाने के लिए कोई उचित रास्ता उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में पहले भी संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई तथा रास्ता उपलब्ध करवाने के आदेश हुए, लेकिन मामला अभी तक लंबित है। शिकायतकर्ता ने अपने मकान तक उचित रास्ता उपलब्ध करवाने की मांग की है। इस मामले में मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए।

डबवाली निवासी डॉ. मोहिंदर बंसल ने डबवाली में डिवाइडर रिनोवेशन में पेड़ों की स्थिति बारे गलत एटीआर अपलोड करने पर नगर परिषद अधिकारियों पर कार्रवाई करने की शिकायत रखी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जो भी खराब पौधे लगे हुए हैं, उनको बदला जाए और कमेटी बना कर मामले की जांच की जाए।

बैठक में पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारन, पुलिस अधीक्षक डबवाली जसलीन कौर, अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल, एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, एसडीएम डबवाली योगेश दिलहोर, एसडीएम ऐलनाबाद अदीति सिंघानियां, डीएमसी सुरेंद्र बैनीवाल, आरटीए संजय बिश्नोई, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जोयल, जिलाध्यक्ष सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा, नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन शांति स्वरूप, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, चेयरमैन रोहताश जांगड़ा, चेयरमैन रामचंद्र कंबोज, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, प्रदीप रातुसरिया, राजेंद्र देसूजोधा, गोबिंद कांडा, शीशपाल कंबोज, अमीर चंद मेहता मौजूद रहे।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व को समर्पित गुरमत समागम और पगड़ी प्रतियोगिता

**समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व को समर्पित, श्री गुरु ग्रंथ साहिब ग्रंथी सभा ने गांव ताराआना में एक गुरमत समागम और एक सुंदर पगड़ी सजाने का प्रतियोगिता आयोजित किया। इस मौके पर पूरे इलाके से बड़ी संख्या में सिख संगत और धार्मिक हस्तियों ने हिस्सा लिया। पगड़ी सजाने के प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। इस मौके पर, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य ज्ञानी कुलदीप सिंह फग्गू ने अपने विचार शेयर किए और कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब ग्रंथी सभा का मुख्य मकसद इलाके में धार्मिक प्रचार को बढ़ावा देना और युवा पीढ़ी को गुरबानी, गुरमत और सिख धर्म से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि सभा का काम पंच प्रधानी मर्यादा के तहत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में श्री गुरु ग्रंथ साहिब ग्रंथी सभा दूसरे कस्बों और शहरों में भी अलग-अलग गुरमत समागम और धार्मिक प्रोग्राम करवाएगी, ताकि धर्म प्रचार की मुहिम को और मजबूत किया जा सके। आखिर में ज्ञानी कुलदीप सिंह फग्गू ने सभी ग्रंथी सिंहों, शहर के लोगों और इलाके की संगत का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने इस ईवेंट में साथ दिया। उन्होंने कहा कि धर्म प्रचार के इस काम को आगे बढ़ाने के लिए संगत के सहयोग की और भी ज्यादा जरूरत है।

# रक्त का कोई विकल्प नहीं, जिंदगी में अवश्य करें रक्तदान: वाइस चेयरपर्सन मीना परमार

**रक्त का कोई विकल्प नहीं, रक्त पूर्ति केवल मानव शरीर से संभव - वाइस चेयरपर्सन परमार**

**सरकार ने दिया महिलाओं को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरणः मीना परमार**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

तोशाम, 12 सितंबर। हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन मीना परमार ने कहा है कि रक्त का कोई विकल्प नहीं, यह केवल एक व्यक्ति द्वारा दान करने से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व में रक्तदान सब दानों में सबसे बड़ा महादान है और इसका कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। वाइस चेयरपर्सन शनिवार को शर्मा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम में स्व.डॉ तरुण शर्मा की की पुण्यतिथि पर आयोजित



रक्तदान शिविर के अवसर पर बोल रही थी। इससे पहले उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में एसडीएम संदीप कुमार भी पहुंचे और रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। डॉ तरुण शर्मा वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान आदित्य शर्मा व अस्पताल संचालक डॉ प्रोमिला शर्मा व सरपंच राजेश तंवर ने अतिथियों का स्वागत किया। वाइस चेयरपर्सन मीना परमार ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है यह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक क्षेत्र में काफी तरक्की हो चुकी है। लेकिन रक्त का कोई विकल्प नहीं खोजा जा सकता। दुनिया में ऐसी एक भी लैबोरेट्री नहीं है जहां पर रक्त की एक बूंद तैयार की जा सके। रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव है और रक्तदान जो किया जाता है वह लोगों की जिंदगियां बचाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि समाज हमारे लिए बहुत कुछ करता है। इस सृष्टि में जिंदा रहने के लिए हमें समाज के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है। उस कर्ज को उतारने के लिए सबसे बेहतरीन फामूर्ला रक्तदान है।

सरकार ने दिया महिलाओं को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण---

वाइस चेयरपर्सन मीना परमार ने कहा कि महिलाओं को किसी भी प्रकार से घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं है। हरियाणा महिला आयोग हमेशा महिलाओं के साथ खड़ा है और उनके हितों पर कभी आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि यदि उनके साथ किसी भी स्तर पर कोई गलत व्यवहार होता है तो वे उसका विरोध करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हमेशा निडर रहना चाहिए। परमार ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

**इस अवसर पर डीएजी एडवोकेट परमजीत ढुल**

एडवोकेट लोकेश मुदगिल, डॉ संदीप मुदगिल, एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा, डॉ कुलदीप भारद्वाज, डॉ अश्वनी बजाज, विनोद बिरड़ा, संजय गुप्ता, अजय भुक्कल, डॉ रणसिंह, डॉ प्रीतम, डॉ मनोज विडोला, डॉ अनिल बिडौला, राजेन्द्र खरक, राजेश बागनवाला, सुनील दरियापुर, रविन्द्र शर्मा, परमानन्द शर्मा, प्रेमवती मुदगिल, पुनिता गुप्ता, संतोष अग्रवाल, शशी, नीलम, कविता आदि उपस्थित रहे।

# भिवानी में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्ती

**जनवरी से अगस्त तक मोटर वाहन अधिनियम के तहत 61,768 चालान, 1,117 वाहन किए इंपाउंड**

**हेलमेट नहीं लगाने वालों के सबसे अधिक 27,569 चालान; ओवरस्पीड के 3,275 और शराब पीकर वाहन चलाने पर 2,358 कार्रवाई**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा, आईपीएस के दिशा-निर्देशों में जिला पुलिस ने जनवरी से अगस्त 2026 तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 61,768 चालान किए गए। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, आमजन की जान-माल की सुरक्षा करना और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है।

**हेलमेट नहीं पहनने पर 27,569 चालान**

जिला पुलिस के आंकड़ों के अनुसार दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का प्रयोग नहीं करने पर 27,569 चालान किए गए। वहीं लेन चेंज नियमों के उल्लंघन पर 7,573, ओवरस्पीड के 3,275, शराब पीकर वाहन चलाने पर 2,358 तथा ट्रिपल राइडिंग के 2,203 चालान किए गए। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने पर 161, ब्लैक फिल्म लगाने पर 166, बुलेट मोटरसाइकिल में साइलेंसर बदलकर चलाने पर 215, रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर 693 तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर 58 चालान किए गए।

**1,117 वाहन किए इंपाउंड**

पुलिस के अनुसार निर्धारित मानकों एवं आयु सीमा से संबंधित नियमों के उल्लंघन वाले 1,117 वाहनों को इंपाउंड किया गया। इनमें BS-3 मानक से नीचे के 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहन तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

**सीसीटीवी से ऑनलाइन चालान**

यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौकों एवं व्यस्त मार्गों पर लगाए गए आधुनिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऑनलाइन चालान किए जा रहे हैं। हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन, ट्रिपल राइडिंग, ब्लैक फिल्म सहित अन्य उल्लंघनों के चालान वाहन के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे जा रहे हैं।

**एसपी ने की नियमों का पालन करने की अपील**

पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा ने जिलेवासियों से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने का आह्वान किया। पुलिस की ओर से विद्यार्थियों एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर अभियान भी चलाए जाते हैं। पुलिस ने सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

# आरक्षण सुधार को लेकर युवाओं ने दिया धरना

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी। आरक्षण सुधार को लेकर वाराणसी जिले में पिछले कई दिनों से सवर्ण समाज के तरफ से शांति पूर्ण प्रदर्शन चल रहा है। जिसमे गौतम मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा के अध्यक्षता में चल रहे प्रदर्शन में उन्होंने कहा कि देश में आजादी के बाद से आरक्षण की व्यवस्था जाति के आधार पर चली आ रही है, जबकि हकीकत यह है कि गरीबी और बदहाली किसी एक जाति तक सीमित नहीं है। सामान्य वर्ग में भी बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। जातिगत आरक्षण के कारण सामान्य वर्ग के कई योग्य और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं सरकारी नौकरियों, शिक्षा और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं, जिससे उनमें निराशा का भाव पैदा हो रहा है।रोहित त्रिपाठी ने बताया हमारे संगठन का मुख्य मांग है कि जातिगत आरक्षण को समाप्त कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू किया जाए, ताकि वास्तव में जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सके और राष्ट्र सुदृढ़ हो सके। दूसरी मांग एससी/एसटी एक्ट को लेकर है, संगठन का कहना है कि इस कानून का दुरुपयोग धन उगाही के लिए किया जा रहा है, इसलिए इसमें सुधार किया जाए या इसे समाप्त किया जाए। तीसरी मांग यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2026 को वापस लेने की है, जिसे संगठन ने सामान्य वर्ग के विरुद्ध बताया है। चौथी मांग सामान्य वर्ग के कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय सवर्ण आयोग के गठन की है।प्रदर्शन में मुख्य रूप से ठाकुर शिवम सिंह,मनीष सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र स्थित कपसेठी रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर आगे शनिवार को रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 50 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कपसेठी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचायतनामा की विधिक प्रक्रिया पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद भी तत्काल मृतक के नाम और पते की सटीक पुष्टि नहीं हो सकी।पुलिस शव की शिनाख्त कराने और अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।मामले के संबंध में जानकारी देते हुए कालिका बाजार चौकी प्रभारी मधुसूदन त्रिपाठी ने बताया कि मृतक का शव रेलवे ट्रैक के बीचों-बीच पड़ा हुआ था। घटना स्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक आधार कार्ड बरामद हुआ है।आधार कार्ड पर शारदा प्रसाद यादव पिता रामपति यादव निवासी कानपुर आगरा ट्रांसपोर्ट 2 फेज,भारत कम्पाउंड, नियर अरोकम जीआईडीसी,वापी परदी, जिला वलसाड (गुजरात) दर्ज है।चौकी प्रभारी ने आगे बताया कि हादसे में मृतक का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है,जिसके कारण आधार कार्ड पर लगी तस्वीर से तत्काल पहचान करने में काफी कठिनाई आ रही है।हालांकि पुलिस ने आधार कार्ड पर दर्ज पते के आधार पर गुजरात के संबंधित नजदीकी थाने में सूचना भेज दी है और मृतक की शिनाख्त के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# जनचौपाल में विधायक ने किया क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विधानसभा क्षेत्र अजगरा के ग्राम सभा सिंहापुर, हरहुआ में विधायक त्रिभुवन राम ने राजेश सिंह के आवास पर आयोजित जनचौपाल में क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद किया।उन्होंने कहा कि जनसेवा ,जनसंवाद और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता में है





और सेवा मेरा धर्म और कर्म है। वरिष्ठ ग्रामीण जनों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। जनचौपाल में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के सम्मानित प्रधानगणों व ग्रामीणों की उपस्थिति रही। क्षेत्र के विकास,जनसमस्याओं तथा जनहित से जुड़े विषयों पर संवाद हुआ।

जनचौपाल में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख हरहुआ विनोद उपाध्याय, भाजपा नेता कपिल नारायण पांडेय, प्रधान सिंहापुर अमित सिंह 'नीलू' ,जिलामहामंत्री प्रधान संघ मधुवन यादव, हरहुआ प्रधान अनवर उर्फ अन्नू ,प्रधान अनौरा दीपक चौहान,ग्राम प्रधान दासेपुर सोनू प्रसाद, प्रधान प्रतिनिधि राजनारायण पटेल,भगत सिंह यादव,बांकेलाल कन्नौजिया ,पूर्व प्रधान हरहुआ अनिल सिंह, विनोद कुमार यादव,आशीष कुमार,राहुल यादव,राजन सिंह,वंशराज यादव मुकेश पटेल ,हीरू सिंह ,अमित उपाध्याय सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शामिल रहे। भाजपा नेता कपिल नारायण सिंह ने कहा जनचौपाल जैसे आयोजन जनप्रतिनिधि और जनता के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाते हैं। क्षेत्रवासियों के सुझावों एवं समस्याओं को सुनकर उनके यथासंभव समाधान का एक विकल्प है।

# सेवापुरी के न्याय पंचायत में काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव-2026 के अंतर्गत सेवापुरी की 12 न्याय पंचायतों में अंतिम दिवस के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए । मुख्य अतिथि के रूप सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए और अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करना चाहिए। निश्चित रूप से यह प्रतियोगिता हम सभी को सुनहरे भविष्य का निर्माण करेगा। जिला प्रशासन, वाराणसी के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में गायन, वादन, नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं की प्रतियोगिताएँ तीन आयु वर्गों में आयोजित की गईं। प्रथम वर्ग में 10 से 18 वर्ष, द्वितीय वर्ग में 19 से 40 वर्ष तथा तृतीय वर्ग में 40 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।कुल 3347 प्रतिभागी भाग लिए जिसमे से 486 प्रतिभाही प्रथम स्थान प्राप्त किये विभिन्न विधाओं एवं उपविधाओं में महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी न्याय पंचायत का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक विधा एवं उपविधा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव के द्वितीय चरण में प्रतिभाग करेंगे

# काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। न्याय पंचायत स्तरीय काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का दूसरा दिन आज नृत्य और नुक्कड़ नाटक के साथ हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवापुरी विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एमडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनमोहक स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।आज के नृत्य और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में बरेमा न्याय पंचायत में स्थित समस्त विद्यालयों के लगभग 276 बच्चों ने प्रतिभाग किया और अपनी-अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नृत्य की विभिन्न विधाओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चे अब ब्लॉक स्तरीय काशी सांसद सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि अदिति सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के नन्हे-मुन्ने बच्चे ही कल हमारे देश का भविष्य हैं और ये माननीय प्रधानमंत्री जी के सपनों को पूरा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बच्चों को गीत-संगीत और संस्कृति के प्रति प्रेरणादायक मोटिवेशनल स्पीच दी। इस महोत्सव में न्याय पंचायत बरेमा के समस्त ग्राम प्रधान और अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की व्यवस्था एमडी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अमित सिंह द्वारा बहुत ही सुव्यवस्थित ढंग से की गई थी। इस अवसर पर नोडल संकुल प्रदीप शुक्ला एवं उनके सहयोगी शिक्षक संकुल मुकुल मौर्य, प्रधानाध्यापक सतेंद्र नारायण त्रिपाठी,शैलेंद्र विक्रम, अजीत कुमार, संदीप कुमार पटेल तथा शिक्षिकाओं में दीप्ति जायसवाल, शशि देवी, रश्मि लता त्रिपाठी, प्रियंका कुमारी सहित तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। मंच का प्रभावी संचालन डॉ. सुशील कुमार द्वारा किया गया।



# कुराश प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। श्री युगल बिहारी इण्टर कॉलेज रामेश्वर वाराणसी के तत्वावधान में भारतीय शिक्षा मन्दिर इण्टर कॉलेज इंग्लिशिया लाइन के विश्वनाथ सभागार में 70 वीं विद्यालयीय कुराश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।आज आयोजित जनपदीय प्रतियोगिता में हाथी बरनी जोन और मण्डलीय प्रतियोगिता में वाराणसी जनपद प्रथम आया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि चारुचंद्र राम त्रिपाठी और प्रधानाचार्य नीरज कुमार यादव ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि नीरज कुमार यादव ने कहा खिलाड़ियों का उत्साह शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना भी बढ़ाते हैं।इस मौके पर मुनीब, पप्पू राम, घनश्याम, राजेश, सर्वेश शुभम, मनोज आदि खेल अध्यापक उपस्थित रहे।

# महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण ही विकसित, आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक सभागार में माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लखपति दीदियों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों के साथ संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी व ब्लॉक मिशन प्रबंधन तथा समूह की लखपति दीदी व पीएम आवास के लाभार्थी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माननीय मंत्री ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आज केवल समूह की सदस्य नहीं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक मजबूती और गांव के विकास की महत्वपूर्ण भागीदार बन रही हैं।

लखपति दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को आजीविका के विभिन्न साधनों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना सरकार की प्राथमिकता है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, छोटे उद्यम तथा अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। लखपति दीदी अभियान महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान को भी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाएं लखपति दीदी बनें और अपने परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उपलब्ध बैंक ऋण, प्रशिक्षण, आजीविका गतिविधियों एवं सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने उद्यमों को आगे बढ़ाएं।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया। माननीय मंत्री ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। अपना पक्का घर प्राप्त करना केवल एक मकान मिलना नहीं, बल्कि गरीब परिवार के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की नींव है।

कार्यक्रम में उपस्थित लखपति दीदियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सरकार की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर सहयोग एवं सहभागिता का संकल्प लिया।

प्रमुख रुप से बीडीओ छोटेलाल तिवारी,डीएमएम श्रवण कुमार सिंह ,एडीओ सांख्यिकी शैलेन्द्र सिंह,एडीओ आइएसबी धनन्जय सिंह,एडीओ विवेक सिंह, बीएमएम ज्ञानेंद्र ,पूजा तिवारी ,अनीता देवी ,रत्नेश कुमार सहित अन्य ब्लाक स्टाफ उपस्थित रहे।

# राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया तीजोत्सव

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हरियाली तीज के पावन अवसर पर अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में तीजोत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं और शिक्षिकाओं ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और प्रकृति के इस अनुपम पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत संस्थान की डायरेक्टर ज्योति सिंह ने सभी को तीज की बधाई देते हुए भारतीय लोक संस्कृति में इस पर्व के आध्यात्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि तीज का पर्व प्रकृति के सौंदर्य, उमंग और नारी शक्ति के अटूट समर्पण व विश्वास का प्रतीक है। सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेहंदी प्रतियोगिता उत्सव के तहत छात्राओं के लिए आकर्षक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हथेलियों पर पारंपरिक व आधुनिक शैलियों की खूबसूरत मेहंदी रची। छात्राओं ने तीज गीतों पर पारंपरिक नृत्य व संगीत प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की शिक्षिकाओं एवं प्रवक्ताओं ज्योति गुप्ता, सरोजा, शालू गिरी, सुनीता कन्नौजिया,सुनीता पांडेय उपस्थित रहीं। छात्राओं में दीपांजलि,पूनम सरोज ,अंजली चौहान, रिमझिम राज,सानिया व करीना शामिल रहीं।

कार्यक्रम के अंत में मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की सराहना की गई और सभी उपस्थित प्रवक्ताओं व छात्राओं के बीच मिष्ठान वितरण के साथ उत्सव संपन्न हुआ।

# पत्रकार आर0 डी0 यादव का आकस्मिक निधन

**समाज जागरण अनिल कुमार**



*हरहुआ*वाराणसी हरहुआ ब्लाक के आयर ग्राम पंचायत के मूल निवासी पत्रकार व समाजसेवी आर0 डी0 यादव उम्र 51वर्ष की शनिवार को बीएचयू में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही पत्रकार गण ,समाजसेवी जनों व स्थानीय सम्भ्रांतजनों की भीड़ घर पहुँच गई। गमगीन माहौल में लोगों के आंखों के आंसू रुक नहीं पाए लोग एक दूसरे को सांत्वना देते दिखे।

आर0 डी0 यादव अपने पिता के इकलौती संतान रहे। परिवार में पत्नी संध्या ,एक बेटी रोशनी व बेटा नीरज व बूढ़ी माँ हैं। रामदुलार यादव पत्रकार के साथ-साथ एक संघर्षशील समाजसेवी रहे। गरीबों के मसीहा के रूप में सदैव कलम के लेखनी से आवाज बुलंद करते रहे। गुलाब की खेती व अमरूद के बगीचा सहित खेती के भी जानकर व विशेषज्ञ रहे।

आज शनिवार को सरायमोहाना श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। परिवार में एक पुत्र व एक पुत्री समेत पत्नी और बूढ़ी माँ छोड़ गए।मुखाग्नि एकलौते पुत्र नीरज यादव ने दिया।

निधन की सूचना पर आस पास गाँव के प्रधान ,जनपद के पत्रकार व समाजसेवी सहित ग्राम प्रधान सूर्यप्रकाश मौर्य 'भीम', विजय बहादुर यादव , दिनेश यादव, राजकुमार मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, पत्रकार प्रवीण यादव,इरफान हाशमी , मंजीत पटेल, सर्वेश यादव, अतुल राय सहित कई पत्रकार पहुंचकर अंतिम विदाई के साथ शवयात्रा में शामिल हुए। परिजनों को दुख की घड़ी में ढाढस बढ़ाया।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को जंसा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में गश्त, भ्रमण, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय परसीपुर रामेश्वर के पास से वांछित अभियुक्त लक्षन उर्फ उमाशंकर उर्फ डब्बू पुत्र गोपी, निवासी हरिहरपुर (धौरहरा), थाना चौबेपुर, वाराणसी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, नाबालिग बालिका के साथ गलत कार्य किए जाने के संबंध में उसकी मां ने जंसा थाने में लिखित तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले में आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

# विमला देवी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे डाक्टर सानंद

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**गाजीपुर समाज जागरण**



श्रीमती विमला देवी अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक पत्नी सहजानन्द सिंह यादव का निधन 4 सितम्बर शुक्रवार को हो गया!शनिवार से लोगों के पिहुली पहुंचने का क्रम शुरू हो गया!श्रीमती विमला देवी सपा नेता एवं ग्राम प्रधान पिहुली, ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संघ बाराचंवर बेद प्रकाश यादव की माता जी के निधन का समाचार मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड गई!

बेद प्रकाश यादव ने बताया की श्राद्ध भोज 17 सितम्बर को आयोजित होगा। भाजपा नेता एवं सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर के प्रबंध निदेशक डाक्टर सानंद सिंह,पूर्व एम एल सी काशी नाथ यादव,

राजेश राय पूर्व प्रधान प्रतिनिधि करीमुद्दीनपुर,डिंपल राय,नदीम खान बसपा नेता काकोरी,राम सिंह यादव चौरी चौरा पूर्व मंत्री सैय्यदा शादाब फातिमा , पूर्व जिला पंचायत सदस्य सदरे आलम, गोपाल राय संरक्षक मां कष्टहरणी मंदिर समिति करीमुद्दीनपुर, सपा जहूराबाद विधान सभा अध्यक्ष जयहिन्द यादव,राजेश यादव,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सत्येन्द्र यादव,कृष्णा यादव,राधेश्याम यादव, मुरली सिंह,श्री प्रकाश राय, जनार्दन राय,डा०जय सिंह पप्पू,मिथिलेश यादव, घनश्याम यादव,डाक्टर विरेन्द्र यादव विधायक जंगीपुर ,सदरेआलम पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रामधारी यादव पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक,प्रसून सिंह,

विपिन बिहारी सिंह टुनटुन, हिमांशु राय पूर्व प्रधान, देवेन्द्र सिंह देवा,पूर्व सपा प्रत्याशी जहूराबाद महेन्द्र चौहान, ब्लाक प्रमुख सोहांव वंशीधर यादव, कृष्णा यादव, रंजीत कुमार, फिरोज, पिंटू सिंह, भाजपा नेता प्रियांशु सिंह, यशवंत सिंह वरिष्ठ पत्रकार समेत ढेर सारे लोगो ने पिहुली पहुंच कर बेद प्रकाश यादव से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया!

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में भव्य इन्वेस्टिचर समारोह आयोजित

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**गाजीपुर समाज जागरण**







गाजीपुर -सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली, गाजीपुर में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं ईमानदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से इन्वेस्टिचर समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के नवनियुक्त छात्र-छात्रा पदाधिकारियों को उनके दायित्व एवं जिम्मेदारियों का औपचारिक रूप से निर्वहन करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह एवं प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन ज्ञान, विवेक एवं उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक रहा।

इसके पश्चात विद्यालय के स्कूल ध्वज एवं विभिन्न हाउस के ध्वज का उद्घाटन प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह एवं प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय द्वारा किया गया।

समारोह के दौरान विद्यालय की हेड गर्ल मनीषा यादव एवं हेड बॉय अंकित गुप्ता सहित विभिन्न हाउस के छात्र-छात्रा पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर उनके दायित्वों की औपचारिक घोषणा की गई।

गुलमोहर हाउस से परी सिंह एवं अनुकल्प जायसवाल, अमलतास हाउस से शिवम यादव एवं आयुषी जायसवाल, अपराजिता हाउस से कृष्णा बिंद एवं दिव्या यादव, तथा दुर्वा हाउस से अंचल गुप्ता एवं अनिकेत जायसवाल को उनके हाउस के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई।

विद्यालय के सभी प्रिफेक्ट्स को भी बैज प्रदान कर उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह ने नवनियुक्त छात्रों को कर्तव्य, जिम्मेदारी, ईमानदारी एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। सभी छात्र पदाधिकारियों ने विद्यालय की गरिमा एवं अनुशासन को बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करने का नाम नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी, अनुशासन और दूसरों के लिए उदाहरण बनने का अवसर है।

प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय ने नवनियुक्त छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने पद का उपयोग विद्यालय एवं अपने सहपाठियों के हित में करते हुए आदर्श नेतृत्व प्रस्तुत करना चाहिए।

इन्वेस्टिचर समारोह विद्यार्थियों के लिए गौरव एवं प्रेरणा का अवसर रहा। कार्यक्रम ने विद्यालय में नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी और टीम भावना के मूल्यों को और मजबूत किया।

समारोह के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी नवनियुक्त छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# तन और मन दोनों को साफ रखें- फादर पी० विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**गाजीपुर समाज जागरण**



हॉर्टमन इण्टर कॉलेज हॉर्टमनपुर गाजीपुर में प्रार्थना सभा के उपरांत फादर पी० विक्टर द्वारा कक्षा 9-अ के लिये प्रदत्त विषय 'स्वच्छता' पर विद्यार्थियों के द्वारा एक लघु नाटिका के माध्यम से साफ-सफाई के बारे में बताया गया।

नाटिका के माध्यम से बच्चों ने मंचन कर बताया कि व्यक्ति अपने घर, कमरे आदि जगहो पर गंदगी कर देता है परंतु उसकी रोज सफाई नहीं करता है। जिससे व्यक्ति अनेक प्रकार के बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं।

स्वच्छता को लेकर हर राज्य में विभिन्न प्रकार के स्वच्छता पर विशेष अभियान चलाये जाते हैं जैसे कि उ०प्र० में स्वच्छता को लेकर 'स्वच्छ भारत मेरी जिम्मेदारी' कार्यक्रम हो रहे हैं और कचरे के सही निस्तारण और स्वच्छता का दैनिक जीवन का अहम हिस्सा बनाया गया है। अंत में बच्चे ने स्वच्छता का शपथ दिलाया कि हम जहाँ भी रहेंगे वहाँ पर साफ-सफाई रखेंगे और अन्य लोगों को भी इसके बारे में अवगत करायेंगे।

# उमरार नदी में मिट्टी भराव का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत की तैयारी

**समाज जागरण**

उमरिया। जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली उमरार नदी के अस्तित्व पर संकट के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों का दावा है कि नदी के कुछ हिस्सों में खउइ और डंपरों के जरिए मिट्टी व मलबा डालकर नदी क्षेत्र को संकरा किया गया तथा जमीन को समतल कर तैयार किया गया। कुछ स्थानों पर इसके बाद प्लॉटिंग की गतिविधियां होने की बात भी कही जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नदी क्षेत्र में लंबे समय से भराव किए जाने के बावजूद संबंधित विभागों ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। हालांकि, किसी व्यक्ति विशेष द्वारा नदी की जमीन पर कब्जे या प्लॉटिंग कराने के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। नागरिकों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। लोगों ने उमरार नदी की सीमाओं का राजस्व एवं तकनीकी स्तर पर सीमांकन कराने, पूर्व में हुए मिट्टी भराव की जांच करने और नदी के प्राकृतिक प्रवाह क्षेत्र को सुरक्षित रखने की मांग की है। उनका कहना है कि भराव से नदी का प्रवाह प्रभावित हुआ तो भविष्य में जलभराव और बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। प्रशासन से कार्रवाई नहीं होने पर नागरिक अब मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करने की तैयारी में हैं।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक और जनसुनवाई हुई संपन्न

विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर हुआ मंथन



**समाज जागरण**

डूमरकछार/पौराधार - नगर परिषद डूमरकछार के सभागार कक्ष में स्थानीय विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई का आयोजन 12 सितंबर को किया गया,इस बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया के द्वारा की गयी। बैठक निकाय में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी शरद गौतम के मार्गदर्शन में कमलेश त्रिपाठी और शिवलखन धनवार के देखरेख में परिषद के सभापति, विभिन्न वार्डों के पार्षदगण,पार्षद प्रतिनिधि,सहायक राजस्व उपनिरीक्षक,लेखापाल, परिषद के अन्य अधिकारी और समस्त विभागों के प्रभारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई में वार्डों की जनसमस्याओं पर विचार विमर्श किया गया, बैठक के दौरान विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड क्षेत्र की समस्याओं जैसे पेयजल आपूर्ति, जर्जर सड़कों की मरम्मत, स्वच्छता, आगामी गणेश पूजा एवं आने वाले अन्य त्योहारों में सार्वजनिक पूजा पंडालों की साफ-सफाई,जाम नालियों की सफाई व्यवस्था को प्रमुखता से रखा गया,संबंधित कार्यों को जनहित में शीघ्र कराए जाने के निर्देश विभाग प्रभारियों को दिए गए। नागरिकों ने भी अपनी समस्याओं से निकाय को कराया अवगत- वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद और नागरिकों के द्वारा पेयजल संबंधित पाइप लाइन कनेक्शन की बात रखी गयी,वहीं श्यामबाई द्वारा अपने दिवंगत पुत्र स्व.शोभनाथ का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने संबंधित बात कही, निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के पूजा कमेटी के कमेटी सदस्यों ने भी मुलाकात कर पूजा स्थलों के साफ सफाई, समतलीकरण एवं आवश्यक कार्य कराये जाने के संबंध में चर्चा की,एकीकृत शासकीय हाईस्कूल पौराधार के शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में खुले सेप्टिक टैंक को जल्द से जल्द ढकने की बात रखी। स्वच्छता और बुनियादी सुविधाएं निरंतर जारी रहे- निकाय अध्यक्ष के द्वारा नगर की साफ-सफाई व्यवस्था, कचरा- मलवा एवं सीएनडी उठाव के कार्य को और सुदृढ़ करने तथा वार्डों में बुनियादी नागरिक सुविधाओं को समय पर पूरा समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। त्यौहारों को लेकर तैयारी- आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सभी विभागों की विशेष समीक्षा की गयी जिस पर अध्यक्ष श्री चौरसिया के द्वारा त्यौहारों से पहले समय पर संबंधित सभी व्यवस्थाएं व कार्य निपटाने के निर्देश दिए गए। विभागीय कार्यों की प्रगति पर हुई चर्चा- परिषद के सभी विभागीय प्रभारियों ने अपने-अपने विभागों के द्वारा संचालित लोक -कल्याणकारी योजनाओं ,निर्माण कार्यों एवं अन्य कार्यों की प्रगति रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत की,एवं आगामी दिनों में विभाग के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में कार्य योजना की जानकारी प्रस्तुत की गयी। लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही- डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लंबित कार्यों का निपटारा समय सीमा के भीतर किया जाए अन्यथा की स्थिति में आपके विरुद्ध की गयी कार्यवाही की जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी। बैठक में इनकी रही उप स्थिति- उक्त बैठक में सभापति रवि सिंह,जीतेंद्र चौहान, रंजीत कुमार वर्मा, पार्षदगण विजेन्द्र देवांगन,सरिता यादव, पार्षद पति योगेश पालीवाल, लेखापाल शिवनरेश धनवार उपस्थित रहे,इनके साथ ही परिषद के कर्मचारी प्रतिज्ञा मिश्रा,अखिलेश सिंह परिहार, सत्येन्द्र चौहान, तीरथ पनिका, मुन्नापाल, विवेक मिश्रा,त्रिलोकीनाथ राय, अनुरूद्ध दाहिया,विशाल महतो, पंकज चतुर्वेदी, पवन गौतम, विक्रम सिंह, दीपक सिंह, उत्तम कोल, विजय यादव,प्रशांत केशरवानी,राजू यादव समेत अन्य कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में नगर के चहुंमुखी विकास के लिए जनहित में सभी पार्षदों और कार्मिक अमले को आपसी समन्वय बनाकर निकाय हित मे काम करने की बात निकाय अध्यक्ष के द्वारा कही गयी।

# सरकारी वाहन से बच्चों की स्कूल आवाजाही ? उमरिया में अफसरशाही पर उठे सवाल

यातायात प्रभारी निरीक्षक ज्योति शुक्ला पर शासकीय वाहन के कथित निजी उपयोग के आरोप, आम बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी उठी उंगली

**समाज जागरण**

उमरिया। जिले में शासकीय संसाधनों के उपयोग को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि यातायात थाने के शासकीय वाहन का इस्तेमाल आम सरकारी ड्यूटी के अलावा अधिकारी के परिवार के सदस्यों को लाने-ले जाने तथा निजी कार्यों के लिए किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि वाहन का उपयोग बच्चों को स्कूल छोड़ने और लाने के साथ-साथ बाजार तथा अन्य निजी कार्यों के लिए भी किया जाता है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि शासकीय वाहन वास्तव में अधिकारी के बच्चों की स्कूल आवाजाही अथवा परिवार के निजी कामों में इस्तेमाल हो रहा है, तो क्या इसके लिए विभागीय स्तर पर कोई लिखित अनुमति है? शासकीय वाहन किस उद्देश्य से आवंटित किया गया है और उसके लॉगबुक में प्रतिदिन की आवाजाही किस रूप में दर्ज की जाती है, यह भी जांच का विषय बन सकता है।

**आम बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल**

एक ओर आमजन के बच्चे निजी ऑटो, वैन और टैक्सियों में क्षमता से अधिक संख्या में बैठकर विद्यालय पहुंचने को मजबूर हैं। आरोप है कि कई बार ऐसे वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के मानकों की अनदेखी होती है। ऐसे में यातायात विभाग की जिम्मेदारी और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यातायात विभाग का शासकीय वाहन और अमला अधिकारी के परिवार की आवाजाही में लगाया जा रहा है, तो फिर आम स्कूली बच्चों की सुरक्षा और ओवरलोडिंग पर कार्रवाई की प्राथमिकता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। लोगों का सवाल है कि क्या यातायात नियम केवल आम नागरिकों के लिए हैं या सरकारी अधिकारियों के परिवार भी उन्हीं नियमों के दायरे में आते हैं?

**चंदिया पदस्थापना के दौरान भी उठते रहे थे सवाल**

बताया जाता है कि निरीक्षक ज्योति शुक्ला की थाना चंदिया में पदस्थापना के दौरान भी शासकीय संसाधनों के कथित उपयोग को लेकर चर्चाएं होती रही थीं। अब यातायात थाने के शासकीय वाहन के कथित निजी इस्तेमाल को लेकर फिर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि पुलिस महानिरीक्षक स्तर से निरीक्षक ज्योति शुक्ला का स्थानांतरण पुलिस कंट्रोल रूम किए जाने के बावजूद वे वर्तमान में यातायात थाने का प्रभार संभाल रही हैं। यदि ऐसा है तो उनके यातायात थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत रहने के आदेश, वर्तमान पदस्थापना स्थिति और वाहन उपयोग की अनुमति को सार्वजनिक किया जाना पारदर्शिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। लॉगबुक और ड्यूटी रिकॉर्ड की जांच से सामने आ सकता है सच

शासकीय वाहन के इस्तेमाल को लेकर उठ रहे आरोपों की सच्चाई जानने के लिए वाहन की लॉगबुक, ईंधन पर्चियों, चालक की ड्यूटी, वाहन की जीपीएस लोकेशन और संबंधित अवधि के ड्यूटी आदेशों की जांच की जा सकती है। इससे यह स्पष्ट हो सकता है कि वाहन किन-किन स्थानों पर और किस उद्देश्य से गया।

मामले में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की अपेक्षा की जा रही है। यदि वाहन का निजी उपयोग हुआ है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और यदि आरोप निराधार हैं तो विभाग तथ्यों के साथ स्थिति स्पष्ट कर सकता है। अब सवाल सिर्फ एक सरकारी वाहन के इस्तेमाल का नहीं, बल्कि शासकीय संसाधनों के उपयोग में नियम और जवाबदेही के पालन का है।

# वरिष्ठ पत्रकार कैलास लालवानी की माताजी को सांसद हिमाद्रि सिंह ने दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का मौन रखकर जताया शोक



**समाज जागरण**

शहडोल। वरिष्ठ पत्रकार कैलास लालवानी की माता श्रीमति सावित्री देवी जी के निधन पर शोक संवेदनाओं का सिलसिला जारी है। 24 जून 2026 को सावित्री देवी जी के निधन के बाद उनके निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्रि सिंह भी शामिल हुईं... सांसद हिमाद्रि सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार कैलास लालवानी एवं उनके परिवार से मुलाकात कर दिवंगत सावित्री देवी जी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की, इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की... इस भावुक अवसर पर सांसद हिमाद्रि सिंह ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मां का जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की कामना की... श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ अध्यक्ष नगर परिषद बरगवां श्री मति गीता गुप्ता, पवन चीनी, डॉ. राज तिवारी, प्रीती शाहू, सुस्कू , मनीष तिवारी, रवि दुबे, राजेश, बिन्नू, लक्ष्मीकांत मिश्रा, शिवम माहरा, मुकेश शाहू,भौमिक जी, पत्रकार सूरज श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं शुभ चिंतक मौजूद रहे, सभी ने सावित्री देवी जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी... वरिष्ठ पत्रकार कैलास लालवानी के परिवार के लिए यह समय बेहद कठिन है। ऐसे दुख की घड़ी में जनप्रतिनिधियों, पत्रकार साथियों और शुभचिंतकों की उपस्थिति ने परिवार के प्रति संवेदना और आत्मीयता का संदेश दिया... कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह भावुक रहा,दो मिनट के मौन के बीच हर चेहरा दिवंगत सावित्री देवी जी की स्मृतियों को याद करता नजर आया। उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें....

# समरकंद से लौटीं सांसद हिमाद्री सिंह, पार्षद पवन कुमार चीनी ने जताया आभार

विश्वभर के युवा सांसदों के साथ संवाद और विचारों के आदान-प्रदान का अनुभव शहडोल संसदीय क्षेत्र के विकास में देगा नई ऊर्जा



**समाज जागरण**

अनूपपुर। उज्बेकिस्तान के ऐति हासिक शहर समरकंद में भारत का प्रतिनिधित्व करने के गौरवपूर्ण अवसर के बाद शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के लौटने पर नगर परिषद बरगवां-अमलाई के वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पवन कुमार चीनी ने उनका अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं एवं आभार व्यक्त किया। पार्षद पवन कुमार चीनी ने कहा कि सांसद हिमाद्री सिंह द्वारा समरकंद में विश्वभर के युवा सांसदों के साथ संवाद, विचारों का आदान-प्रदान और विभिन्न विषयों पर अनुभव साझा करना शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना निश्चित रूप से क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद से प्राप्त अनुभव और नई सोच का लाभ निश्चित रूप से शहडोल संसदीय क्षेत्र को मिलेगा। सांसद का यह अनुभव क्षेत्र के विकास, जनहित और संगठन की मजबूती के लिए नई ऊर्जा का संचार करेगा। पार्षद पवन कुमार चीनी ने कहा कि सांसद हिमाद्री सिंह निरंतर क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देती रही हैं। समरकंद यात्रा के दौरान प्राप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से क्षेत्र के विकास को लेकर नए विचार और संभावनाएं सामने आएंगी। उन्होंने सांसद हिमाद्री सिंह के सफल एवं गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल सांसद के लिए बल्कि पूरे शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए सम्मान और गौरव का विषय है। इस अवसर पर पार्षद पवन कुमार चीनी ने सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को सफल अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक एवं सामाजिक भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित

# नगर परिषद में अंधेर नगरी, चौपट राजा !

दिन में जल रही नगर परिषद की स्ट्रीट लाइटें
स्थाई जिम्मेदार सीएमओ फिर भी जवाबदेही शून्य

**समाज जागरण**

बकहो। नगर परिषद बकहो की कार्यप्रणाली इन दिनों सवालों के घेरे में है। दिन के उजाले में नगर परिषद की स्ट्रीट लाइटें जलती नजर आ रही हैं, लेकिन इन्हें बंद कराने और बिजली की अनावश्यक खपत रोकने की जिम्मेदारी किसकी है, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

**स्थाई जिम्मेदार सीएमओ नियुक्त, फिर भी जिम्मेदारी शून्य !**

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद में स्थाई जिम्मेदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नियुक्त हैं। इसके बावजूद यदि दिन में नगर परिषद की लाइटें जलती रहती हैं तो यह परिषद की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अधिकारी की जिम्मेदारी तय होने के बावजूद ऐसी लापरवाही कैसे जारी है। जब नगर परिषद के अपने कार्यालय के ही यह हाल हैं, तो शहर की व्यवस्थाओं का क्या हाल होगा यह सवाल अब आम नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बन रहा है। जनता की गाढ़ी कमाई की हो रही बबार्दी नगर परिषद का संचालन जनता के टैक्स और शासन से मिलने वाली राशि से होता है। ऐसे में दिन के समय अनावश्यक रूप से लाइटों का जलना सार्वजनिक धन की बबार्दी का सवाल खड़ा करता है। छोटी-छोटी लापरवाहियां लगातार जारी रहें तो इसका आर्थिक भार आखिरकार जनता पर ही पड़ता है।नगर परिषद की यह तस्वीर व्यवस्था और जवाबदेही दोनों पर सवाल खड़े करती है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर दिन में जल रही लाइटों और शाखाओं में कर्मचारियों की व्यवस्था की जांच कराते हैं या फिर जनता की गाढ़ी कमाई की बबार्दी और प्रशासनिक लापरवाही का यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

# सौता में रेत उत्खनन पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, ट्रैक्टरों को खदेड़ा

ग्रामीणों ने संगठित होकर रेत से लदे ट्रैक्टर कराए खाली, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल–कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

जयसिंहनगर/शहडोल। जिले के जयसिंहनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सौता से कथित रूप से रेत उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया है। रेत उत्खनन को लेकर ग्रामीणों में इस कदर नाराजगी देखने को मिली कि उन्होंने संगठित होकर मौके पर पहुंचकर रेत से भरे ट्रैक्टरों को रोक दिया और उन्हें खाली कराकर वापस भेज दिया। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने का दावा किया जा रहा है। वायरल वीडियो और ग्रामीणों के बीच चल रही चचाओं में आरोप लगाया जा रहा है कि गोरसा निवासी विनय नामक व्यक्ति के कथित संरक्षण/इशारे पर सौता क्षेत्र में रेत का उत्खनन कराया जा रहा था। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि उत्खनन वैध था तो ग्रामीणों को मौके पर ट्रैक्टर रोकने और रेत खाली कराने की स्थिति क्यों बनी?

**ग्रामीणों ने खुद संभाला मोर्चा, प्रशासन पर उठे सवाल**

ग्रामीणों का आक्रोश इस बात को लेकर बताया जा रहा है कि उनके क्षेत्र में रेत उत्खनन को लेकर लगातार गतिविधियां चल रही हैं और जिम्मेदार विभागों की निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा ट्रैक्टरों को वापस भेजे जाने की घटना ने स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

यदि रेत का उत्खनन नियमानुसार अनुमति लेकर किया जा रहा था, तो संबंधित वाहन और उत्खननकर्ता अनुमति संबंधी दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत क्यों नहीं कर सके? और यदि उत्खनन अवैध था, तो विभागीय अमला मौके पर कार्रवाई के लिए कब पहुंचेगा?

**सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने बढ़ाई हलचल**

घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। वीडियो में ग्रामीणों द्वारा रेत से जुड़े ट्रैक्टरों को रोकने और वापस भेजने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सौता क्षेत्र में रेत उत्खनन किसकी अनुमति से और किसके संरक्षण में किया जा रहा था। कलेक्टर साहब, अब जांच का इंतजार ग्रामीणों की ओर से अब सीधे प्रशासन से सवाल किया जा रहा है–देख लीजिए कलेक्टर साहब, आखिर सौता में रेत का खेल किसके इशारे पर चल रहा है? मामले में जिला प्रशासन और खनिज विभाग यदि निष्पक्ष जांच कराए तो यह स्पष्ट हो सकता है कि मौके पर रेत उत्खनन के लिए वैध अनुमति थी या नहीं, संबंधित वाहनों के पास परिवहन दस्तावेज थे या नहीं और वायरल वीडियो में लगाए जा रहे आरोपों में कितनी सच्चाई है। फिलहाल ग्रामीणों के विरोध के बाद ट्रैक्टरों को वापस भेजे जाने की घटना ने प्रशासन के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है–क्या ग्रामीणों को खुद अवैध उत्खनन रोकने के लिए सड़क पर उतरना पड़ेगा, या जिम्मेदार विभाग अब स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगा?

# अवैध मादक पदार्थ गांजा 03 किलो ग्राम कीमती 45000/- जप्त 01 आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर -दिनांक 10/09/26 को मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो नीले रंग का सर्ट पहना है, काले रंग का पिट्ठू बैग रखा है उक्त व्यक्ति की उम्र लगभग 35-36 वर्ष होगी उक्त व्यक्ति अपने बैग में अवैध रूप से गांजा रखा है जो रेल्वे लाइन के किनारे सब एरिया स्कूल के पीछे बने शिव मंदिर के पास बैठा है किसी का इंतजार कर रहा है यदि दबिश देकर पकड़ोगे तो मिल जायेगा। मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से मौके पर उप निरीक्षक डी. एस. बागरी, सउनि० लालमणि चौधरी, सउनि० नागेश सिंह, प्र आर 164 विकास दहायतु प्र आर 62 सुखसेन कोल को तलब कर मुखबिर सूचना से अवगत कराकर मुखबिर सूचना पंचनामा तैयार किया। संदेही जेम्स विलियम पात पिता पीटल पाल उम्र 36 साल निवासी लक्ष्मी बाई वार्ड बिलहरी जबलपुर के काले रंग के पिट्ठू बैग का तलाशी लिया गया तो उसके बैग के अंदर 03 पैकेट (मादक पदार्थ जैसा) मिले तीनों पैकेटों में खाखी रंग की प्लास्टिक पन्नी लिपटा हुआ मिला, उक्त आरोपी के कब्जे से बरामद सुदा उक्त मादक पदार्थ गांजा को पुलिस स्टाफ के मदद से अलग अलग 03 पैकेटों को खोलवाकर एक सफेद रंग की पन्नी में भरकर पुनः तौल किया गया जो कुल गांजा की मात्रा 03 किलो 16 ग्राम कीमती 45000/- रुपए पाया गया जो मादक पदार्थ को सफेद रंग के काटन कपड़ा से सुई धागा से सिलाई कर थाना चचाई के पीतल की सील चपड़ा से सील बंद किया गया उक्त आरोपी का कृत्य धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से विधिवत बताकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय अनूपपुर के समक्ष पेश करते हुए जिला जेल अनूपपुर में दाखिल किया गया है। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब (LP.S.) के व्दारा सभी थाना प्रभारियों को आपराधिक व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में अति० पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एस डीओपी नवीन कुमार तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी चचाई (निरीक्षक) फूलवती अहिर वार के नेतृत्व में उप निरीक्षक डी एस बागरी, राउनि० नागेश सिंह, तालमणि, प्र आर सुखसेन, संतोष यादव शिव प्रसाद, विकास दहायत, आरक्षक प्रकाश, निनामा के व्दारा कार्यवाही की गई है।

# नगर परिषद बरगवां अमलाई में विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण: सीएमओ श्रीमती शिवांगी सिंह बघेल ने दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण विजय तिवारी अमलाई / बरगवां:**



नगर परिषद बरगवां अमलाई की मुख्य नगरपालिका अधिकारी ( CMO ) श्रीमती शिवांगी सिंह बघेल, द्वारा नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, स्वच्छता अभियानों और निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष जोर देते हुए संबंधित ठेकेदारों और सफाई संरक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ श्रीमती बघेल, श्रीमती गीता गुप्ता अध्यक्ष, 0डा. राज तिवारी उपाध्यक्ष, निकाय के उपयंत्री श्री अंजनी प्रजापति संयुक्त रूप से नगर में निमार्णाधीन सार्वजनिक मंच के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निविदाकार (ठेकेदार) को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पश्चात, नवनिर्मित MRF (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर स्थल का निरीक्षण किया गया। सेंटर के कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए निविदाकार को नोटिस जारी किया गया है, साथ ही अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ कर इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के अगले चरण में नगर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने क्षेत्र में तैनात सफाई संरक्षकों को निर्देशित किया कि वे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने विशेष रूप से गाजर घास की कटाई करने, मच्छरों व कीटों की रोकथाम के लिए कीटनाशक का छिड़काव करने तथा नियमित कचरा उठान व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान नगर परिषद के अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# बड़ी तुम्मी के आदिवासी छात्रों का भविष्य लील गई प्राचार्य की तानाशाही

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में एक भी पंजीयन नहीं, अंतिम तिथि खत्म
प्राचार्य पर कार्यवाही की मांग

**समाज जागरण**

शहडोल - अनूपपुर जिले के आदिवासी विकासखंड पुष्पराजगढ़ के आदिवासी अंचल स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी तुम्मी में प्राचार्य की तानाशाही ने कक्षा 8वीं के 12 गरीब आदिवासी छात्रों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया है। राज्य शिक्षा केंद्र की महत्वपूर्ण योजना राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2026-27 जो कक्षा 8वीं के छात्रों के लिए आयोजित की जानी थी, उसमें बड़ी तुम्मी विद्यालय में अध्ययनरत 12 छात्रों का पंजीयन होना था, लेकिन पंजीयन न होने के कारण इन सभी छात्रों के भविष्य में अंधकार के बादल छा गए हैं। यह योजना चयनित गरीब छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति देती है। विकासखंड स्रोत समन्वयक हर प्रसाद तिवारी द्वारा 22 अगस्त 2026 को जारी प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार पडमनिया संकुल के 10 विद्यालयों ने जहाँ शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है, वहीं बड़ी तुम्मी में 12 छात्रों के लक्ष्य के विरुद्ध एक भी पंजीयन नहीं हुआ और अब अंतिम तिथि समाप्त होने से पंजीयन की कोई संभावना नहीं बची है।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रतियोगिता परीक्षा में छात्रों के पंजीयन की जिम्मेदारी संबंधित प्राचार्य के पासवर्ड लॉगिन से होनी थी, किन्तु आदिवासी छात्रों को सबक सिखाने के लिए बैठे प्राचार्य ने छात्रों का पंजीयन न कर राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में सिर्फ उन्हें बाहर का रास्ता नहीं दिखाया अपितु इन छात्रों के सुनहरे भविष्य में कील ठोंक कर उन्हें गरीबी और कंगाली की ओर ढकेल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गत वर्ष भी प्राचार्य ने एक भी पंजीयन नहीं कराया था जिसकी शिकायत आयुक्त शहडोल संभाग और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में हुई थी लेकिन शिक्षा विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की। कार्यवाही न होने से प्राचार्य के हौसले बुलंद हैं और इस वर्ष भी वही लापरवाही दोहराई गई। अब पालकों का साफ कहना है कि इस घोर लापरवाही के लिए प्राचार्य पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शिक्षा विभाग क्या करेगा, क्योंकि पिछले साल कार्यवाही न होने के कारण ही छात्रों का मनोबल पूरी तरह टूट चुका है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। लगातार दो साल से आदिवासी छात्रों को प्राचार्य की तानाशाही की कीमत चुकानी पड़ रही है। न जाने इतनी महत्वपूर्ण शासन की योजना में लापरवाही बरतने के बावजूद जिले के आला अधिकारी और राज्य स्तर के अधिकारी एक प्राचार्य के सामने बौने साबित हो रहे हैं।

# रेणुकूट-बभनी-बीजपुर मार्ग पर गड्ढों का जाल, हादसों का बढ़ा खतरा

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। रेणुकूट-बभनी-बीजपुर मार्ग पर असनहर और डूभा गांव के पास सड़क पर बने गड्ढे हादसों का कारण बन रहे हैं। इन गड्ढों और उखड़ी गिट्टी की वजह से आए दिन ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत के लिए कई बार संबंधित विभाग का ध्यान खींचा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। सड़क के बीच में बने गड्ढों में गिरकर ग्रामीण और राहगीर घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। ये गड्ढे आसपास के लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। वाहनों के अचानक गड्ढों में जाने से उनके सस्पेंसर और शॉकर टूट रहे हैं। बड़े वाहनों की कमानी भी टूट रही है। समाजसेवी भोला ने बताया कि असनहर गांव में अरुण पाण्डेय और राम चंद्र के घर के पास, साथ ही डूभा में नायरा पेट्रोल पंप के पास सड़क बहुत खराब हो गई है। ग्रामीणों में भोला, सिद्धनाथ, अरुण, बृजकिशोर चतुर्वेदी, रामचंदर और जयराम ने संबंधित विभाग को इस बारे में बताया है। लेकिन विभाग की अनदेखी से सड़क की हालत और खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से कई गांवों के लोग रोज आते-जाते हैं। इसलिए इसकी मरम्मत बहुत जरूरी है। विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर इस खराब सड़क से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सड़क की मरम्मत की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य पूनम विश्वकर्मा ने कहा कि विभाग को सड़क के बीच में बने गड्ढों को खुद संज्ञान लेकर भरना चाहिए।

# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन आयोजित, 40 टीमों ने दिखाया तकनीकी कौशल

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**



सोनभद्र। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सोनभद्र में 11 एवं 12 सितंबर को दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (SIH) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 40 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 29 सॉफ्टवेयर और 11 हार्डवेयर आधारित टीमें शामिल रहीं। इस दौरान 180 छात्र-छात्राओं ने अपने तकनीकी कौशल और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागी टीमों को विशेषज्ञों और अतिथियों ने प्रोजेक्ट को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों को नवीन और प्रभावी तकनीकी समाधान विकसित करने तथा अपने प्रोजेक्ट में आवश्यक सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। दूसरे दिन सभी प्रतिभागी टीमों के प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रशांत पांडेय ने बताया कि मूल्यांकन के बाद चयनित प्रोजेक्ट को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले के लिए अग्रसारित किया जाएगा। मुख्य अतिथि स्मृति आर. नायक, मुख्य व्यवसाय अधिकारी, अदाणी पावर ने विद्यार्थियों को नवाचार और तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नवाचार करते समय विद्यार्थियों को विषय के मूलभूत ज्ञान की विस्तृत समझ भी विकसित करनी चाहिए। संस्थान के निदेशक के. एस. वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रतिभागी विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों, समन्वयक और आयोजन टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार, तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में के. देवास नेसन, वाई. विष्णुवर्धन, संस्थापक एवं सीईओ एक्सपोसिस डेटा लैब्स तथा डॉ. अरविंद कुमार, प्रतिनिधि एक्सपोसिस डेटा लैब्स की भी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए नए विचारों के साथ तकनीकी समस्याओं के समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. अमोद कुमार तिवारी, डॉ. हिमांशु कटियार, डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. हरीश चंद्र उपाध्याय, डॉ. आशीष रंजन मिश्रा, डॉ. पीके वर्मा, डॉ. मैनेजर यादव, राम ईश्वर वैस, सिकंदर श्री और आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन आईईईई स्टूडेंट ब्रांच द्वारा किया गया।

# पोषण माह में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा, आंगनबाड़ी केंद्रों पर चित्रकारी की किताबें वितरित

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**




सोनभद्र। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जनपद के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के साथ कुपोषित बच्चों के अभिभावकों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को चित्रकारी की किताबें वितरित की गईं और उनसे चित्रकारी भी कराई गई। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों और अभिभावकों को पोषण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार देना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पोषण गोष्ठियों में गर्भवती महिलाओं को मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें गर्भावस्था के दौरान चारों एएनसी यानी नियमित प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि समय-समय पर जांच, चिकित्सकीय सलाह के अनुसार आवश्यक परीक्षण और निर्धारित समय पर टीकाकरण मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं को खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। उन्हें भोजन में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, दूध और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वास्थ्यकर्मी की सलाह के अनुसार आयरन-फोलिक एसिड समेत आवश्यक पोषक तत्वों के सेवन की जानकारी दी गई। धात्री माताओं और कुपोषित बच्चों के माता-पिता को भी बच्चों के उचित पोषण, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य निगरानी के प्रति जागरूक किया गया। अभिभावकों को बच्चों का वजन और स्वास्थ्य नियमित रूप से जांच कराने तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर तत्काल स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करने की सलाह दी गई।

पोषण माह के तहत आयोजित गतिविधियों का उद्देश्य पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, कुपोषण की रोकथाम तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सही पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर टीकाकरण अपनाकर स्वस्थ मातृत्व एवं स्वस्थ बचपन का संदेश दिया गया।

# डीएम-एसपी ने करमा थाने में फरियादियों की सुनी शिकायतें

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**




सोनभद्र। जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शनिवार को जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना करमा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ और पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान डीएम और एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर जाकर प्रकरणों की जांच करने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और फरियादियों को समय पर न्याय दिलाना प्राथमिकता है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार ने थाना चोपन और थाना अनपरा में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। वहीं, जिले के समस्त क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी अपने-अपने थानों पर मौजूद रहकर फरियादियों की शिकायतों से रूबरू हुए। समाधान दिवस में प्राप्त कुछ प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने विशेष रूप से भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण को लेकर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा गया कि भूमि विवादों के मामलों में संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे, ताकि फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और मामलों का निष्पक्ष एवं न्यायसंगत समाधान हो सके। पुलिस विभाग के अनुसार, पूर्व से 10 प्रार्थना पत्र लंबित थे, जबकि शनिवार को 14 नए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 12 का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 232 प्रार्थना पत्र पूर्व से लंबित थे। शनिवार को 71 नए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जारी आंकड़ों के अनुसार राजस्व विभाग के 133 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए शीघ्र, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि जनशिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दुद्धी के वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश्वर जायसवाल का संयुक्त अधिवक्ता महासंघ ने किया सम्मानित।

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**



सोनभद्र। दुद्धी के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विधि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जगदीश्वर जायसवाल जी का शनिवार को दुद्धी स्थित उनके निज निवास पर संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश की ओर से गरिमापूर्ण सम्मान किया गया। इस अवसर पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नोटरी अधिवक्ता राकेश शरण मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष सोनभद्र बार एसोसिएशन अमरनाथ मिश्र एवं दी सोनभद्र टैक्स बार एसोसिएशन सोनभद्र के पूर्व अध्यक्ष उमापति पांडेय ने जगदीश्वर जायसवाल जी को अंगवस्त्र, फटका, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश्वर जायसवाल के विधि के क्षेत्र में लंबे अनुभव, उल्लेखनीय योगदान एवं अधिवक्ता समाज के प्रति समर्पण की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि विधि एवं न्याय व्यवस्था के प्रति उनके योगदान का सम्मान है। ऐसे सम्मान से अधिवक्ता समाज में नई ऊर्जा का संचार होता है तथा युवा अधिवक्ताओं को वरिष्ठजनों के अनुभव एवं मार्गदर्शन से प्रेरणा मिलती है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने कहा कि संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश अधिवक्ताओं के सम्मान, अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान महासंघ की प्राथमिकताओं में शामिल है। अधिवक्ता उमापति पांडेय ने कहा कि जगदीश्वर जायसवाल जी का सम्मान विधि जगत में उनके योगदान के प्रति महासंघ की कृतज्ञता एवं सम्मान की अभिव्यक्ति है।

इस अवसर पर संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के जिला पदाधिकारी अवनीश मिश्र,महेश पांडेय, प्रदीप धर, राजेंद्र प्रसाद सहित समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे

# सीएसआर व जनसमस्याओं को लेकर समृद्धि जन कल्याण संस्थान ने एनटीपीसी रिहंद के परियोजना प्रमुख को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**

बीजपुर/ सोनभद्र। स्थानीय क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं सीएसआर से जुड़े मुद्दों को लेकर समृद्धि जन कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों ने शनिवार को एनटीपीसी रिहंदनगर पहुंचकर परियोजना प्रमुख को ज्ञापन सौंपा। संस्था ने पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर अपेक्षित कार्यवाही न होने का मुद्दा उठाते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की।

संस्था के अध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता, उपाध्यक्ष जावेद अहमद, महामंत्री महावीर सिंह गोंड एवं महासचिव अमित कुमार गुप्ता के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की सात प्रमुख मांगों को रखा गया। ज्ञापन में स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण देने की मांग की गई। संस्था ने बताया कि पूर्व में आठ लोगों के नाम एवं आवश्यक कागजात दिए गए थे तथा उन्हें कार्य पर लगाए जाने की बात कही गई थी। सड़क मार्च के बाद अपना दल के ब्लॉक प्रमुख मान सिंह द्वारा भी उक्त आठ लोगों को कार्य पर लगाए जाने की बात कही गई थी, लेकिन करीब एक वर्ष बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। इसके अलावा बीजपुर स्थित सब्जी मंडी के निर्माण एवं विकास, गांवों की खराब सड़कों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण तथा बच्चों एवं युवाओं के लिए खेल मैदान के विकास की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

संस्था ने गांधी धाम, पुनर्वास प्रथम में चल रहे सामाजिक कार्यों के लिए भी सीएसआर सहयोग मांगा। संस्था के अनुसार यहां बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, जबकि महिलाओं के लिए साक्षरता एवं सिलाई प्रशिक्षण का कार्य किया जा रहा है। इन कार्यों के संचालन एवं विस्तार के लिए सीएसआर के माध्यम से आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की गई। ज्ञापन में क्षेत्र की बिजली व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। संस्था ने मांग की कि NTPC की बिजली को UPPCL को हस्तांतरित न किया जाए। संस्था का कहना है कि इस विषय को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और समय रहते समाधान नहीं होने पर जनआक्रोश एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों की आवश्यकता है। सीएसआर के माध्यम से इन कार्यों में सहयोग मिलने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, महिलाओं और युवाओं को सीधा लाभ मिल सकता है।




संस्था ने बताया कि सीएसआर एवं जनहित के मुद्दों को लेकर इससे पहले भी तीन बार एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन को ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अपेक्षित कार्यवाही नहीं हुई। इस बार संस्था ने पूर्व के ज्ञापनों पर भी पुनः विचार करते हुए मांगों पर सकारात्मक एवं समयबद्ध कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

# जरहां न्याय पंचायत में नेटवर्क का संकट, जियो-एयरटेल की कमजोर कनेक्टिविटी से ग्रामीण बेहाल

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**



बीजपुर/ सोनभद्र। जरहां न्याय पंचायत क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। नेमना,चेतवां, जरहां, सेवकाडाड़ बीजपुर सहित आसपास के कई इलाकों में जियो और एयरटेल जैसी प्रमुख मोबाइल कंपनियों का नेटवर्क या तो बेहद कमजोर है या कई स्थानों पर पूरी तरह नदारद रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से नेटवर्क की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार कंपनियों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। मोबाइल उपभोक्ता हर महीने भारी-भरकम रिचार्ज कराते हैं, इसके बावजूद उन्हें कॉलिंग और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधाएं भी पर्याप्त रूप से नहीं मिल पा रही हैं।

जरहां मंदिर के पास किए गए लाइव नेटवर्क टेस्ट में मोबाइल पर महज एक-दो सिग्नल दिखाई दिए, लेकिन इसके बावजूद कॉल कनेक्ट नहीं हो सकी। इंटरनेट चलाने का प्रयास किया गया तो नेटवर्क की स्थिति ऐसी रही कि डेटा सेवा भी काम नहीं कर पाई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में मोबाइल उपभोक्ताओं को किस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आज के समय में मोबाइल नेटवर्क केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, सरकारी सेवाओं, नौकरी से संबंधित कार्य और आपातकालीन संपर्क के लिए बेहद जरूरी हो गया है। ऐसे में नेटवर्क नहीं होने से लोगों को कई किलोमीटर दूर जाकर मोबाइल चलाने या जरूरी कॉल करने की मजबूरी बनी रहती है ग्रामीणों ने संबंधित टेलीकॉम कंपनियों से क्षेत्र का सर्वे कराकर नेटवर्क टावर एवं कनेक्टिविटी व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है, ताकि लंबे समय से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

# कोन पुलिस ने दो अंतरजनपदीय गोतस्करों को दबोचा, सात गोवंश बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। गोतस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोन पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई की। रामगढ़ बाजार में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दो पिकअप वाहनों से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे सात गोवंश बरामद किए। इस दौरान दो अंतरजनपदीय आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। बरामद गोवंशों में छह गाय और एक बछड़ा शामिल है। पुलिस ने दोनों पिकअप वाहनों को भी कब्जे में ले लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार, 12 सितंबर को दोपहर करीब 12:25 बजे थाना कोन पुलिस टीम रामगढ़ बाजार में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो पिकअप वाहनों को रोककर जांच की गई, जिनमें सात गोवंश क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे थे। मामले में पुलिस ने बृजेश कुमार (24), निवासी मुजेहरा कला, थाना चिल्ह, जनपद मीरजापुर और संदीप राम (21), निवासी रजमला, थाना कोईरौना, जनपद संत रविदास नगर (भदोही) को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे प्रयागराज के ग्रामीण क्षेत्र भिदिउरा से गोवंशों को कम कीमत पर खरीदते थे। इसके बाद भदोही और मीरजापुर होते हुए सोनभद्र के तेलगुड़वा मार्ग से गोवंशों को गढ़वा, झारखंड ले जाकर अधिक कीमत पर बेचते थे। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए वे रास्ते बदल-बदलकर गोवंशों को ले जाते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोन में गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं 3/5ए/5बी/8 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायालय के सामने पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी बृजेश कुमार का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ थाना विंढमगंज में वर्ष 2024 में गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। इस कार्रवाई को करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक रमाकान्त पाल, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल अभिषेक यादव और कांस्टेबल अभिषेक सिंह शामिल थे।

# अधेड़ का शव फंदे से लटकता मिलने से परिजनों में मचा कोहराम

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र की डाला चौकी के लगड़ा मोड़ में शनिवार दोपहर एक अधेड़ व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। डाला पुलिस को सूचना दी गई, जिसने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ओम प्रकाश चौरसिया (55 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय



महातम, निवासी लगड़ा मोड़, ने टीन शेड के पाइप में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों ने जब फंदे से लटके शव को देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरकर परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। हालांकि, घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह मामला पहली नजर में आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और जरूरी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में दुख छा गया। क्षेत्र के लोगों ने भी इस घटना पर दुख जताया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही आत्महत्या के असली कारणों का पता चलेगा।

# भाजपा चोपन मंडल की कार्यशाला सम्पन्न, सेवा संकल्प अभियान को लेकर कार्यकताओं को दी गई विस्तृत जानकारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी चोपन मंडल की कार्यशाला शनिवार को दुर्गा मंदिर, अगोरी दुर्ग में मंडल अध्यक्ष भगवान दास केशरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा वंदेमातरम्-गान के साथ किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी कमलेश चौबे ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के आगामी सेवा संकल्प अभियान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा कार्यकताओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करता है। मंडल अध्यक्ष भगवान दास केशरी ने कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।कार्यशाला में राहुल प्रताप सिंह, विकास चौबे, धर्मेंद्र जायसवाल, विजय, धर्मशिला, मनीष तिवारी, रामप्रताप साहनी, मुकेश पाठक, सुभाष साहनी, संतोष साहनी, जगदीश प्रजापति, अनिल पाठक, लाल बहादुर, प्रदीप गिरी एवं विशाल विश्वकर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यशाला के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी कार्यकताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया तथा सभी से पार्टी के अभियानों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई।

# जमीन विवादों में मौके पर जांच कर निस्तारण के निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**



सोनभद्र। दुद्धी थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी दुद्धी अशोक कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। खासकर जमीन संबंधी विवादों में मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में जांच कर समस्या का समाधान करने को कहा। समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कुल सात प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि जमीन संबंधी मामलों में केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें। संबंधित क्षेत्र के लेखपाल और कानूनगो पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर भूमि की स्थिति का निरीक्षण करें और नियमानुसार विवाद का निस्तारण कराएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान करना है। इसलिए अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान कानूनगो राजनाथ, क्षेत्रीय लेखपाल अरुणोदय पांडेय, अरुण कुमार, हरिश्चंद्र, देव नागर, प्रभारी उप निरीक्षक मक्खन लाल सहित राजस्व और पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा ने करगरा, मीतापुर में पीडीए जन संवाद कार्यक्रम किया आयोजित

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**

सोनभद्र। करगरा मीतापुर में जन सम्पर्क अभियान चौपाल कार्यक्रम किया गया और माता बहनों की जन समस्याओं को भी सुना गया, प्रमोद यादव ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी उसी दिन से मंहगाई बढ़ाने का काम भाजपा सरकार ने शुरू कर दिया और जबकि आज पढ़े लिखे युवा बेरोजगार घूम रहे हैं दिनेश निषाद ने कहा कि भाजपा सरकार ने केवल निषाद समाज को ठगने का काम किया भाजपा सरकार अपने वादों को भूलते हुवे, आम जनमानस पर मंहगाई का चाबुक चलाकर आम जनता को परेशान किया गया भाजपा सरकार, में सबसे अधिक माता बहन परेशान हुई है, अशोक केवट ने कहा कि आज सभी जाति धर्म के लोग भाजपा सरकार से परेशान हैं पुष्पा भारती ने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर 40, हजार रुपए प्रति वर्ष सालाना माता बहनों को दिया जाएगा,300, यूनिट बिजली दिया जाएगा, इंटर पास छात्रों को लैपटॉप दिया जाएगा जिससे बच्चे और पढ़ाई कर, भाजपा सरकार पीडीए विरोधी हैं ऐसी भाजपा सरकार को हटाने का संकल्प लीजिए, इस मौके, प्रेमा भारती, कल्याणी स्वयं निषाद, जग्गू, निषाद भगत निषाद, बहादुर, राजेन्द निषाद समाज के लोग उपस्थित रहे

# सड़क हादसे में घायल शैलेन्द्र की रिम्स में मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

### एकमात्र कमाऊ सदस्य के निधन से पत्नी, बच्चों और वृद्ध मां के सामने गहराया संकट

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

हजारीबाग। हजारीबाग के अमृतनगर केसुरामोड़ के समीप 30 अगस्त को हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल तोपचांची थाना क्षेत्र के पथकडीह निवासी शैलेन्द्र कुमार पाठक (पिता स्व. महादेव पाठक) की इलाज के दौरान 11 सितंबर 2026 को रिम्स, रांची में मौत हो गई। शैलेन्द्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, एक बेटी और वृद्ध मां को छोड़ गए हैं। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य होने के कारण उनके निधन से आश्रितों के सामने आर्थिक संकट भी गहरा गया है।



जानकारी के अनुसार, 30 अगस्त 2026 को शैलेन्द्र कुमार पाठक अपनी बाइक संख्या जेएच-02बीवाई-2877 से अमृतनगर केसुरामोड़ के समीप से गुजर रहे थे। इसी दौरान विपरीत एवं गलत दिशा से आ रही कार संख्या जेएच-02एडब्ल्यू-4848 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में शैलेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान 11 सितंबर को उन्होंने दम तोड़ दिया।

बताया जाता है कि कार मेरू निवासी दीपक चौबे चला रहा था। वह बीएसएफ में सिलीगुड़ी में कार्यरत है और छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। परिजनों का आरोप है कि कार चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत दिशा में आ रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना में अन्य लोगों के भी घायल होने की बात सामने आई थी।

शैलेन्द्र की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कम उम्र में परिवार के मुख्य सहारे के चले जाने से पत्नी, बच्चों और वृद्ध मां के सामने भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन चालक के विरुद्ध उचित कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय एवं मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# जमशेदपुर में 108वां श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव 14 से, धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेला रहेगा आकर्षण का केंद्र

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर शहर में इस वर्ष श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव का 108वां वर्ष भव्य एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव समिति की ओर से आयोजित यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन 14 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, भजन, संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेला शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। समिति ने आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।





समिति की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 14 सितंबर, सोमवार को सुबह 9:30 बजे कलश स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड ज्योति का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन मुंडा उपस्थित रहेंगे। वहीं जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, आरके सिन्हा, विनोद सिंह, एनवीआर सहित कई गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। संस्था के ट्रस्टी बी. अप्पलानंद, बी. बापूजी, ए. वेंकट अप्पा राव, एम. कनक राव, वी. आनंद राव और एस. शंकर राव भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

इसी दिन शाम 6 बजे मेले का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो शामिल होंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद सुमन महतो, ईचागढ़ विधायक, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष आर. रवि प्रसाद सहित शहर के कई प्रमुख लोग मौजूद रहेंगे।

इसके बाद शाम 7 बजे संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि रात 8 बजे पूजा पंडाल का उद्घाटन होगा। पंडाल उद्घाटन समारोह में ओडिशा के पूर्व राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री लेदर के निदेशक शेखर डे सम्मानित अतिथि होंगे। इसके अलावा अशोक नाराज, पिंटू भाटिया, नंदजी प्रसाद, आत्तिक महतो, रवीन्द्र झा (नड्डू झा), दिवाकर सिंह सहित समिति के ट्रस्टी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

**15 से 29 सितंबर तक प्रतिदिन होंगे धार्मिक अनुष्ठान**

महोत्सव के दौरान 15 सितंबर से 29 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। सुबह 5:30 बजे सुप्रभात एवं वेद परायण, 7 से 8 बजे तक अभिषेकम पूजा, 9 बजे सहस्त्रनाम पूजा, 10 बजे होमम पूजा तथा सुबह 11 बजे आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम से आए पुरोहित श्री शशिभूषण शास्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न होंगे। पूजा के दौरान सुबह और शाम श्री दुर्गा नादस्वरम ग्रुप, बोब्बिली, आंध्र प्रदेश द्वारा नादस्वरम वादन किया जाएगा। इससे पूजा परिसर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहेगा।

**भजन और विशेष पूजा भी होंगे आकर्षण**

महोत्सव में धार्मिक आयोजनों के साथ भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। गुरुवार की रात 9 बजे से जलाराम भजन मंडली द्वारा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं दो शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं के लिए कुमकुम पूजा का आयोजन होगा।

शनिवार को श्री साई सेवा ऑर्गनाइजेशन की ओर से शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सोमवार को श्री शेषाद्रि कोलाटम ग्रुप द्वारा श्री ललिता सहस्त्रनाम मंत्रोच्चारण का विशेष कार्यक्रम होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गणेश पूजा महोत्सव के 108वें वर्ष को यादगार बनाने के लिए धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। समिति ने जमशेदपुर के लोगों से बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना, भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले में शामिल होकर 108वें श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

# पटना में पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ यूनियन (BEFI) का 16वां द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ के ऐतिहासिक सिन्हा लाइब्रेरी में पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ यूनियन (BEFI) बिहार प्रदेश का 16वां द्विवार्षिक अधिवेशन अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश कुमार वर्मा ने किया। मौके पर संचालन और सांगठनिक मजबूती पर विशेष मंथन किया गया। अधिवेशन में सर्वसम्मति से बैंक कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत ऊजार्वान साथी जितेंद्र कुमार यादव को बिहार प्रदेश का नया महासचिव मनोनीत किया गया। उनके उत्कृष्ट कार्यों और समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन ऑल इंडिया BEFI के




महासचिव साथी देवाशीष बसु चौधरी ने किया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के एचआरडी के मुख्य महाप्रबंधक सुमेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा, बी. प्रसाद, कांतिलाल प्रतिहार और पटना मंडल के सर्किल हेड युवराज सिंह राठौड़ ने विशिष्ट वक्ता के रूप में शिरकत की। अधिवेशन के दौरान मुख्य रूप से बैंक में कार्यरत साथियों को अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ यूनियन गतिविधियों से जुड़ने और बैंक के लाभ से वंचित कर्मचारियों को उनके हक व अधिकार दिलाने पर जोर दिया गया। वही नए नेतृत्व के तहत यूनियन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की रूपरेखा तैयार की गई। नवनियुक्त महासचिव जितेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लिया गया। इस सफल आयोजन में पूर्व महासचिव रविंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, अभय कुमार, एजीएस मुमताज आलम, रूपक कुमार, मृणाल पांडे, मनीष कुमार, मधुर खानपुरी, और किरण कुमारी सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए यूनियन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# पटना के पालीगंज व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 135 मामलों का हुआ निपटारा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें आपसी सहमति और समझौते के आधार पर विभिन्न लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। इस लोक अदालत में आपराधिक और बैंक ऋण से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के साथ सुना गया, जिससे बड़ी संख्या में मामलों का शांतिपूर्ण समाधान निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोक अदालत में कुल 135 मामलों का सफल निपटारा किया गया। जिसमे आपराधिक श्रेणी के कुल 125 चिन्हित मामलों में से दोनों पक्षों की सहमति से 14 मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया।बैंक ऋण मामले में विभिन्न बैंकों से संबंधित ऋण और वसूली के कुल 119 मामलों को सूची में रखा गया था, और इन सभी 119 मामलों का शत-प्रतिशत निष्पादन कर लिया गया। वही बैंक से जुड़े मामलों में पक्षकारों के बीच कुल 80,99,301 रुपये की समझौता राशि तय की गई। इस समझौते के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 17,14,454 रुपये की नकद वसूली भी सुनिश्चित की गई। लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निपटारे से आम जनता को अदालती चक्करों और लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से राहत मिली है। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में न्यायालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी नदीम अहमद, गैर-न्यायिक अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, तथा सहयोगी सदस्यों में मुकेश कुमार चौहान, निपु कुमारी, नाजिर चंदन कुमार, राजेश कुमार चौधरी, विनायकम कुमार और राधा कुमारी सहित कई अन्य न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने आपसी समन्वय से लोक अदालत के कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराया।

# पटना के पालीगंज में सर्पदंश से युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में छाया मातम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के ब्रह्मपुरा गांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ सर्पदंश (सांप काटने) के कारण एक 32 वर्षीय युवक की असामयिक मौत हो गई। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्रह्मपुरा गांव निवासी अर्जुन बिंद के 32 वर्षीय पुत्र उपेंद्र बिंद को बीती रात जहरीले सांप ने डंस लिया। घटना की भनक लगते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए युवक को बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर शुरूआती उपाय किए और फौरन नजदीकी अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की। हालांकि, समय पर उचित और उन्नत चिकित्सीय सहायता तथा एंटीवेनम (विष-रोधी इंजेक्शन) मिलने में हुई देरी या जहर के अत्यधिक असर के कारण युवक की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक उपेंद्र बिंद अपने परिवार का एक अहम हिस्सा थे। उनकी अचानक हुई इस दर्दनाक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस अप्रत्याशित और दुखद हादसे ने पूरे ब्रह्मपुरा गांव को झकझोर कर रख दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित गरीब परिवार के लिए उचित मुआवजे और सहायता की गुहार लगाई है।



# पटना के मसौढ़ी पीएचसी में प्रसव के बाद नवजात की मौत

### परिजनों ने किया हंगामा और लगाया लापरवाही का आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में प्रसव के बाद एक नवजात की मौत हो जाने पर जमकर हंगामा हुआ। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप




लगाया। इस दौरान अस्पताल की खिड़की के शीशे टूट गए और सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट किए जाने की बात भी सामने आई है, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नवजात के पिता गौतम कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी गुड़िया कुमारी नौ माह की गर्भवती थीं। परिजनों का दावा है कि पिछले दो दिनों से गर्भ में बच्चे की हलचल महसूस नहीं हो रही थी। जब प्रसूता को पीएचसी लाया गया, तो वहां अपेक्षित चिकित्सकीय देखरेख नहीं मिली। शनिवार की सुबह करीब 7:32 बजे बच्चे का जन्म हुआ, जो जन्म के समय से ही बेहद गंभीर स्थिति में था। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वहीं, पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामानुजम सिंह ने परिजनों के सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहले प्रसूता को अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने सिजेरियन ऑपरेशन की सलाह दी थी। लेकिन परिजन वहां से उसे पीएचसी ले आए और पूर्व में डॉक्टरों द्वारा दी गई सलाह की बात छिपाई। डॉ. सिंह के अनुसार, पीएचसी में भी सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा न होने के कारण परिजनों को प्रसूता को पीएमसीएच या अनुमंडल अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई थी और एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई गई थी। हालांकि, परिजन नहीं माने और इसी बीच प्रसव हो गया। डॉक्टरों के मुताबिक नवजात ने गर्भ में ही मेकोनियम (शिशु का पहला मल) निगल लिया था, जिससे उसकी स्थिति बेहद नाजुक थी। परिजन उसे पीएमसीएच ले जाने के बजाय निजी क्लीनिक ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने पीएचसी लौटकर हंगामा शुरू कर दिया। फिलहाल पुलिस और स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रही हैं।

# पटना के दानापुर में संदिग्ध स्थिति में मिला लापता किशोर का शव नशीले पदार्थ के ओवरडोज की आशंका

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर छावनी परिषद कार्यालय से सटे बांध किनारे रविवार की शाम पुलिस ने एक 13 वर्षीय किशोर का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान मुबारकपुर शांति नगर निवासी अमरजीत राय के पुत्र बंटी कुमार के रूप में की गई है, जो शनिवार की रात से लापता था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और अस्पताल पहुंचे परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।परिजनों के अनुसार, 13 वर्षीय बंटी कुमार शनिवार की रात करीब आठ बजे घर से निकला था। जब वह देर रात



तक वापस नहीं लौटा, तो परिवार के लोग उसकी लगातार खोजबीन कर रहे थे। इसी बीच, रविवार की शाम को सूचना मिली कि छावनी परिषद कार्यालय के पास बांध के किनारे एक बालक का शव मिला है। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान बंटी के रूप में की। जवान बेटे का शव देख परिजनों की चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल के पास से एक सिरिंज भी बरामद हुई है, जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि किशोर की मौत नशीले पदार्थ के अत्यधिक सेवन (ओवरडोज) से हुई है। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि नशीले पदार्थ का ओवरडोज लेने के कारण बंटी की जान गई है। हालांकि, मृतक के शरीर पर बाहरी जख्म का कोई निशान नहीं पाया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत के असल कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल, पुलिस मामले की सभी पहलुओं से गहनता से जांच कर रही है।

# पटना के बाढ़ में एसएसबी कमांडेंट के घर भीषण डकैती

### मां को बंधक बनाकर एक करोड़ के जेवरात और नकदी लूटे

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के एनटीपीसी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में हथियारबंद बदमाशों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एसएसबी के कमांडेंट राणा प्रिंस सिंह के घर में भीषण डकैती की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने घर में अकेली मौजूद कमांडेंट की वृद्ध मां को बंधक बनाकर मारपीट की और करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात व नकदी लूटकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिवंगत व्यवसायी धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भानू बाबू के घर शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब 11 बजे पांच से अधिक हथियारबंद बदमाश दाखिल हुए। बदमाशों ने घर की बुजुर्ग महिला तनुजा देवी के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उन्हें बंधक बना लिया और उनके साथ मारपीट की। मारपीट के बाद महिला जब अचेत हो गई, तो मृत समझकर अपराधी इत्मीनान से घर की अलमारी और बक्से तोड़कर लूटपाट करने लगे। बदमाश करीब दो घंटे तक यानी रात एक बजे तक घर में रहे और सारा सामान खंगालने के बाद फरार हो गए।वारदात के बाद किसी तरह होश में आने पर जख्मी तनुजा देवी ने शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उनकी गंभीर हालत देखकर उन्हें तुरंत बाढ़ अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। वहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें पीएमसीएच (PMCH) रेफर कर दिया गया। कमांडेंट राणा प्रिंस सिंह वर्तमान में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले की सीमा पर तैनात हैं। घटना की सूचना मिलते ही एनटीपीसी थाना पुलिस, डॉग स्क्वायड की टीम और फोरेंसिक (FSL) के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और साक्ष्य जुटाने में जुट गए हैं। एनटीपीसी थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल पीड़ित परिवार की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद ही चोरी की गई कुल संपत्ति और नकदी के सही आंकड़ों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस अपराधियों की सुरागकशी के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।



# पटना के राजीव नगर में गणपति गेस्ट हाउस पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई सेक्स रैकेट का खुलासा; चार युवतियां हिरासत में

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के राजीव नगर थाना क्षेत्र के घुड़दौड़ इलाके में स्थित 'गणपति गेस्ट हाउस' में चल रहे एक बड़े सेक्स रैकेट का पुलिस ने पदार्फाश किया है। पटना पुलिस और एसएसपी सेल की विशेष अनुसंधान इकाई (SIU) टीम ने शनिवार को संयुक्त रूप से इस गेस्ट हाउस में औचक छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से चार युवतियों और एक युवक को हिरासत में लिया है, साथ ही भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्रियां भी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, गणपति गेस्ट हाउस एक जी+4 (चार मंजिला) इमारत है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथी मंजिल तक के सभी कमरों की बारीकी से तलाशी



ली। इस कार्रवाई की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छापेमारी के दौरान दो आईपीएस रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद मौके पर पहुंचकर गेस्ट हाउस के कमरों को सर्च किया। पकड़े गए युवक और युवतियों को पूछताछ के लिए तुरंत राजीव नगर थाने ले जाया गया, जहां पुलिस यह खंगालने में जुटी है कि इस देह व्यापार के नेटवर्क में और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। पुलिस बल के पहुंचने की भनक लगते ही गेस्ट हाउस का संचालक और अन्य कर्मी पिछले दरवाजे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। उनके साथ कुछ अन्य संदिग्ध युवक भी भाग निकले। पुलिस अब फरार संचालक और कर्मियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। एसडीपीओ-2 लॉ एंड ऑर्डर सुषमा सागर ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले करीब छह महीनों से इस गेस्ट हाउस में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद एसएसपी सेल की एसआईयू टीम पिछले दो महीनों से इस ठिकाने पर लगातार नजर रखे हुए थी और आरोपियों को रंगे हाथ दबोचने की योजना बना रही थी।

शनिवार को जैसे ही पुख्ता सूचना मिली कि गेस्ट हाउस के कमरों में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं, टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर दी। तलाशी के दौरान विभिन्न कमरों से चार युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में पाई गईं। पुलिस अब इस अवैध धंधे के पूरे सिंडिकेट का पदार्फाश करने के लिए आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# पटना के बिहटा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति का कटा पैर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा रेलवे स्टेशन से महज 200 मीटर की दूरी पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस भीषण हादसे में उसका एक पैर कट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल व्यक्ति शनिवार को



बिहटा रेलवे स्टेशन के आसपास किसी काम से मौजूद था। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करने या पटरियों के करीब रहने के दौरान वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसका एक पैर बुरी तरह कट गया और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्परता दिखाई और घायल व्यक्ति को तुरंत इलाज के लिए बिहटा स्थित निजी अस्पताल (NSMCH) पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत इलाज शुरू कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान पटना जिले के ही नौबतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूपुर गांव निवासी जगदीश पासवान के रूप में की गई है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे अस्पताल के लिए रवाना हो गए।

वहीं, इस संबंध में बिहटा रेल जीआरपी थानाध्यक्ष रीना कुमारी ने बताया कि इस दुर्घटना की आधिकारिक सूचना अभी तक जीआरपी को नहीं मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की गंभीरता से जांच करेगी और घटना के कारणों का पता लगाएगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसा किस ट्रेन की चपेट में आने से और किन परिस्थितियों में हुआ है। पुलिस आगे की आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# पटना में इको पार्क के पास पेड़ की टहनी गिरने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

.पटना/ राजधानी पटना के पॉश इलाके इको पार्क के पास शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां अचानक पेड़ की एक भारी टहनी बाइक सवार के ऊपर आ गिरी। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका एक हाथ टूट गया है, जबकि पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आशीष पाठक नामक युवक अपनी बाइक से गुजर रहे थे, तभी इको पार्क के पास अचानक पेड़ की टहनी टूटकर उनके ऊपर गिर पड़ी। इस अचानक हुए हादसे से वहां अफरा-तफरी मच गई। घायल आशीष पाठक मूल रूप से खगौल के मोती चौक निवासी विजय कृष्ण पाठक के पुत्र हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पटना यातायात पुलिस की टीम ने बिना एक पल गंवाए त्वरित तत्परता दिखाई। पुलिसकर्मियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल युवक की सुधि ली और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें इलाज के लिए बोरिंग रोड स्थित उड्डयन अस्पताल पहुंचाया।

घायल युवक की इच्छा और परिजनों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। यातायात पुलिस की इस मुस्तैदी और समय पर की गई मदद से घायल को समय रहते उचित चिकित्सीय सहायता मिल सकी। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि सड़क के आसपास यदि किसी सूखे पेड़ की टहनी या अन्य कोई खतरनाक बाधा दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग या नजदीकी पुलिस को दें, ताकि किसी भी बड़े हादसे को समय रहते टाला जा सके।

# जनता दरबार में पुलिस की बेरुखी, दूसरे पक्ष की गैरमौजूदगी से गरीब फरियादी परेशान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित नियमित जनता दरबार में भूमि विवादों की सुनवाई हुई, लेकिन एक पक्ष की गैरमौजूदगी और थाना स्तर से अपेक्षित पुलिस सहयोग नहीं मिलने के कारण गरीब फरियादियों के सामने न्याय पाने की राह मुश्किल होती दिखी। जनता दरबार में एक महिला अपनी शिकायत लेकर अंचल अधिकारी राहुल कुमार के सामने पहुंची और दूसरे पक्ष के उपस्थित नहीं होने पर अपनी पीड़ा बताते हुए रो पड़ी। महिला की स्थिति ने जनता दरबार के जरिए त्वरित न्याय दिलाने की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

बताया गया कि संबंधित मामले में एक पक्ष को नोटिस भी जारी किया गया था, इसके बावजूद वह सुनवाई में उपस्थित नहीं हुआ। ऐसे में पीड़ित पक्ष के सामने सवाल है कि यदि छोटे-छोटे भूमि विवादों में भी एक पक्ष जनता दरबार में उपस्थित नहीं होता और गरीब फरियादी को न्याय के लिए अदालत का रास्ता दिखा दिया जाता है तो फिर जनता दरबार के आयोजन का उद्देश्य क्या रह जाएगा।

जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े दो नए मामले सामने आए, जबकि एक मामले का मौके पर ही निष्पादन किया गया। सुनवाई के बाद कुल 14 भूमि विवाद के मामले लंबित रहे, जिनकी अगली सुनवाई आगामी शनिवार को होगी।

**नोटिस के बाद भी नहीं पहुंचा दूसरा पक्ष**

जनता दरबार में यह भी सवाल उठा कि प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बावजूद संबंधित पक्ष सुनवाई में उपस्थित नहीं हुआ। आरोप है कि संबंधित पक्ष जनता दरबार की सुनवाई को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इसका सीधा असर उस फरियादी पर पड़ रहा है, जो अपनी समस्या लेकर प्रशासन के पास पहुंच रही है।

खासकर गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए बार-बार थाना, अंचल कार्यालय और फिर न्यायालय का चक्कर लगाना आसान नहीं है। यदि जनता दरबार में दोनों पक्षों की मौजूदगी सुनिश्चित कराकर विवाद का समाधान करने की व्यवस्था है, तो नोटिस के बावजूद अनुपस्थित रहने वाले पक्ष के मामले में प्रशासन को नियमानुसार प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

**पुलिस की मौजूदगी भी जरूरी**

भूमि विवाद के कई मामलों में राजस्व अधिकारियों के साथ पुलिस की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। विवाद की वास्तविक स्थिति, कब्जे, रास्ते, आपसी तनाव और शांति व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की जानकारी के लिए पुलिस की मौजूदगी आवश्यक है। लेकिन संबंधित थाना अध्यक्ष या पुलिस प्रतिनिधि की नियमित मौजूदगी नहीं होने की शिकायत से सुनवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं।

जनता दरबार का मकसद यही है कि आम लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए अदालतों के लंबे रास्ते पर जाने से पहले प्रशासनिक स्तर पर राहत मिल सके। लेकिन यदि एक पक्ष नोटिस के बावजूद नहीं आए और दूसरे पक्ष को न्याय के लिए कोर्ट जाने की सलाह देनी पड़े, तो जनता दरबार की पूरी अवधारणा ही सवालों के घेरे में आ जाती है।

प्रशासन को ऐसे मामलों में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नोटिस के बावजूद अनुपस्थित रहने वाले पक्षों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई हो और पुलिस-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय के साथ गरीब और कमजोर फरियादियों को त्वरित राहत मिले। तभी जनता दरबार वास्तव में आम लोगों के लिए न्याय और राहत का प्रभावी मंच बन सकेगा।

अंचल अधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि भूमि विवादों का शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नियमानुसार समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सीधे सुना जा रहा है और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का प्रयास किया जा रहा है।

# प्राकृतिक खेती और आधुनिक तकनीक अपनाकर किसान बढ़ाएं उत्पादन व आय

## शारदीय खरीफ किसान गोष्ठी-2026 में उन्नत खेती की तकनीकों की दी गई जानकारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**




किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक, प्राकृतिक खेती तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शारदीय खरीफ किसान गोष्ठी-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा, किशनगंज प्रभात कुमार ने किया।

गोष्ठी में किसानों को खरीफ फसलों में उन्नत बीज के प्रयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित उर्वरक के उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा कृषि यंत्रीकरण से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेती में वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, आच्छादन तथा प्राकृतिक कीट प्रबंधन जैसी तकनीकों की जानकारी दी गई। बताया गया कि प्राकृतिक खेती को अपनाने से खेती की लागत कम करने के साथ मृदा की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल सकती है।

जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा प्रभात कुमार ने किसानों से अपील की कि वे कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय पदाधिकारियों की सलाह के अनुरूप आधुनिक और प्राकृतिक कृषि तकनीकों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि की जा सकती है।

गोष्ठी में कृषि विभाग के पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, कर्मी, किसान सलाहकार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# नशे और बाल विवाह के खिलाफ सीमावर्ती क्षेत्र में जागरूकता अभियान

## - राहत संस्था की पहल में बीएसएफ ने भी बच्चों को किया प्रेरित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



नशे के बढ़ते प्रभाव और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राहत संस्था की ओर से बंगाल के सोलपाड़ा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 152वीं वाहिनी बीएसएफ खगड़ा के अधिकारी एवं जवान भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और स्कूली बालिकाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। राहत संस्था की सचिव डॉ. फरजाना ने कहा कि नशे की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करती, बल्कि इससे पूरा परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रभावित होता है। वहीं, बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके बेहतर भविष्य के रास्ते में बड़ी बाधा है।

उन्होंने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा से जोड़कर और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। इस दौरान ग्रामीणों एवं स्कूली बालिकाओं को नशे से दूर रहने तथा बाल विवाह का विरोध करने का संकल्प दिलाया गया।

बीएसएफ अधिकारियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए नशे से दूर रहने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक जागरूकता बढ़ाने और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए मिलकर प्रयास करने का संदेश दिया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,215 मामलों का निष्पादन, 2.20 करोड़ से अधिक की समझौता राशि तय

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान आपसी सहमति के आधार पर बड़ी संख्या में मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया।

प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने लोक अदालत की पीठों के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को पक्षकारों के हित को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार एवं उदारतापूर्वक मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ओम शंकर ने पक्षकारों से शांतिपूर्ण वातावरण में अपने मामलों का समाधान कराने की अपील की।

मामलों की सुनवाई एवं त्वरित निष्पादन के लिए कुल छह पीठों का गठन किया गया था। इनमें न्यायिक अधिकारियों के साथ पैनल अधिवक्ताओं को शामिल किया गया। इसके अलावा शहीद अशफाकउल्लाह खां स्टेडियम, खगड़ा में ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष पीठ का गठन किया गया था।

लोक अदालत में न्यायालय से जुड़े कुल 346 मामलों का निष्पादन हुआ। इनमें 246 आपराधिक शमनीय मामले, 97 विद्युत विभाग के मामले, दो श्रम विवाद तथा एक चेक बाउंस का मामला शामिल रहा।

बैंक ऋण एवं फाइनेंस से जुड़े 643 मामलों का निपटारा करते हुए 2 करोड़ 20 लाख 95 हजार 223 रुपये की समझौता राशि तय की गई। टेलीफोन बिल से संबंधित 30 मामलों का भी निष्पादन किया गया, जिसमें 55 हजार 979 रुपये की समझौता राशि तय हुई। वहीं, शहीद अशफाकउल्लाह खां स्टेडियम, खगड़ा में आयोजित विशेष पीठ के माध्यम से ट्रैफिक चालान से संबंधित 196 मामलों का भी निपटारा किया गया।

इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,215 मामलों का निष्पादन किया गया। पक्षकारों की सुविधा के लिए परिसर में विभिन्न स्थानों पर सहायता केंद्र बनाए गए थे तथा प्रत्येक पीठ में एक-एक अधिकार मित्र की प्रतिनियुक्ति की गई थी। ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों के पक्षकारों की सहायता के लिए स्टेडियम परिसर में भी सहायता केंद्र बनाया गया था, जहां पारा विधिक स्वयंसेवक की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं व्यवहार न्यायालय, किशनगंज के कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# गुप्त सूचना बनी नशे के सौदागरों पर आफत, घर से निकला नशे का बड़ा जखीरा

## "SSB-ANTF और गलगलिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 507 ग्राम ब्राउन शुगर, 814 ग्राम संदिग्ध एम्फेटामिन के साथ देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस बरामद"

**समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया (किशनगंज)। 41वीं वाहिनी रस्ड, रानीडांगा के इंटेलिजेंस सेटअप एवं बिहार पुलिस की एंटी-नारकोटिक टास्क फोर्स (ANTF) से प्राप्त विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में संदिग्ध मादक पदार्थ, एक देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किया है। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया है।

गुप्त सूचना के बाद SSB की कंपनी भातगांव, कंपनी निमुगुड़ी, ANTF किशनगंज एवं गलगलिया थाना पुलिस की संयुक्त विशेष टीम गठित कर गलगलिया थाना क्षेत्र के लाकड़ी डिपो इलाके में छापेमारी की गई। यह स्थान भारत-नेपाल सीमा के BP No. 102/3 से करीब 550 मीटर भारतीय क्षेत्र के अंदर स्थित है।

शनिवार की सुबह टीम ने मोहम्मद हाशिम (57), पिता मोहम्मद मनीर, के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान टीम को बड़ी मात्रा में संदिग्ध मादक पदार्थ एवं हथियार बरामद हुए।



**क्या-क्या हुआ बरामद**

- 507 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर
- 814 ग्राम सफेद पाउडरनुमा पदार्थ, संदिग्ध एम्फेटामिन (MDMA)
- एक देसी निर्मित पिस्तौल, बिना मैगजीन
- एक जिंदा कारतूस
- एक मोबाइल फोन

बरामद संदिग्ध पदार्थों की DD किट से प्रारंभिक जांच की गई, जिसमें दोनों पदार्थों के ब्राउन शुगर एवं MDMA (एम्फेटामिन) होने के संकेत मिले हैं। हालांकि पदार्थों की अंतिम पुष्टि संबंधित विधिवत जांच के बाद ही होगी।

**दो लोगों को लिया गया हिरासत में**

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मोहम्मद हाशिम (57 वर्ष), निवासी लाकड़ी डिपो, गलगलिया तथा रुकसार खातून (30 वर्ष), पत्नी मोहम्मद तबरेज, निवासी छानू टोला, भटगांव, गलगलिया को हिरासत में लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में हिरासत में लिए गए लोगों ने कथित तौर पर बताया कि संदिग्ध ब्राउन शुगर उन्हें गलगलिया बाजार में एक अज्ञात व्यक्ति से प्राप्त हुआ था।

बरामद सभी सामान एवं दोनों हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गलगलिया थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा मादक पदार्थों के स्रोत और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# छठे दिन भी चला नगर प्रशासन का बुलडोजर, नाले पर बनी पक्की सीढ़ियां तोड़ीं

## अतिक्रमणकारियों पर 20 हजार रुपये जुमार्ना, स्वयं अतिक्रमण हटाने की सख्त हिदायत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



शहर को जाम और अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए नगर प्रशासन का अभियान लगातार छठे दिन भी जारी रहा। जिलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को नगर परिषद की टीम ने शहर के अतिअतिक्रमित इलाकों में अभियान चलाकर सड़क, नाला और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया।

दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी स्वरूपम राज के नेतृत्व में डे मार्केट से गांधी चौक, नेमचंद रोड, चांदनी चौक होते हुए भगत टोली रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान कई स्थानों पर नालों के ऊपर पक्की सीढ़ियां एवं अन्य स्थायी निर्माण कर रास्ता बाधित किया गया था। ऐसे निमार्णों को मौके पर ही जेसीबी की मदद से तोड़कर समतल कराया गया।

अभियान के दौरान कई अतिक्रमणकारियों से जुमार्ना भी वसूला गया। शनिवार को कुल 20 हजार रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। नगर प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि वे स्वयं अपने स्तर से अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नगर प्रशासन द्वारा दोबारा अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अभियान में नगर परिषद के विधि प्रशाखा प्रभारी कमलेश कुमार, राकेश रामदास, राजेश साह, राजेश कुमार, अविनाश कुमार, धीरज कुमार, अमरजीत पासवान, अजय भगत, कमल सिंह सहित राजस्व कर्मी, वार्ड जमादार, स्वच्छता साथी एवं बड़ी संख्या में सफाई कर्मी मौजूद थे।

नगर प्रशासन का कहना है कि शहर को जाम से मुक्त कराने और सार्वजनिक सड़कों व नालों को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ट्रक में पीछे से घुसी तेज रफ्तार कार, दो की मौत, दो गंभीर

## टीटिहा पुल के पास NH पर हुआ हादसा, कार के उड़े परखच्चे; सभी सवार मेरठ के बताए जा रहे

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

कोचाधामन थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा टीटिहा पुल के समीप उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कार में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



प्रारंभिक जांच में पुलिस के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी। टीटिहा पुल के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार आगे चल रहे ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के कारण कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

कोचाधामन थानाध्यक्ष इजहार आलम ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। पुलिस मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया पूरी कर रही है।

सूचना मिलने के बाद कोचाधामन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस हादसे के कारणों के साथ-साथ दुर्घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया कार की ट्रक में पीछे से टक्कर होने की बात सामने आई है।

# शिक्षिका ने युवक पर लगाया जबरन शारीरिक संबंध और ब्लैकमेलिंग का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना में एक महिला शिक्षिका ने माली थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत के लोकनाथ गांव निवासी मुकेश कुमार पांडेय पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता ने माली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि आरोपी पिछले करीब तीन महीनों से उसे परेशान कर रहा था। आरोप है कि आरोपी उसकी तस्वीरों और वीडियो को एडिट कर ब्लैकमेल करता था और जान से मारने की धमकी देता था। शिक्षिका का आरोप है कि 25 जुलाई और 16 अगस्त 2026 को आरोपी ने उसे ताराचंडी मंदिर के समीप स्थित एक होटल में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और फोटो-वीडियो बना लिया। वहीं 30 अगस्त को रक्षाबंधन के बाद घर लौटने के दौरान भी धमकी और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया गया है।इस मामले में माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि शिक्षिका के आवेदन पर पुलिस ने थाना कांड संख्या 173/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं और साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है।

# अलग अलग थाना क्षेत्रों से देशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 40 बोतल टनाका देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान खैरा गांव निवासी राजू कुमार के रूप में हुई है।वहीं दूसरी ओर नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र में लेबर कॉलोनी के समीप से 30 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। हालांकि पुलिस को देख तस्कर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने शराब जप्त कर दोनों मामलों में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पटना में 25 हजार का इनामी अपराधी सुदामा सिंह गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ बिहार की राजधानी पटना में एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने पटना जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश सुदामा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी 11 सितंबर 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर बिहटा (अमहरा) के लई चौक (ओपी) क्षेत्र में की गई। आरोपी मूल रूप से सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र स्थित धेनुकी गांव का रहने वाला है और वर्तमान में पटना के रूपसपुर स्थित आदर्श कॉलोनी, रुकनपुर में रह रहा था। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी सुदामा सिंह ने जमीन की खरीद-बिक्री के नाम पर 'कबीर कॉलोनाइजर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड' नामक एक फर्जी रियल एस्टेट कंपनी बनाई थी। इस कंपनी की आड़ में उसने कई भोले-भाले लोगों को सस्ते प्लॉट या जमीन दिलाने का झांसा दिया और उनसे लाखों रुपये ऐंठ लिए। पुलिस पिछले काफी समय से इस शातिर ठग की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधी सुदामा सिंह के खिलाफ पटना के कोतवाली थाने में भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 406, 420 और 120(बी) के तहत कांड संख्या 342/24 दर्ज था। इसके अलावा, कोतवाली थाने में ही उसके खिलाफ एनआई एक्ट और धोखाधड़ी से जुड़े अन्य मामलों सहित कुल 6 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी को शहर में जमीन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों के खिलाफ एक बड़ा शिकंजा माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस कार्रवाई से रियल एस्टेट धोखाधड़ी में संलिप्त अन्य अपराधियों पर भी नकेल कसेगी और पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद बधेगी।

# पटना के बिक्रम में औचक निरीक्षण में बंद मिला आपूर्ति कार्यालय

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिक्रम प्रखंड कार्यालयों में कर्मचारियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने और लापरवाही की शिकायतों के बीच शनिवार को बीस सूत्री अध्यक्ष अभिषेक रंजन उर्फ मोंटी ने बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं प्रखंड आपूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कई बड़ी अनियमितताएं सामने आईं, जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने शनिवार को करीब 10:35 बजे पूर्वाह्न में इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाल विकास परियोजना कार्यालय में मात्र दो कर्मचारी ही उपस्थित मिले, जबकि प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में मुख्य दरवाजे पर ताला लटका हुआ पाया गया। समय पर कार्यालय बंद मिलने और कर्मचारियों की गैर-मौजूदगी पर गहरी नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष ने इसकी पूरी जानकारी जिलाधिकारी को दी है। अध्यक्ष ने औचक निरीक्षण के दौरान जियो-ट्रैकिंग के माध्यम से लिए गए साक्ष्य और फोटो के साथ जिलाधिकारी को लिखित शिकायत भेजी है। उन्होंने मांग की है कि कार्यालयों में समय पर उपस्थित नहीं रहने वाले लापरवाह कर्मचारियों से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा जाए तथा उनका एक दिन का वेतन काटा जाए ताकि प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार हो सके। इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना कुमारी ने दावा किया कि निरीक्षण के समय कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे। वहीं, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सुमन ने अपनी सफाई में कहा कि वर्तमान में राशन कार्ड में नाम जोड़ने का विशेष कार्य लगातार चल रहा है, जिसके तहत कार्यालय निर्धारित अवधि तक सुचारू रूप से खुला रहता है। इस औचक निरीक्षण के बाद प्रखंड क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति और समय-पालन को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, तो आम जनता को छोटे-छोटे कामों के लिए बेवजह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।